सुप्रभात
रांची, मंगलवार
07.11.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 116



### न्यूज डायरी

#### मिजोरम और छत्तीसगढ़ में आज डाले जायेंगे वोट

**नयी दिल्ली ।** मिजोरम विधानसभा की सभी 40 सीटों और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले चरण की 20 सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। छत्तीसगढ़ के सभी सीटें नक्सल प्रावित इलाकों में हैं। चुनाव से कई दिन पहले ही नक्सली बस्तर संभाग के अलग-अलग इलाकों में चुनाव के बहिष्कार के पर्चे लगा चुके है।

#### दुमका में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**दुमका।** जरमुंडी थाना क्षेत्र के दुमका जसीडीह रेल खंड पर सोमवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। युवक का सर धड़ से अलग क्षत-विक्षत हालत में पटरी पर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। युवक की पहचान बासुकीनाथ निवासी दिलीप कुमार राव (45) के रूप में हुई, जो बासुकीनाथ में स्टैंड किरानी का काम करता था। इसी दरमियान घटना की जानकारी मिलते ही जरमुंडी पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

#### खादी बोर्ड में 10 लाख का गबन, मामला दर्ज

**रांची।** झारखंड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में 10 लाख रूपया गबन करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर सोमवार को रांची कार्यालय के निरीक्षक दीनदयाल शर्मा ने सुखदेवनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है विभूति कुमार राय को आरोपी बनाया गया है। वह जमशेदपुर शाखा में प्रबंधक के तौर पर पदस्थापित हैं। राशि का गबन चार बार में हुआ है। इसकी भी जानकारी पुलिस को दी गयी है। सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### बांग्लादेश ने श्रीलंका को 3 विकेट से हराया

**नयी दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गये वर्ल्ड कप के लीग मैच में बांग्लादेश ने श्रीलंका पर 3 280 रनों के लक्ष्य को बांग्लादेश ने 41.1 ओवर में 282 रन बनाकर हासिल कर लिया। बांग्लादेश की ओर से नजमुल हुसैन शान्तो ने 90 और शाकिब अल हसन ने 82 रनों की पारी खेली। श्रीलंका की पूरी टीम 49.3 ओवर में 279 रन के स्कोर पर सिमट गयी थी।

#### फेसबुक पर स्टेटस डालकर प्रेमी जोड़े ने की आत्महत्या

मेदिनीनगर(पलामू)। पड़वा थाना क्षेत्र के अमानत नदी स्थित रेलवे पोल संख्या 294/9 व 294/11 के बीच रेलवे लाइन के बीच से युवक-युवती का शव सोमवार बरामद किया गया। शव क्षत विक्षत था। रेल लाइन मैन ने बताया कि घटना की जानकारी रेल ड्राइवर ने कजरी स्टेशन को दी थी। युवक ने फेसबुक पर खुदकुशी का स्टेटस डाला था। जिसमें लिखा था कि वे आत्महत्या करने जा रहे हैं। कोई उनकी खोजबीन अब न करे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## नगाड़ा बजा सीएम ने किया अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान का शुभारंभ

# अधिकारी कार्यशैली बदलें काम की समीक्षा होगी : हेमंत



### क्या बोले मुख्यमंत्री

- वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी हुई
- अब मिशन मोड में होगा वनपट्टे का वितरण
- अफसर कार्यशैली बदल कर उदाहरण पेश करें
- सरकारी दफ्तरों के पास हरियाली बनाये रखें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। सीएम सोरेन ने कहा कि अधिकारियों को अपनी कार्यशैली सुधारनी होगी। मुझे लगता है कि कोई भी कार्य आप सभी अधिकारी ने अगर आज ठान लिया तो वह पूर्ण नहीं होगा ऐसा हो ही नहीं सकता है। सीएम सोमवार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से आयोजित वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियों के बाद आज हमारी सरकार वन अधिकार अधिनियम को एक मुहिम के तौर पर शुरू कर रही है। इस मुहिम के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी एवं मूलवासी समुदायों के बीच बड़ी संख्या में वनपट्टा का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम व अन्य अधिकारियों ने नगाड़ा वादन कर अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।

**कार्यशैली बदलें, गंभीरता से काम करें** : इस मौके पर सीएम ने अधिकारियों की कार्यशैली से काफी नाराजगी दिखायी। उन्होंने अभियान को आप सभी गंभीरता से लें, नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सरकार को बेवकूफ बनाने का काम बंद करें। अपनी ही सरकार के अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज सीएम ने उन्हें फटकार भी लगायी। (शेष पेज 11 पर)

### अन्य राज्यों से अलग है झारखंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। झारखंड की संस्कृति, सभ्यता और शिष्टाचार की अलग पहचान है। आदिवासी समुदाय के लोग काफी सहनशील और सरल है। आदिवासी समाज कभी भी पेड़ों को नुकसान नहीं पहुंचता। राज्य में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जो कार्य बहुत पहले होना चाहिए था नहीं हुआ। उस कार्य की शुरुआत आज हमारी सरकार अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के रूप में कर रही है।

### परस्पर टकराव संभव, ध्यान दें

सीएम ने कहा कि इस राज्य के भौगोलिक और इस राज्य के अंदर चल रहे विकास की गतिविधियां आने वाले दिनों में एक दूसरे से परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न करेगा। वर्तमान में जो खेती योग्य जमीन है उसमें भी कोयला निकाला जा रहा है। आज नहीं तो कल वह खनिज संपदा समाप्त होगी। खनन कंपनियां खनिज संपदा निकालकर ऐसी स्थिति में छोड़ेंगे जिसकी व्याख्या करना मुश्किल है। जो किसान विस्थापित हो रहें है उसका अस्तित्व रहेगा कि नहीं। जहां आज धान की खेती हो रही है, क्या खनन कार्य के बाद उस जमीन पर फिर से वैसी ही खेती हो पायेगी, हमें इस और भी ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर मौके पर सीएम ने इस अभियान की सफलता के लिए अभियान का लोगो- टी शर्ट, मोबाईल एप एवं वेबसाइट, अभियान संसाधन तथा प्रचार सामग्री का उदघाटन किया। अभियान के उद्देश्य को लेकर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह एवं विभागीय सचिव राजीव अरुण एक्का ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने किया।

## मेरू में नव आरक्षकों का आकर्षक दीक्षांत परेड



हजारीबाग के बीएसएफ सेंटर मेरू के रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में नव आरक्षकों ने आकर्षक दीक्षांत परेड से सबका मन मोह लिया। सोमवार को इस मौके पर 480 नव आरक्षकों को संविधान की रक्षा के लिए समर्पित होने और राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ दिलायी गयी।

# इडी अब जेल अधिकारियों से करेगी पूछताछ

## अधीक्षक, जेलर और क्लर्क को सात, आठ व नौ को बुलाया

### अफसरों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** इडी अधिकारियों ने रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक, जेलर और क्लर्क को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। अधीक्षक हामिद अख्तर को 9, जेलर नसीम को 8 = और क्लर्क दानिश को 7 नवंबर को इडी के दफ्तर में हाजिर होने का नोटिस दिया गया है। झारखंड में जमीन घोटाला, अवैध खनन समेत कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच से जुड़े इडी के अधिकारियों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश जेल में रची जा रही थी। इन अधिकारियों पर जेल में बंद आरोपियों से मिली भगत का है भी आरोप है। इसी संदर्भ में उनसे पूछताछ की जानी है।

इडी रांची जेल से एजेंसी के अफसरों के खिलाफ साजिश रचे जाने और गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में जेल अधीक्षक हामिद अख्तर, जेलर नसीम खान और क्लर्क दानिश को इडी ने सोमवार को समन जारी कर पूछताछ के लिए एजेंसी के दफ्तर हाजिर होने को कहा है। इडी की जांच में तीनों जेल अधिकारियों की भूमिका सर्वाधिक संदेहास्पद पायी गई है। तीनों जेल अधिकारियों से पूछताछ के बाद करीब आधा दर्जन अन्य अफसरों और कर्मियों से भी इडी पूछताछ करेगी।

**इडी ने जुटाये थे कई साक्ष्य :** इडी अधिकारियों ने कोर्ट से आदेश ले कर गत दिनों जेल में छापामारी कर एजेंसी के अफसरों के खिलाफ रची जा रही थी साजिश के कई साक्ष्य जुटाये। एजेंसी के अफसरों के खिलाफ साजिश रचे जाने और गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में जेल अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध पायी गयी। साजिश में अवैध खनन और जमीन घोटाले में शामिल प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल समेत अन्य कैदियों की भूमिका थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, जेल में बंद आरोपियों को जेल प्रशासन के द्वारा भी मदद पहुंचायी जा रही थी। बंद आरोपी आइ फोन के फेस टाइम एप के जरिये बाहर के लोगों के संपर्क में थे।

### किसको कब बुलाया गया

जेल अधीक्षक हामिद अख्तर - 09 नवंबर । जेलर नसीम - 08 नवंबर। क्लर्क दानिश - 07 नवंबरष तीनों जेल अफसरों को दिन के 11 बजे एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होना है।

# वेटनरी विवि की स्थापना शीघ्र : बादल

## आदर्श अस्पताल व वीडियो कॉल बेस्ड टेलीमेडिसीन का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखंड में वेटरिनरी यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रयाश शुरू हो गया है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। इसके लिए बजट उपबंध भी कर लिया है। उक्त बातें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आदर्श हॉस्पिटल एवं वीडियो कॉल बेस्ड टेलीमेडिसीन सेंटर के उद्घाटन के दौरान कही। बादल ने कहा कि सरकार सरकार में सिस्टम से लेकर रिस्पॉन्स तक सब कुछ बदल रहा है। विभाग को हमने संवारने का काम किया है। राज्य में ऐसे पशु चिकित्सालय की सख्त जरूरत महसूस की जा रही थी और इसका शुभारंभ कर दिया गया है। उन्होंने राज्य भर से आये पशु चिकित्सकों, पशु पालकों व पशु सखियों को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के दौरे के बाद हमें ये महसूस हुआ कि कृषि पशुपालन के क्षेत्र में हम काफी पीछे हैं। सवाल तो यह भी है कि आखिर कब तक हम केरल का उदाहरण देते रहेंगे।



हमें भी अपने राज्य में समृद्ध किसानों, समृद्ध पशुपालकों की परिकल्पना को साकार करने के काम तो करना ही होगा।

**23 जिलों में अस्पतालों का कायाकल्प होगा :** मंत्री ने कहा कि हमारे यहां प्रतिभाएं हैं, न्यूनतम संसाधनों में बेहतर काम करने वाले पशु चिकित्सक हैं, जो उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं, ये हमारे लिए बड़ी बात है। (शेष पेज 11 पर)

### उत्तर भारत में फिर डोली धरती, केंद्र था यूपी

**नयी दिल्ली/काठमांडू।** उत्तर भारत में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। इसका असर नेपाल तक भी रहा। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप का केंद्र उत्तर प्रदेश के अयोध्या से 233 किलोमीटर उत्तर में था। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गयी। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई लोगों ने फर्नीचर के बहुत तेजी से हिलने लगे। पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट जिले और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार को 5.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। गौरतलब है कि नेपाल के इसी इलाके में गत शुक्रवार को आए भूकंप में 160लोग मारे गए थे। भूकंप से हताहत या क्षति की तत्काल जानकारी नहीं मिली है। दिल्ली एनसीआर में सोमवार को 4.16 भूकंप के झटके महसूस किये गये।

# रांची में बने पूर्वी भारत के सबसे बड़े तितली पार्क का आज उद्‌घाटन

## 88 से अधिक प्रजातियों की रंग-बिरंगी तितलियां यहां हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में विकसित ओपन एयर बटरफ्लाई पार्क (खुला तितली उद्यान) सैलानियों मंगलवार को खुल जायेगा। पूर्वी भारत का सबसे बड़ा बटरफ्लाई पार्क है। इसका लोकार्पण 7 नवंबर को होगा। यहां 88 से अधिक प्रजाजियों की रंग-बिरंगी तितलियां मौजूद हैं। यह उद्यान एक्वैरियम के ठीक सामने 20 एकड़ भूमि पर विकसित किया गया है। इनके भोजन के लिए होस्ट एवं नेक्टर प्लांट लगाये गये हैं। वहीं करीब 800 वर्गफीट का कंजर्वेटरी बनाया गया है।

**2 करोड़ की लागत से निर्माण :** तितलियों के प्रजनन के लिए कई नर्सरी भी विकसित की गयी है, जहां तितलियां लार्वा और अंडे दे रही हैं। बिरसा जैविक उद्यान के निदेशक ने बताया कि उद्यान के विकास पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं। यहां सैलानियों के लिए सेल्फी प्वाइंट सहित कई तरह की सुविधाएं हैं। चिड़ियाघर प्राधिकरण झारखंड में पाई जाने वाली अधिकांश प्रजातियों जैसे ट्वनी कोस्टर, सार्जेंट, बुश ब्राउन, बैरोनेट, प्लेन टाइगर, लेमन पैंसी, कॉमन सेलर और अन्य को उद्यान में रखने की कोशिश करेगा। तत्कालीन सीएम रघुवर दास ने 29 जून, 2017 को उद्यान का शिलान्यास किया था। (शेष पेज 11 पर)



# विश्व में लगातार दूसरे दिन दिल्ली सबसे प्रदूषित शहर

## 13 से 20 तक ऑड इवन रूल समेत कई सख्ती लागू

### चिंता बढ़ी, पहाड़ों की ओर लौटने लगे लोग, स्कूलें बंद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को लगातार पांचवें दिन एक्यूआइ 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आइक्यू एयर' द्वारा जारी की गयी सूची के मुताबिक सोमवार को भी दिल्ली विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में टॉप पर बरकरार रहा। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई शहरों की हवा इन दिनों बेहद ही जहरीली हो गयी है। ऐसे में लोग पहाड़ों और ग्रामीण इलाकों का रुख कर रहे हैं। राजधानी दिल ली में 13 से 20 नवंबर तक ऑड इवन रूल लागू होगा। आवश्यक होने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। बीएस 3 व 4 के चलने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। वहीं इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर, दिल्ली में रजिस्टर्ड लाइट कॉमर्शियल वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी गयी है। प्रथमिक स्तर तक के स्कूल पहले ही बंद थे। अब 10वीं और 12 वीं की को छोड़कर सभी कक्षाएं बंद रहेंगी। सिर्फ ऑनलाइन क्लासेस चलेंगी। (शेष पेज 11 पर)



### दुनिया के प्रदूषित शहरों में कोलकाता तीसरे नंबर पर

भारत समेत दुनिया के अलग-अलग शहरों में लोगों को वायु प्रदूषण की वजह से सांस लेने में तकलीफ का सामना कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई शहरों की हवा इन दिनों बेहद ही जहरीली हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आईक्यू एयर' द्वारा जारी की सूची के मुताबिक सोमवार को भी सबसे प्रदूषित शहरों की सूची दिल्ली पहले स्थान पर रही। लाहौर दूसरे, कोलकाता तीसरे, ढाका चौथे नंबर, शेनयांग (चीन) पांचवें और मुबंई छठे स्थान पर है। इन छह शहरों का एक्यूआइ क्रमश: 440, 371, 194, 192 और 182 दर्ज किया गया। दरअसल आइक्यू एसय, एक्यूआइ को पीएम 2.5 के आधार पर आईक्यू एयर विश्व के प्रदूषित शहरों की मॉनिटरिंग करता है।

## पीएलएफआइ के छह उग्रवादी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूलने के उद्देश्य से बनाये गये ब्लैक टाइगर नामक आपराधिक गिरोह के केथित कमांडर अमन खान, मो उमर सहित छह उग्रवादियों को पुलिस ने रविवार को रनिया थाना क्षेत्र के बनई टोली के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से हथियार आदि भी बरामद किए गए हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि पांच नवंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूलने की नीयत से संगठन के कुछ उग्रवादियों ने ब्लैक टाइगर नामक अपराधिक गिरोह बनाया है।

# अबुआ बीर अबुआ दिशोम में वन पट्टा वितरण पर फोकस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अब हमारी सरकार की अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के तहत वनपट्टा वितरण पर विशेष फोकस है। उन्होंने कहा कि वनपट्टा देने के अभियान पर फोकस नहीं करेंगे तो कुछ माफिया लोग फिर जंगलों में घुसकर पेड़ की धड़ल्ले से कटाई करेंगे। सीएम ने कहा- आदिवासी समाज कभी भी पेड़ों को नुकसान नहीं पहुंचता। आदिवासियों में जंगलों को बचाने की क्षमता है। उसे पता है यही उसका जीवन है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यालय परिसरों तथा आवासीय परिसरों पर वृक्षारोपण कर हरा-भरा करें। सीएम सोमवार को अबुआ बीर दिशोम अभियान 2023 के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे।

**वन अधिकार के प्रति पूर्व की सरकार गंभीर नहीं रही :** सीएम ने कहा कि हमारे पूर्ववती सरकारों ने वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की गंभीरता पर ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अगर हम आज इस मुहिम पर ध्यान नहीं दिये होते तो कुछ वर्षों बाद फॉरेस्ट राइट एक्ट के विषय में चर्चा करने की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि इतने गंभीर विषय को ठंढे बस्ते पर डालने का प्रयास किया गया था। सीएम ने कहा कि झारखंड में 30 प्रतिशत वन क्षेत्र है। जंगल-झाड़ मिलाकर देखें तो यह 50 प्रतिशत के करीब है। यहां के 80 प्रतिशत लोग खेती-बाड़ी पर ही निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों को देखें जहां आदिवासियों की बहुलता कम है, लेकिन वहां पर अधिकार के तहत वन पट्टों का वितरण निमित बेहतर कार्य हुआ है।

**अधिकारी जंगल बचाने पर विशेष ध्यान दें :** सीएम ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाकर वनों को बचाने के प्रति विशेष कार्य करें। आप सभी अधिकारी कार्यों के प्रति ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करें। अगर हम सभी लोग एक मजबूत कार्ययोजना बनाकर अभियान के उद्देश्य को पूरा कर लेते हैं तो आने वाले समय में जंगलों के अतिक्रमणकारी नजर नहीं आएंगे। 10 साल बाद अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान का बेहतर परिणाम देखने को मिल सकेगा। इस अवसर पर प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, राजस्व सचिव अमिताभ कौशल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, जिलों के उपायुक्त, वन अधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भाजपा नेताओं ने तैयारी को लेकर खूंटी में की बैठक

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खूंटी जनसभा को ऐतिहासिक बनायेंगे : कर्मवीर सिंह

**भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा- नमो पहले पीएम जो धरती आबा के जन्मस्थान पर जायेंगे**



प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बैठक करते भाजपा नेता।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा है कि पीएम नमो की 15 नवंबर की खूंटी की जनसभा को ऐतिहासिक बनायेंगे। श्री सिंह सोमवार को खूंटी में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास, उनके मान सम्मान के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने झारखंड के धरती पुत्र महान शहीद भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिये उनके जन्म स्थान उलिहातु पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के गौरव, कल्याण एवं उनके मान सम्मान केलिये भाजपा कितनी संकल्पित और समर्पित है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अटल के नेतृत्व में उनकी जयंती पर राज्य का गठन किया और अब मोदी सरकार ने उनकी जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर की खूंटी में भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने जनसैलाब उमड़ पड़ेगा। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने केलिये उत्साहित है। मालूम हो कि 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उलिहातू पहुंच रहे हैं। जहां वे बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री खूंटी में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

आयोजित बैठक में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, कोचे मुंडा, समरी लाल, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, मुनेश्वर साहू,रीता मिश्रा, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, राजीव रंजन मिश्र, रमेश सिंह, शोभा यादव, राजश्री जयंती, राजेंद्र केसरी, केके गुप्ता आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने एवं धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण बड़ाइक ने किया।

## मुख्यमंत्री ग्राम्य सड़क योजना

# हर विधायक को सड़क मरम्मत के कम से कम चार पैकेज की स्वीकृति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के विधायकों को मुख्यमंत्री ग्राम्य सड़क योजना से चार-चार पैकेज स्वीकृत किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग ने सभी विधायकों को सड़क मरम्मत की योजना इस बार स्वीकृत कर रहा है। प्रत्येक विधायक को अधिकतम 30 करोड़ रुपए तक की योजना की स्वीकृति दी जा रही है, इसमें यह प्रयास हो रहा है कि चार-चार पेकेज में छोटे-छोटे रोड की मरम्मत के लिए काम जारी किया जाये।

जैसे-जैसे डीपीआर स्वीकृत हो रहा है वैसे-वैसे योजना स्वीकृत की जा रही है। इस बार करीब 1200 करोड़ रुपये सिर्फ मरम्मत के काम में खर्च किया जाना है। जिनकी पैकेज की स्वीकृति मिल गयी है उसका टेंडर फाइनल करने का काम अब शुरू हुआ है। राज्य में एक माह से अभियंता प्रमुख नहीं थे, लेकिन दो दिन पहले ही सिंगराय टूटी को इसका अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ऐसे में अब पांच करोड़ से उपर की निविदा को जल्द फाइनल किया जायेगा।

**चीफ इंजीनियर का पद रिक्त :** ग्रामीण कार्य विभाग में इधर चीफ इंजीनियर का पद भी रिक्त हो गया है। राजीव लोचन के रिटायर होने के बाद से यह पद खाली है। पथ निर्माण विभाग अब जल्द ही इस पद के लिए सेवा ग्रामीण कार्य विभाग को देगा। इसमें लगभग एक सप्ताह का समय लगेगा। चीफ इंजीनियर पांच करोड़ से कम की लागत वाले निविदा को फाइनल करते हैं। ऐसे में फिलहाल यह काम रूका हुआ है।

## भ्रष्टाचार के आरोप में सेवानिवृत्त अधिकारी की पेंशन पर लगी थी रोक, कार्मिक ने लिया वापस

**रांची।** राज्य सरकार ने झाप्रसे के रिटायर अधिकारी चंद्रशेखर सिंह को दिए गये आजीवन पेंशन रोक के दंडादेश को वापस ले लिया है। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश व महाधिवक्ता के परामर्श के बाद उनकी पेंशन पर लगी रोक को हटा दिया गया है। कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है। मालूम हो कि तत्कालीन बीडीओ सोनवर्षा, सहरसा के विरूद्ध आपराधिक षड्यंत्र कर धोखाधड़ी पूर्वक जाली कागजात तैयार कर राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में वित्तिय अनियमितता बरतने तथा अपने पद का दुरूपयोग कर अभिकर्ता को नाजायज आर्थिक लाभ पहुंचाने का आरोप है। मामले में निगरानी थाना में मामला दर्ज किया गया था।

# झारखंड में 19 जगहों पर बनेगा 50 बेड का क्षेत्रीय अस्पताल

**केंद्र सरकार ने झारखंड को दिये हॉस्पिटल निर्माण के लिए ₹66 .50 करोड़**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोविड के बाद सरकार का फोकस स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने पर है। इसके लिए केंद्र सरकार नई योजनाएं दे रहा है। नए हॉस्पिटलों के निर्माण भी कराए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में कोविड जैसी जानलेवा बीमारी भी आ जाए तो उससे निपटने के लिए अलग से तैयारी न करनी पड़ी, ऐसे में केंद्र ने इमरजेंसी कोविड रिस्पांस पैकेज के फेज-2 के तहत राज्यभर में 19 रीजनल हॉस्पिटल संचालन की योजना बनाई है। इसके निर्माण के लिए 66 करोड़ 50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके संचालन के लिए भी 17 करोड़ 64 लाख 47 हजार रुपए की मंजूरी दी गई है, ताकि मरीजों को सुविधा मिल सके। मेडिकल इक्विपमेंट के अलावा फायर फाइटिंग के भी इंतजाम इन हॉस्पिटलों में होंगे।

**रिजनल हॉस्पिटल तोपचांची के लिए बनेगा वरदान :** तोपचांची में 50 बेड के हॉस्पिटल के निर्माण की स्वीकृति दी है। इसके लिए 3.47 करोड़ रुपए किए जाएंगे। यह हॉस्पिटल खुल जाने से मरीजों को धनबाद और रांची की दौड़ लगाने की समस्या से छुटकारा मिलेगा।


**कार्यालय–समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) गुमला**

**वित्तीय वर्ष–2022–23 में प्रवेशिकोत्तर पाठयकमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित**

**आवश्यक सूचना**

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 में झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले वैसे छात्र–छात्राए, जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन नहीं कर पाए है। उन्हे अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आवेदन करने से संबंधित प्रकियात्मक कार्रवाई हेतु निम्न प्रकार तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | प्रारम्भ तिथि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 01.11.2023 | 24.11.2023 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 01.11.2023 | 30.11.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला

PR 310794 Welfare(23-24).D


# कंचन लाल बनीं राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन, मुख्यालय का भी मिला प्रभार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वाणिज्य कर विभाग ने राज्य कर संयुक्त आयुक्त दक्षिणी अंचल की कंचनलाल को राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन रांची प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इसके अलावा उन्हें राज्य कर अपर आयुक्त मुख्यालय, रांची और राज्य कर संयुक्त आयुक्त अंकेक्षण इकाई रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल का भी प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना वाणिज्य कर विभाग ने सोमवार को जारी कर दिया है। कंचन लाल ने राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन और राज्य कर अपर आयुक्त मुख्यालय के साथ-साथ अंकेक्षण इकाई रांची और हजारीबाग प्रमंडल की संयुक्त आयुक्त के पद पर योगदान भी कर दिया है। कंचन लाल के अलावा राज्य कर संयुक्त आयुक्त पश्चिमी अंचल की सुषमा सिंह सिन्हा को राज्य कर अपर आयुक्त अपील रांची प्रमंडल के साथ-साथ हजारीबाग प्रमंडल और धनबाद प्रमंडल का भी अपर आयुक्त अपील का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बताते चलें कि कंचन लाल को वाणिज्यकर विभाग में तेज तर्रार अधिकारी के रूप में जाना जाता है। पूर्व में वह रांची में ट्रेजर अफसर के रूप में भी काम कर चुकी हैं।

# कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लॉटरी सट्टा के जरिए छत्तीसगढ़ को लूटा : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में बाबूलाल ने किया प्रचार**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में जुटे हैं। सोमवार को श्री मरांडी ने डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर के पक्ष में रेगा डबरी एवं मंगचुआ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बनाने के लिए कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा उम्मीदवार को जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार विकास की सोच से कोसों दूर है। प्रदेश में घोटालों की श्रृंखला खड़ी है। यह सरकार जुआ सट्टेबाजी से अपने नेताओं की तिजोरी भर रही है। ईडी की जांच में **महादेव ऐप** के जरिये करोड़ों रुपए की लूट हुई है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाल, सट्टेबाजी घोटाले की कमाई को राहुल भाई और सोनिया माता तक पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, किसानों की तिजोरी भर रही है।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने अलग प्रदेश दिया। डॉ रमन सिंह की भाजपा सरकार ने विकास के कीर्तिमान स्थापित किये लेकिन, कांग्रेस की सरकार ने राज्य को घोटाले ही घोटाले दिये। अब तो लूट घोटालों के तार विदेश से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार गांव गरीब किसान को समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज सारे भ्रष्टाचारी मोदी हटाओ के लिए एकजुट हो रहे लेकिन प्रधानमंत्री ने भी आह्वान किया है कि न खायेंगे, न खाने देंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में देश की जनता मोदी जी के साथ खड़ी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RCD/RANCHI -27/2023-24 Dt. 06-11-2023**

1.विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,रॉंची।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–14.11.2023 को कार्यालय अवधि तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–16.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–16.11.202 को अपराह्न 3.30 बजे ।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:–(i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा,रॉंची।
(ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, रॉंची।
(iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,रॉंची ।
6.निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:–क्रमांक 5 में अंकित स्थानों पर।
7.कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | उपायुक्त आवास एवं दिनदयाल चौक के जंक्शन का उन्नयन कार्य वर्ष 2023–24 | 47,77,655 | 96,000 | 5,000 | 45 दिन |

निविदा की शेष शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची

PR310749 (Road Construction Dept Road Division Ranchi)23-24*D


## एक और मामले में भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को मिली राहत

# हाइकोर्ट ने भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव पर पीड़क कार्रवाई करने पर लगायी अंतरिम रोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव को एक और मामले में उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत मिल गई है। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने प्रतुल शाहदेव के द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये उन पर किसी भी पीड़क कार्रवाई करने पर अंतरिम रोक लगा दी और प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। इस केस की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। मालूम हो कि एजाज अंसारी ने चंदवा थाने में 30 सितम्बर को प्राथमिकी दर्ज कर प्रतुल शाहदेव एवं उनके सहयोगियों पर धमकी देने और गवाह को प्रभावित करने का आरोप लगाया था।

प्रतुल शाहदेव की ओर से बहस करते हुये वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने न्यायालय को बताया कि वे लातेहार के बंद पड़े अभिजीत प्लांट में शासन प्रशासन के सह से हो रहे स्क्रैप लूट के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया था। इससे वह स्क्रैप माफिया के निशाने पर थे। वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने न्यायालय को शिकायतकर्ता एजाज अंसारी के आपराधिक इतिहास की पृष्ठभूमि दिखाते हुये उस पर दर्ज स्क्रैप चोरी के अनेक मामलों का जिक्र किया। अजीत कुमार ने कोर्ट को बताया कि इससे पूर्व भी प्रतुल शाह देव को स्क्रैप माफिया की सह पर मंटू कुमार के द्वारा एससी एसटी एक्ट के तहत बालूमाथ थाने में मुकदमा संख्या 93/23 दर्ज कर फसाने की साजिश की गई थी।उच्च न्यायलय ने 3 अक्टूबर को ही उस केस को खारिज करते हुये पुलिस के कार्य प्रणाली पर प्रश्न उठाया था।

# सीसीएल के नए निदेशक तकनीक बने एनसीएल के जीएम हरीश दुहन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के नए निदेशक (तकनीक) हरीश दुहन होंगे। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने इंटरव्यू के बाद उनके नाम की अनुशंसा कर दी है। वर्तमान में वे एनसीएल में जीएम के पद पर कार्यरत हैं। इस पद के लिए बोर्ड ने छह नवंबर, सोमवार को इंटरव्यू लिया था। इसमें कोल इंडिया, उसकी सहायक कंपनी सहित देश के विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के 12 अधिकारियों ने भाग लिया। इसमें हरीश का चयन किया गया। कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया से आदेश जारी होने के बाद वह पद संभालेंगे।

इंटरव्यू में ईसीएल के जीएम पार्थ एस डे, एनसीएल के जीएम हरीश दुहन, सीसीएल के जीएम विमल कांत शुक्ला, एनसीएल के जीएम संजय कुमार झा, ईसीएल के जीएम अमितांजन नंदी, सीसीएल के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, सीसीएल के जीएम राजीव कुमार सिन्हा आदि ने भाग लिया था।


**झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड**
जिला कार्यालय :- रॉंची E-Mail :- dmranchi@sfcjharkhand.in
पंचम तल्ला, कमरा संख्या-504, ब्लॉक-बी, समाहरणालय भवन, रांची- 834001

**सूचना**

सरकार के संयुक्त सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 3115 दिनांक 30.10.2023 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023–24 में धान अधिप्राप्ति का कार्य माह दिसम्बर'2023 से प्रारंभ किया जाना है। धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होने के पूर्व अधिप्राप्ति केन्द्रों का चयन एवं राईस मिलरों का निबंधन तथा अधिप्राप्ति केन्द्रों के साथ सम्बद्धता का कार्य आवश्यक है।

उपरोक्त पत्र के आलोक में रॉंची जिला में अवस्थित सभी राईस मिलरों को राजस्व जिला रांची के अधिप्राप्त धान का मिलिंग कार्य करने हेतु जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, रांची के कार्यालय में विहित प्रपत्र में निबंधन फार्म पूर्णत् भरा हुआ दिनांक 10.11.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**निबंधन हेतु विहित प्रपत्र**

- राईस मिल का नाम :–
- मिल मालिक का नाम :–
- मिल मालिक का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० :–
- मिलर की मिलिंग क्षमता (मे०टन/घंटा)
- मिलर की भण्डारण क्षमता (मे०टन में)
- भण्डारण क्षमता की भौतिक स्थिति (अच्छा/खराब)
- मिल चालू अवस्था में है। (हॉं/नहीं)
- मिल के मुख्य द्वार पर सी०सी०टी०वी० कैमरा लगा एवं चालू अवस्था में है। (हॉं/नहीं)
- सी०सी०टी०वी० कैमरा में एक माह का विडियो रिकॉर्डिंग का डी०वी०आर० लगा है। (हॉं/नहीं)
- मिल पर कोई बकाया नहीं है। (हॉं/नहीं)
- मिल सी०एम०आर० के रूप में फोर्टिफाईड चावल सुपूर्द करने में सक्षम है अथवा नहीं।
- मिल में ब्लेंडिंग मशीन अधिष्ठापित है अथवा नहीं।

ह०/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
रॉंची

PR 310734 Ranchi (23-24)_D


# जमीन से जुड़े मामले को लेकर जनसुनवाई में आये फरियोदियों को मंत्री रामेश्वर उरांव ने बैरंग लौटाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे से शामिल मंत्री प्रत्येक सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जनता की शिकायत सुनने के लिए जनसुनवाई करते हैं। इसी कड़ी सोमवार को राज्य के वित्त मंत्री और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर उरांव ने जनसुनवाई की। इसमें 24 फरियादी विभिन्न क्षेत्रों से कांग्रेस भवन पहुंचे, जिसमें ज्यादातर मामले जमीन विवाद के थे। इसके अलावा जनवितरण प्रणाली में गड़बड़ी, ट्रांसफर-पोस्टिंग, तंगहाली में सरकारी मदद की गुहार लगाई गयी। इस दौरान मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण के लिए अधीनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ त्वरित लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जन-सुनवाई में अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, डॉ राकेश किरण महतो, नेली नाथन, जग्रनाथ साहु, जितेन्द्र त्रिवेदी आदि मौजूद थे।

### बहन ने भाई के ट्रांसफर की गुहार लगायी

जनसुनवाई में गढ़वा की एक महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता अपनी फरियाद लेकर पहुंचीं थी। उन्होंने मंत्री से अपनी भाभी की बीमारी का हवाला देकर भाई का तबादला रांची करने की मांग की। इसके अलावा अन्य कई समस्याएं लेकर भी लोग मंत्री के पास पहुंचे थे। लोगों की इन समस्याओं के निराकरण के लिए मंत्री की ओर से आश्वासन भी दिया गया।

### अधिक मामले जमीन से जुड़े हुए : रामेश्वर

मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनसुनवाई में ज्यादातर मामले जमीन विवाद से जुड़े हुए थे, जिस पर ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता था। इसलिए लोगों को उनके यहां से बैरंग लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि सिल्ली में एक व्यक्ति ने दो–दो जन वितरण प्रणाली की दुकान लेने का मामला आया था। मंत्री ने इस मामले में डीएसओ रांची को जांच करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई से जनता के बीच की शिकायतों को जानने और समझने का मौका मिलता है।

### 28 अगस्त 2023 से जारी है जनसुनवाई

कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर झारखंड कांग्रेस ने हेमंत सोरेन सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की जनसुनवाई 28 अगस्त 2023 से शुरू की है। शुरूआती दिनों में जनसुनवाई में काफी कम फरियादी पहुंचते थे लेकिन धीरे धीरे फरियादियों की संख्या बढ़ रही है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के अलावा अलग अलग जिलों में भी मंत्री जनसुनवाई कर जन शिकायतों को दूर करने की कोशिश करते हैं।

स्पीड न्यूज

## दो दिवसीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

**जमशेदपुर।** सोनारी खुटाडीह स्थित आरएमएस हाई स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 टूनार्मेंट का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक सह झारखंड भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी, ट्रस्टी मेंबर डॉ आरके झुनझुनवाला, प्रेसिडेंट संजय केडिया और सीबीएसई पर्यवेक्षक राजेश प्रसाद शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी व उपस्थित अन्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर एवं स्कूल का झंडा फहराकर चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न पूरे देशभर के विभिन्न राज्यों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## पूर्वी सिंहभूम जिला में आज पाया गया नया एक डेंगू पॉजिटिव

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में 06 नवंबर के सैम्पल जांच में टेल्को से 1 व्यक्ति डेंगू पॉजिटिव पाए गए। अबतक कुल 12555 सैम्पल की जांच में 1400 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। वर्तमान में 39 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 3 आईसीयू में, 36 नॉर्मल वार्ड में भर्ती हैं। 10 लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया।

## संगीत समाज टेल्को में नृत्योत्सव 2023 11 को

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था एस एम बी फाउंडेशन के तत्वधान में दिनांक 11 नवंबर 2023 को शास्त्रीय व उप-शास्त्रीय नृत्य महोत्सव जमशेदपुर नृत्योत्सव 2023 का आयोजन संगीत समाज टेल्को जमशेदपुर में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। शास्त्री नृत्य कार्यक्रम में देश भर के 30 युवा शास्त्रीय नृत्य युवा कलाकार अपनी नृत्य प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में कत्थक, भरतनाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी, कथकली। मोहिनीअट्टम, गौड़ीय, रविन्द्रनृत्य, नजरुलनृत्य, लोकनृत्य एवं रचनात्मक नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

## पेवर्स ब्लॉक की गुणवत्ता की जांच होगी : पिंकी

**चांडिल।** विभाग के द्वारा चांडिल डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर सौंद्रीयकरण का काम किया जा रहा है। इसके लिए चांडिल डैम स्थित स्वर्णरेखा परियोजना के अंचल कार्यालय के मुख्य गेट के समक्ष तथा चांडिल डैम जाने वाले मार्ग पर पेबर्स ब्लॉक लगाया जा रहा है। लेकिन इसमें काफी अनियमितता बरती जा रही है। डैम जाने वाले मार्ग में मिट्टी का कटाव कर रास्ते के किनारे पेबर्स ब्लॉक बिछाया गया है। स्वर्णरेखा परियोजना के अंचल कार्यालय गेट के समझ पहले से बिछाए गए पेबर्स ब्लॉक को उखाड़ कर वहां फिर से नया रंगीन पेबर्स ब्लॉक बिछाने के नाम पर सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक ने कहा पहले से बिछाए हुए पेबर्स ब्लॉक में कोई खराबी नहीं आई थी। इसके बावजूद इसे उखाड़ कर इसे हटाया जा रहा है. बिछाए जा रहे पेबर्स ब्लॉक की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। विभाग के अनुसार करीब दो करोड़ बाईस लाख (2.22 करोड़) की लागत से पेबर्स ब्लॉक बिछाकर डैम का सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है।

## 55 करोड़ की लागत से बनने वाली जलमीनार का शिलान्यास

**चांडिल।** शनिवार को कुंकडु प्रखंड के डाटम में ईंचागढ़ के विधयक सबिता महतो ने 55 करोड़ की लागत से बनने वाली जलमीनार का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक सबिता महतो ने कहा कि इस जलापूर्ति योजना के पूरा हो जाने से कुंकडु प्रखंड के तिरूलडीह, चौड़ा, लेटेमदा, सिरूम, पारगामा, ईंचडीह छ पंचायतो के परिवार को पेयजल की सुविधा होगी। उन्होंने कहा लंबे समय के प्रयास से इस जलमीनार को धरातल पर लाया गया है। विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को इस योजना के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर जीप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, प्रमुख प्रतिमा बाला, बीडीओ राकेश गोप, कित्तिवास महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# एमडी टीवी नरेंद्रन ने 59 मिनट में पूरी की 10 किमी की दौड़







खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन 2023 का 8वां संस्करण आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुआ। इस वर्ष की थीम थी फिटनेस इज फन, जस्ट रन। 10 किलोमीटर की दौड़ को कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति याराजी और रुचि नरेंद्रन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टाटा स्टील के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन ने 10 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेकर धावकों का मनोबल बढ़ाया और जमशेदपुर के नागरिकों के बीच फिटनेस का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (पूर्वी सिंहभूम) किशोर कौशल, सिटी एसपी मुकेश लणावत, रेल एसपी ऋषभ झा भी उपस्थित थे।

अवनीश गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम और इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील, डी बी सुंदरा रामम वाइस प्रेसिडेंट (रॉ मैटेरियल), टाटा स्टील, अत्रेयी सान्याल, वाइस प्रेसिडेंट (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट), टाटा स्टील, उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट, आयरन मेकिंग, टाटा स्टील प्रोबाल घोष, वाइस प्रेसिडेंट, शेयर्ड सर्विसेज, मुकुल चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स टाटा स्टील के साथ-साथ संजीव कुमार चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे। 5,700 से अधिक लोगों ने तीन प्रतियोगिता श्रेणियों - 10-किमी, 7-किमी और 5-किमी और गैर-प्रतिस्पर्धी 2-किमी फन रन में भाग लिया। रन-ए-थॉन के इस संस्करण में 18 राज्यों, अर्थात उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल से धावकों को भागीदारी देखी गई। इस वर्ष भी, कंपनी सस्टेनिबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक पंजीकृत प्रतिभागी के लिए एक पौधा लगाएगी। जमशेदपुर रन-ए-थॉन टाटा स्टील का एक कॉर्पोरेट कार्यक्रम है जो जमशेदपुर के नागरिकों के बीच फिटनेस की भावना पैदा करने के लिए हर साल आयोजित किया जाता है। इस दौड़ में पीडब्लूडी की भी भागीदारी देखी गई, जिन्हें सबल और एडक्रिया संगठनों द्वारा सक्षम बनाया गया था। अगला कॉर्पोरेट रन 26 नवंबर को जोडा (ओडिशा) में और 17 दिसंबर को कोलकाता में निर्धारित है। जमशेदपुर रन के विजेता जमशेदपुर रन में 10 किलोमीटर की दौड़ में पुरुष कैटेगरी में हरि सिंह ने 29 मिनट 52 सेकंड में दूरी पुरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें इनाम के रूप में 51000 का चेक प्रदान किया गया जबकि दूसरे स्थान पर प्रशांत चौधरी रहे जिन्होंने 29 मिनट 57 सेकंड में अपनी दौड़ पूरी की और उन्हें इनाम के रूप में 41000 मिले जबकि तीसरे स्थान पर संदीप कुमार देवरी रहे जिन्होंने 30 मिनट 35 सेकंड में दूरी तय कर 31000 रुपए का इनाम जीता। 10 किलोमीटर की दौड़ में महिला क्रांतिकारी में रेनू सिंह ने 34 मिनट 35 सेकंड में पहला स्थान प्राप्त कर 51000 का इनाम जीता जबकि दूसरे स्थान पर सविता पाल रही जिन्होंने 34 मिनट 42 सेकंड में दौड़ पूरी की जबकि तीसरे स्थान पर प्रिंसी कुमारी रही जिन्होंने 36 मिनट 48 सेकंड में दौड़ पूरी की और उन्हें इनाम के रूप में 31000 मिले। 7 किलोमीटर की दौड़ में पुरुष वर्ग में रिंकू सिंह ने 21 मिनट 10 सेकंड में दूरी तय करके प्रथम स्थान हासिल किया जिन्हें इनाम के रूप में 25000 रु मिले जबकि दूसरे स्थान पर भुवन चंद्र मलकानी रहे जिन्होंने 21 मिनट 18 सेकंड में दूरी तय की और तीसरे स्थान पर नीतीश कुमार रहे जिन्होंने 21 मिनट 20 सेकंड में दूरी तय कर अपना तीसरा मुकाम हासिल किया। द्वितीय और तृतीय विजेताओं को क्रमशः 20000 रुपये और 15000 रुपये इनाम दिए गए। 7 किलोमीटर बालिका संवर्ग में पूजा वर्मा पहले स्थान पर रही जिन्होंने 25 मिनट 33 सेकंड में दूरी तय की जबकि दूसरे स्थान पर संध्या मुरमु रहीं जिन्होंने 27 मिनट 10 सेकंड में दूरी तय की तीसरे स्थान पर संध्या यादव रही जिन्होंने 27 मिनट 16 सेकंड में दूरी तय की। प्रथम द्वितीय और तृतीय विजेताओं को क्रमशः 25000 रुपये, 20000 रुपये और 15000 रुपये इनाम दिए गए। 5 किलोमीटर रन में पुरुष वर्ग में अजय गंधार ने 15 मिनट 38 सेकंड में दूरी तय की और प्रथम स्थान पर है जबकि दूसरे स्थान पर राजेश केराई रहे जिन्होंने 16 मिनट 29 सेकंड में दूरी तय की तीसरे स्थान पर संजय बानरा रहे जिन्होंने 16 मिनट 37 सेकंड में दूरी तय किया। प्रथम द्वितीय और तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10000 रुपये, 8000 रुपये और 7000 रुपये इनाम दिए गए। 5 किलोमीटर बालिका संवर्ग में नेहा कुमारी ने 19 मिनट 42 सेकंड में दूरी तय कर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि दूसरे स्थान पर नाम सी सामग्री जिन्होंने 20 मिनट 23 सेकंड में दूरी तय की जबकि तीसरे स्थान पर पिंकी सिंह रही जिन्होंने 20 मिनट 42 सेकंड में दूरी तय की।

# बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी में फिर जलापूर्ति ठप

### 1140 घरों को आज से नहीं मिलेगा पानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज 6 नवंबर बागबेडा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के मोटर के वायरिंग और बेरिंग में हुई खराबी के चलते बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1140 घरों में आज संध्या बेला से जलापूर्ति ठप हो गई है। बागबेड़ा महानगर विकास समिति सह जिला भाजपा नेता सुबोध झा ने बताया कि झारखंड हाई कोर्ट में गंदे पानी पिलाई जाने को लेकर जनहित याचिका दायर की गई थी। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर एक करोड़ 88 लाख 69 हजार रुपए से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य 27 अप्रैल से चल रहा था। बीच में उस कार्य को शिलान्यास करने के नाम पर दो-तीन बार रोका गया ,फिर 13 सितंबर को न्यायालय में जनहित याचिका करता सुबोध झा के वकील नीरज किशोर लाल ने हाई कोर्ट में फिल्टर प्लांट निर्माण को रोके जाने की शिकायत दर्ज किया और न्यायालय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आदेश पारित किया और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव के आदेश पर काम को चालू किया गया और काम चलाते वक्त ही फिर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता विधायक संजीव सरदार के द्वारा 16 सितंबर को शिलान्यास किया था। शिलान्यास करने के बाद से ही 17 सितंबर से ही फिल्टर प्लांट का काम बंद हो गया। और बागबेड़ा फिल्टर प्लांट में लगे मोटर जल जाने से 17 सितंबर से ही बागबेडा में पानी बंद हो गया था। हाईकोर्ट ने उपायुक्त महोदय जमशेदपुर को 30 दिनों के अंदर समस्या का समाधान कर कोर्ट को सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया था। आज 6 नवंबर हो गया आज तक किसी भी प्रकार की कोर्ट की कार्रवाई उपयुक्त के व्यवहार न्यायालय में नहीं किया गया है। बागबेडा हाउसिंग कॉलोनी के मोटर के बेरिंग खराब होने के कारण पानी बंद है कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार से बात करने पर सुमित कुमार ने ठेकेदार बसंत सिंह को फोन पर बात किया और बसंत सिंह ने कहा दो-तीन दिन के अंदर काम को चालू कर दिया जाएगा और मोटर में वरिंग लगाने के लिए मैकेनिकल के कार्यपालक अभियंता सुनीता सामान जी का जवाब दे ही है।

### बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1140 घरों में पानी बंद

## 16 सितंबर को फिल्टर प्लांट का शिलान्यास उसके बाद से निर्माण कार्य बंद : सुबोध झा

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** 6 सितंबर सुबोध झा अध्यक्ष बागबेड़ा महानगर विकास समिति सह जिला भाजपा नेता ने कहा झारखंड हाई कोर्ट मैं गंदे पानी पिलाई जाने को लेकर जनहित याचिका दायर की गई थी झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर एक करोड़ 88 लाख 69 हजार रुपए से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य 27 अप्रैल से चल रहा था।

बीच में उस कार्य को शिलान्यास करने के नाम पर दो-तीन बार रोका गया ,फिर 13 सितंबर को न्यायालय में जनहित याचिका करता सुबोध झा के वकील नीरज किशोर लाल ने हाई कोर्ट में फिल्टर प्लांट निर्माण को रोके जाने की शिकायत दर्ज किया और न्यायालय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आदेश पारित किया और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव के आदेश पर काम को चालू किया गया और काम चलाते वक्त ही फिर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता विधायक संजीव सरदार के द्वारा 16 सितंबर को शिलान्यास करने के बाद से ही 17 सितंबर से ही फिल्टर प्लांट का काम बंद हो गया। और बागबेड़ा फिल्टर प्लांट में लगे मोटर जल जाने से 17 सितंबर से ही बागबेडा में पानी बंद हो गया था। हाईकोर्ट ने उपायुक्त महोदय जमशेदपुर को 30 दिनों के अंदर समस्या का समाधान कर कोर्ट को सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया था। आज 6 नवंबर हो गया आज तक किसी भी प्रकार की कोर्ट की कार्रवाई उपयुक्त के व्यवहार न्यायालय में नहीं किया गया है। बागबेडा हाउसिंग कॉलोनी के मोटर के बेरिंग खराब होने के कारण पानी बंद है कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार से बात करने पर सुमित कुमार ने ठेकेदार बसंत सिंह को फोन पर बात किया और बसंत सिंह ने कहा दो-तीन दिन के अंदर काम को चालू कर दिया जाएगा और मोटर में वरिंग लगाने के लिए मैकेनिकल के कार्यपालक अभियंता सुनीता सामान जी का जवाब दे ही है। इस प्रकार से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना दो पंचायत और दो विभाग के चक्कर में बागबेडा की 20,000 जनता पानी के बूंद बूंद को तरस रही है। सारा का सारा मामला मात्रा जांच पर चल रहा है। आज दिनांक 6/11/2023 को बीते माह सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का सम्मान समारोह टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में रखा गया जिसमे सभी 11 कर्मचारी उपस्थित हुए। सभी को शॉल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह देखकर अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह और महामंत्री श्री आर के सिंह ने सम्मानित किया। साथ में सभी कमेटी मेंबर आफिस बेयरर भी सम्मिलित हुए।

# राष्ट्रपति और पीएम से मिले रघुवर दास




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलते राज्यपाल रघुवर दास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलते राज्यपाल रघुवर दास।



प्रधानमंत्री का स्वागत करते अमर बाउरी और दिनेश कुमार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार के लिए दुर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा किया। इसी दौरान डोंगरगढ़ स्थित माता बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पीएम का आगमन हुआ। मंदिर के निकट बने हेलिपैड के समक्ष झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार ने पीएम का स्वागत किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री बाउरी और दिनेश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्प भेंट किया और स्थानीय भाजपा नेताओं सहित उनका स्वागत किया। मालूम हो की छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार के आशय में भाजपा संगठन ने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को राजनंदगांव जिला के चार और मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। अमर कुमार बाउरी के प्रभार वाले क्षेत्रों राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह, डोंगरगढ़ से विनोद खांडेकर, खुज्जी विधानसभा में गीता घासी साहू, डोंगरगांव से भरत लाल वर्मा और मोहला मानपुर में संजीव साहा बतौर भाजपा प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

प्रधानमंत्री के स्वागत के दौरान सभी प्रत्याशी भी मौजूद रहें। मालूम हो की नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी संग बतौर सहयोगी दिनेश कुमार भी छत्तीसगढ़ प्रवास पर थें। चुनाव प्रचार समाप्त होने पर सोमवार को वे वापस लौट आये हैं। विदित हो की छत्तीसगढ़ में दो चरण में चुनाव होंगे। पहले चरण में 7 नवंबर को मतदान होंगे।

एक नजर में

## टाटा मोटर्स यूनियन ने 11 सेवानिवृत सदस्यों को दी विदाई

**जमशेदपुर।** सोमवार 6 नवंबर को बीते माह सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का सम्मान समारोह टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में रखा गया जिसमे सभी 11 कर्मचारी उपस्थित हुए। सभी को शॉल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह देखकर अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह और महामंत्री श्री आर के सिंह ने सम्मानित किया। साथ में सभी कमेटी मेंबर आफिस बेयरर भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सभी ने अपने लंबे अनुभव को यूनियन सदस्यों के साथ साझा किया साथ ही साथ यूनियन के कार्यों का सराहना भी की। महामंत्री ने अपने संबोधन में कहा आप लोगों के मुख से यूनियन की प्रशंसा सुनकर हृदय गदगद हो जाता है। हम लोग आपके दिए गए राय को सूत्र मानकर अपने कार्य को आगे करते हैं और हमेशा प्रयास रहेगा की मजदूर हित के कार्य को आगे भी करें। आप सब स्वस्थ रहें एवं प्रफुल्लित रहें इसी कामना के साथ आप सबको बहुत-बहुत धन्यवाद। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि आप सब के सहयोग से यह यूनियन लगातार अच्छे कार्य कर रही है और आप सब ने जो विचार दिया है वह हम लोगों को आगे कार्य करने में सहायता प्रदान करेगी। जब भी यूनियन की आवश्यकता हो आप हमें आवाज दे हम लोग हमेशा आपके लिए खड़े हैं।

## एग्री स्मार्ट ग्राम में किसानों के बीच परिसम्पत्ति का वितरण

**जमशेदपुर।** एग्री स्मार्ट ग्राम के रूप में चयनित बोड़ाम प्रखण्ड के पहाड़पुर में किसानों के बीच उपादान का वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक जुगसलाई श्री मंगल कालिन्दी शामिल हुए। इस अवसर पर 125 किसानों को सब्जी प्रत्यक्षण का किट, आत्मा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनान्तर्गत 30 किसानों के बीच सरसों फसल का मिनीकिट एवं 6 किसानों को अनुदानित दर पर पम्पसेट का वितरण किया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा किसानोपयोगी अन्य योजनाओं की जानकारी भी कृषकों के बीच दी गयी। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि का कोई विकल्प नहीं है, किसानों की आय एवं जीवन स्तर में गुणात्मक वृद्धि हो सके इसके लिए प्रयास है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विनय मंडल, प्रमुख ललिता सिंह, मुखिया अजब सिंह, ग्राम प्रधान गणेश चन्द्र महतो, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार कालिन्दी, उपपरियोजना निदेशक आत्मा के विजय कुमार सिंह, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी गोपाल चन्द्र मंडल, आत्मा के प्रसार कर्मी सुशील कुमार महतो एवं चैताली दत्ता, जनसेवक सुधाकर महतो, किसान मित्र निर्मल हेम्ब्रम, दुलाल चन्द्र हेम्ब्रम समेत किसान मौजूद थे।

## तारापोर स्कूल की सीआइएसई की राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियनशिप संपन्न

**जमशेदपुर।** पहली बार सीआइएससीई राष्ट्रीय खो-खो खेल प्रतियोगिता तारापोर स्कूल, एग्रिको की मेजबानी में अंतर्गत संपन्न हुई जिसमें गुलमोहर हाई स्कूल तथा केरला समाजम स्कूल ने अपनी सक्रिय सहभागिता तथा उचित प्रबंधन से इस कार्यक्रम को सफल बनाया।आज कार्यक्रम के समापन का अंतिम दिवस था जिसकी जिम्मेदारी गुलमोहर हाई स्कूल की थी।इस कार्यक्रम में दस क्षेत्रों के विद्यालयों के लगभग चार सौ विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज की। इस कार्यक्रम को चार चांद लगाने के लिए सी०आई०एस०ई० के ऑब्जर्वर सूजय विश्वास जी मौजूद थे। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तीनों स्कूल प्रबंधनों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई। प्राचार्या प्रीति सिन्हा जी के सक्रिय नेतृत्व में गुलमोहर हाई स्कूल के प्राथमिक कक्षा के बच्चों द्वारा 'चंद्रयान मिशन' पर नृत्य तथा उच्च कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 'खेलकूद के महत्त्व' पर नृत्य प्रस्तुत किया गया,जिसे देखकर सभी हृदय से गदगद हो उठे।अंत में धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान गुलमोहर हाई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा संपन्न हुआ, जिसने सभी के हृदय में जोश भर दिया। खेल प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग थे। आयु वर्ग 14 वर्ष के लिए संचालिका श्रीमती रजनी शेखर जी(कोषाध्यक्षा कार्यकारी समिति ए०आई०एस०जी०), आयु वर्ग 17 वर्ष के लिए संचालिका रूबीना जी तथा आयु वर्ग 19 के लिए संचालक सूजय विश्वास ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

**परिणाम** – 14 वर्ष के आयु वर्ग : प्रथम पुरस्कार - आंध्र प्रदेश और तेलंगाना ,द्वितीय पुरस्कार - बिहार एवं झारखंड,तृतीय पुरस्कार - कर्नाटक।
17 वर्ष के आयु वर्ग : प्रथम पुरस्कार - कर्नाटक ,द्वितीय पुरस्कार - **उड़ीसा,** और तृतीय पुरस्कार - आंध्र प्रदेश और तेलंगाना
19 वर्ष के आयु वर्ग : प्रथम पुरस्कार - उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ,द्वितीय पुरस्कार - महाराष्ट्र और गोवा और तृतीय पुरस्कार - आंध्र प्रदेश और तेलंगाना

## जेएसएससी के ओड़िया भाषा के पाठ्यक्रम बदलने की मांग

**जमशेदपुर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के पाठ्यक्रमों से ओड़िया भाषा के सिलेबस को बदलने की माँग उठी है। ओड़िया भाषी छात्रों के एक शिष्टमंडल ने इस संबंध में पत्र लिखकर पूर्व विधायक सह प्रदेश भाजपा कुणाल षाडंगी से हस्तक्षेप करने और उचित फोरम पर समस्या को रखने की माँग की है। छात्रों ने इस बाबत राज्यपाल सहित सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी पत्र प्रेषित किया है। ओड़िया भाषी छात्रों की समस्या यह है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के सिलेबस में जो ओड़िया भाषा की पाठ्यक्रम है उसकी पुस्तकें राज्य के किसी भी लाईब्रेरी या विश्वविद्यालय में आसानी से उपलब्ध नहीं है।

# नारायणा का स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट एनसैट-2023 का रिजल्ट जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



टेस्ट का रिजल्ट जारी करते निदेशक श्याम भूषण।

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) का आयोजन 01 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2023 तक ऑफलाईन एवं ऑनलाईन किया गया था। नारायणा इन्स्टीट्यूट के नेशनल एकेडिक हेड श्याम भूषण ने बताया कि इस परीक्षा का परिणाम 05 नवम्बर 2023 को जारी किया गया। इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 8वीं से 12वीं क्लास तक के छात्रों को एक वर्षीय एवं दो वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम में 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दिया गया है, जो कि नारायणा के किसी भी प्रवेश परीक्षा से अधिक है।

जमशेदपुर केन्द्र के निदेशक सह नारायणा इन्स्टीट्यूट के नेशनल एकेडिमक हेड श्री श्याम भूषण ने बताया कि नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) की परीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्रों की प्रतियोगी क्षमता को विकसित करना साथ ही साथ कोई भी प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक चुनौतियों के कारण अपने सपनों से समझौता न करें क्योंकि नारायणा ग्रुप ऐसे छात्रों को आगे लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करता है।

**एनसैट-2023 (ऑफलाईन) में जमशेदपुर के कक्षानुसार टॉपर्स**

**सातवीं कक्षा :** मिलिन्द वत्स (ऑल इंडिया रैंक-55, जमशेदपुर रैंक - 1),सुचिस्मिता पाल (ऑल इंडिया रैंक-69, जमशेदपुर रैंक - 2) और निमिष सिन्हा (ऑल इंडिया रैंक-116, जमशेदपुर रैंक - 3)।

**आठवीं कक्षा :**

अभिनव शंकर (ऑल इंडिया रैंक-33, जमशेदपुर रैंक - 1)

अनंत राज (ऑल इंडिया रैंक-51, जमशेदपुर रैंक - 2)

सक्षम कुमार (ऑल इंडिया रैंक-142, जमशेदपुर रैंक - 3)

नवीं कक्षा : अदित्य ठाकुर (ऑल इंडिया रैंक-34, जमशेदपुर रैंक - 1),रामा मिश्रा (ऑल इंडिया रैंक-47, जमशेदपुर रैंक - 2) और सौरिम्या प्रतिहार (ऑल इंडिया रैंक-97, जमशेदपुर रैंक - 3)।

दसवीं कक्षा-जे.ई.ई : अयान सिंह (ऑल इंडिया रैंक-12, जमशेदपुर रैंक - 1),सेजल जयसवाल (ऑल इंडिया रैंक-85, जमशेदपुर रैंक - 2),अनजनेया श्रीवास्तव (ऑल इंडिया रैंक-85, जमशेदपुर रैंक - 2),आसित प्रसाद (ऑल इंडिया रैंक-91, जमशेदपुर रैंक - 3) और आदित्य सिन्हा (ऑल इंडिया रैंक-91, जमशेदपुर रैंक - 3)।

दसवीं कक्षा-नीट : कृष्णा सिंह (ऑल इंडिया रैंक-50, जमशेदपुर रैंक - 1), आदित्य गौतम (ऑल इंडिया रैंक-75, जमशेदपुर रैंक - 2) और अनुपम कुमारी (ऑल इंडिया रैंक-151, जमशेदपुर रैंक - 3)।

ग्यारहवीं कक्षा-जे.ई.ई : आदित्य प्रभात (ऑल इंडिया रैंक-48, जमशेदपुर रैंक - 1),जयेश लाल (ऑल इंडिया रैंक-127, जमशेदपुर रैंक - 2) और विनित कुमार (ऑल इंडिया रैंक-141, जमशेदपुर रैंक - 3) ग्यारहवीं

**कक्षा-नीटः**

अराध्या दुबे (ऑल इंडिया रैंक-91, जमशेदपुर रैंक - 1)

## स्पीड न्यूज

### कजरी स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर युवक-युवती की मौत

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन एवं कजरी के बीच किसी अज्ञात ट्रेन से कटकर युवक-युवती की मौत हो गई है। यह घटना अमानत नदी पुल के समीप की है। दोनों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना पाते के साथ ही पंडवा थाना प्रभारी नकुल साह एवं रेलवे पुलिस पहुंचकर मामले की जांच कर दोनों शवों को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु एमएमसीएच भेज दिया है। दोनों की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है। पंडवा थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रेमी युगल जोडी होने का प्रतीत होता है लेकिन जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत जीजोइ नदी हीसरा बरवाडीह घाट से अवैध बालु लदा ट्रैक्टर पाटन पुलिस ने जब्त कर थाना ले आयी है। अवैध बालु लदा ट्रैक्टर हरा रंग का जौन डियर कम्पनी का बताया जा रहा है। पाटन पुलिस ने बताया कि इस गाड़ी का कोई कागजात नहीं प्राप्त हुआ है। पाटन पुलिस ने आगे की कारवाई के लिए खनन विभाग को सुचित कर दिया है तथा कानुनी कारवाई कर दिया गया है।

### पोखरिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के आदीम जन जाति बहुल क्षेत्र ग्राम पोखरीया नावा खास पंचायत में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया। इस कैम्प में 42 लोगों का डाक्टर जितेन्द्र कुमार दास एवं कृष्ण कुमार राम के द्वारा विभिन्न रोगों का जांच कर दवा दिया गया। इस कैम्प में तीस लोगों का एनसीडी जांच सीएचो अनुपा एका के द्वारा किया गया। वहीं तेंतीस लोगों का जांच एनीमिया मलेरिया सहीत विभिन्न रोगों का किया गया। इस स्वास्थ्य कैंप में आयुष्मान कार्ड एवं अज्ञथमा कार्ड का वितरण आयुष्मान मित्र अखिलेश कुमार के द्वारा किया गया। इस कैम्प को सफल बनाने में बीटीटी परशुराम, संगीता कुमारी, एएनएम सुनिता कुमारी ने सक्रिय भुमिका निभाई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के लैब टेक्नीशियन एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला दंगवार मुख्य सड़क पर रविवार की देर रात झरहा मोड़ के पास बाइक पुल से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गयी ,जिसमें बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मुन्ना रजवार, रंजन रजवार और बबलू रजवार तीनों ग्राम हैदरनगर के जाहपर टोला के निवासी हैं। घायल तीनो युवको को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां ऑन डियूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### हुसैनाबाद पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना शहर के वार्ड नम्बर एक के पुरंदर बिगहा में फरार अभियुक्त के घर पर पुलिस ने विधिवत इश्तेहार चिपकाया। इस सबन्ध में थाना के एएसआई विनोद राम ने बताया कि हुसैनाबाद थाना कांड संख्या - 96/23 दिनांक-29.04.23धारा-डीआर एक्ट 1957/54(1)379/411/खान एवं खनिज आधीनियम की धारा21 सहपाठी 4 एवं 54, 13,7/9 के अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त अनिरुद्ध सिंह पिता स्वर्गीय कुलदीप सिंह हैं जो न्यायलय एवं पुलिस से फरार चल हैं जिसके बाद माननीय न्यायलय के निर्देश पर पुलिस ने घर पर दो स्वतंत्र गवाहों के समक्ष दरवाजे पर विधिवत इश्तिहार को चिपकाया तथा हरिहर चौक पर भी चिपकाया गया। आगे उन्होंने बताया कि अगर उक्त अभियुक्त एक माह के अंदर माननीय न्यायालय पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण नही करते हैं तो अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### झामस ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से रामगढ़ प्रखंड के ग्राम पिड़हे के डीलर महावीर प्रसाद द्वारा अगस्त माह से राशन का वितरण कार्डधारियों के बीच नहीं किया जा रहा है। जिस कारण आदिवासी बाहुल्य कार्डधारी काफी प्रभावित हो रहे हैं। इतना ही नहीं इनके समक्ष भूखे रहने की नौबत उत्पन्न हो गइै है। मांग पत्र सौंपनेवालों ने कहा कि डीलर द्वारा अगस्त माह में प्रति कार्डधारियों को 1.400 ग्राम, सितंबर माह में तीन किलो 600 ग्राम राशन दिया जा रहा था जिसे कार्डधारियों ने लेने से इंकार कर दिया। इस मामले को लेकर चार सितंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना दिया गया। रामगढ़ बीडीओ को मांग पत्र सौंपा गया जिस पर बीडीओ द्वारा जांच भी किया गया लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। कार्डधारियों ने कहा कि यदि छठ पर्व के पूर्व राशन का वितरण नहीं कराया गया तो पर्व के बाद जिला मुख्यालय में आमरण अनशन किया जायेगा। मांग पत्र सौंपनेवालों में अमेरिका सिंह, लालदेव पासवान, लालमोहन सिंह, विश्वनाथ परहिया व अन्य शामिल थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ निरीक्षण



**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का बुरा हाल है। कहने को तो आंगनबाड़ी केंद्र है मगर सुविधाएं नदारद है। सेमरा पंचायत के टोला खुरा कला में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी व सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत राम ने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-120 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र संख्या -120 को 8:00 बजे तक खुला नहीं पाया तब उन्होंने मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या -120 की सेविका इंद्रावती देवी को बुलाकर पूछताछ किया की केंद्र खोलने का समय कितना बजे है और केंद्र में साफ सफाई क्यों नहीं है। जहां एक तरफ सरकार साफ सफाई के प्रति प्रतिबद्ध है। वहीं दूसरे तरफ शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक लोग ही स्वच्छ भारत मिशन को असफल करने में लगे हुए हैं। इस पर आंगनबाड़ी सेविका इंद्रावती देवी ने कहा कि केंद्र खोलने का समय 8:00 बजे है लेकिन सुबह-सुबह ठंडा काफी होने के कारण केंद्र नहीं खोले हैं लेकिन कुछ ही देर में केंद्र खोलने का काम करेंगे बच्चा का संख्या पूछने पर सेविका ने कहा कि बच्चों की संख्या काफी है और सभी को समय पर भोजन भी दिया जाता है और केंद्र में जो गंदगी दिखाई दे रहा है वो केंद्र खोलने के बाद साफ सफाई कर दिया जाएगा।

## रामचंद्र चंद्रवंशी विवि में व्याख्यानमाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग के द्वारा अंतर विभागीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला का विषय था मैट्रिक्स। इसमें विश्वविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। लगभग सैकड़ो छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इसमें विवि के कुलाधिपति डॉ ईश्वरचंद्र चंद्रवंशी, कुलपति डॉ कल्याण कुमार, कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल एवं प्राचार्या आर सी आई टी डॉ अनीता सिन्हा ने अपनी गरिमामयी व्याख्यान से बच्चों को दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम में विशेष वक्ता डॉ आर के सिन्हा थे। साथ ही नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के डॉ वीरेन्द्र कुमार ने अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में पीजी समन्वयक सह डीन कला एवं मानविकी डॉ अशोक कुमार, नोडल ऑफिसर डॉ एच बी प्रसाद, डीन विज्ञान डॉ आर के तिवारी, एसोसिएट डीन डॉ अरिंदम घोष, कॉमर्स डीन डॉ रवीन्द्र केसरी, डॉ सुखदेव साहू, डॉ जनक नंदिनी , डॉ बिंदा कुमारी, डॉ रणविजय कुमार, डॉ राजदुलारी, अजीत महतो, शांति एक्का, अमृता, पंकज कुमार, विपुल कुमार महतो, शालिनी सुमन का उल्लेखनीय योगदान रहा। मंच संचालन डॉ स्वाति और धन्यवाद ज्ञापन पीजी समन्वयक एवं संकायाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने किया।

## गौरा को हराकर मुसीखाप ने जमाया कप पर कब्जा

**वीर भगत सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट संपन्न**



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांडू पलामू।** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत सिलदिली पंचायत के ग्राम नेवरी के खेल मैदान में सोमवार को वीर भगत सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला मुसीखाप बनाम गौरा टीम के बीच खेला गया। फाईनल मैच का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि बालमुकुंद पासवान, सिलदिली और सुरेंद्र साहनी ने सामूहिक रूप से किया। फाईनल मैच में दोनों टीमों ने काफी कसमकस की परन्तु मध्यांतर तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। मध्यांतर के बाद गौरा की टीम ने दबाव बनाते हुए मुसीखाप की ओर दो गोल किये जिसके बाद मुसीखाप ने अंतिम समय में दो गोल करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। कमिटी निर्णय के बाद पुनः 10-10 मिनट का समय दिया गया जिसमें मुसीखाप की टीम ने गौरा की ओर गोल करते हुए 3-2 से फाईनल मुकाबला जीत लिया। मौके पर फुटबॉल कमिटी के अध्यक्ष शिव पासवान, शाह, कृष्णा, अवधेश, सफी, सहीमुद्दीन, प्रदीप, भीम, नंदू, देवनंदन, उद्घोषक देवेंद्र, सुनील समेत काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## महिलाओं के बगैर समाज अधूरा : मोहन

**राजद महिला प्रकोष्ठ की जिलास्तरीय बैठक कार्यालय में संपन्न**

**राजद के अलावा कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को नहीं देती सम्मान : रूना देवी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की बैठक जिलाध्यक्ष रूना देवी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में शामिल महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण किया। बैरिया स्थित जिला कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि महिलाओं के बगैर समाज अधूरा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर राजद ने स्थापना काल से ही कार्य करते आ रही है। पार्टी के सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव ने महिलाओं को जो सम्मान दिया है उससे प्रेरित होकर महिलाएं काफी संख्या में पार्टी में शामिल हो रही है। पलामू जिला राजद का गढ़ रहा है। इसलिए आनेवाले लोकसभा चुनाव में राजद अपनी दावेदारी पेश करेगी। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा में राजद पूर्व से भी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी है। बैठक को संबोधित करते हुए महिला जिलाध्यक्ष रूना देवी ने कहा कि पार्टी में महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के लिए जिला के सभी प्रखंड व पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर जोड़ने का काम किया जा रहा है। महिलाओं को सम्मान जो राजद ने दिया है उसे किसी भी राजनीतिक दल ने देने का काम नहीं किया है। श्रीमती रूना ने कहा कि पार्टी में एक से बढ़कर एक पढ़ी लिखी व संभ्रांत घराने की महिलाएं शामिल हो रही है। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद समी अहमद, एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष मीरा देवी, प्रधान महासचिव उर्मिला देवी, कोषाध्यक्ष उषा देवी, प्रदेश सचिव रूबी रिशि व अन्य ने संबोधित किया। जबकि पुनम देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी, मनोरमा देवी, बबीता देवी, आशा देवी, प्रेमनी देवी, ललिता देवी, राजू भुइयां, संतोष कुमार यादव, हंसराज यादव, फयाज खान समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जात-पात की नही सिर्फ विकास की बात होनी चाहिए : रामचंद्र चंद्रवंशी

**विधायक ने रखी प्रधानमंत्री ग्राम सेतु योजना से दो पुल का आधारशिला**





शिलान्यास करते और सभा को संबोधित करते विधायक चंद्रवंशी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** पांडू प्रखंड के महुगावां व करमडीह के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एवं नेवरी व पोखरी के बीच बांकी नदी पर पुल का शिलान्यास सोमवार को विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह व संचालन मनोरंजन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में कोई भी महत्वपूर्ण योजना बाकी नहीं रहेगा। जल्द ही सभी विकास का कार्य शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिश्रामपर-बेलहारा मुख्य पथ का कार्य जल्द ही शुरू होगा इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरा किया जा रहा है। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार शहरी क्षेत्र ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। क्षेत्र में कोई भी ऐसा गांव नहीं बचा है जिसको पुल-पुलिया व सड़क बनाकर मुख्य पथ से नहीं जोड़ा गया हो। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि अभी भी किसी भी गांव - कस्बे सड़क सुविधा से वंचित है तो इसकी सूचना दें उसे निर्माण कार्य करा कर मुख्य पथ से जोड़ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नेतृत्व के लिए अच्छे व्यक्ति का चुनाव करें जो विकास कार्य को कर सके, जात-पात का बीज न बोयें जिससे विकास कार्य प्रभावित हो। इस अवसर पर सिलदिली के ग्रामीणों ने विधायक को आवेदन सौंप कर ढोढरी नदी पर पुल बनाने की मांग की। विधायक चंद्रवंशी ने अप्रैल माह तक पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया। वही पांडू को अनुमण्डल बनाने को लेकर कहा कि पांडू प्रखण्ड को दो भागों में बांटकर आने वाले समय में अनुमण्डल बनाने का प्रयास किया जायेगा।

### मौके पर उपस्थित लोग

इस मौके पर बिधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, संवेदक अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह, मंटू सिंह, ब्रजभूषण सिंह, विरेंद्र सिंह, सतीश पासवान, अवधेश सिंह, बबलू सिंह, महेंद्र साहू, मनमोहन पाण्डेय, सुमन पाण्डेय, जनक शर्मा, मुनि देवी, राजन पाण्डेय, बबन राम, श्यामसुंदर सिंह, सीबी नारायण सिंह, विमल चन्द्रवंशी,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,बबन राम,संजय ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह को लेकर चलाया गया सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान



**मेदिनीनगर।** बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से जिले में सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान चलाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से सोमवार को सदर मेदिनीनगर प्रखंड के चियांकी पंचायत भवन में जिला बाल सरंक्षण विभाग एवं यूनिसेफ के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार एवं के डी पासवान और यूनिसेफ के बाल विवाह प्रशिक्षक डॉ. तबरेज आलम के द्वारा बाल विवाह रोकने के संबंध में मौजूद लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। तबरेज आलम ने बाल विवाह के बारे में पीपीटी के माध्यम से सबों को वृहत जानकारी दी। वंही के डी पासवान ने बाल विवाह से संबंधित सरकार के नई दिशा निर्देश के बारे में लोगों को जानकारी दिया। बता दें कि सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान 31अक्टूबर से 14 नवंबर तक संचालित किया जाना है। कार्यक्रम में डीपीएम, बीपीएम, सीएलएफ, सीआरपी और जीएसएलपीएस के कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## शिक्षक प्रशिक्षण का लक्ष्य छात्राओं का चहुमुखी विकास : शिवानी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में बीएड के सत्र 2023 -25 के दैनिक कक्षाओं के संचालन हेतु शुभारंभ 2022 से 24 की प्रशिक्षु छात्राओं ने स्वागत के साथ शुरू किया गया। इस अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की डायरेक्टर शिवानी आनंद और प्राचार्य डॉ.अनुपमा गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सत्र का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की डायरेक्टर शिवानी आनंद ने छात्राओं को कहा कि यह कॉलेज प्रमंडल का इकलौता महिलाओं के लिए खोला गया बीएड कॉलेज है और लगातार 11 वर्षों में कई बार यूनिवर्सिटी टॉपर का खिताब कॉलेज को लेने का अवसर मिला है। हम आशा करते हैं कि इस सत्र की छात्राएं भी इस परंपरा को कायम रखेंगे। मेरा प्रयास होगा कि यहां की छात्राओं का चहुमुखी विकास हो। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। इस अवसर पर डायरेक्ट शिवानी आनंद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को हमेशा अग्रसर करने का प्रयास करता है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने सभी छात्राओं को शैक्षिक वर्ष में बेहतर भविष्य की कल्पना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## खबर एक नजर में

### दंगवार में छठ पूजा कमिटी का हुआ गठन



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड बिहार व झारखण्ड सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम दंगवार सोन नदी में ऐतिहासिक सूर्य मंदिर के प्रांगण में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाने हेतु ग्राम पंचायत दंगवार के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर के अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। जिसका संचालन संतोष सिंह ने किया। सभा में लोगों ने इस पूजा के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए आने वाले व्रतधारियों को कैसे अच्छी सुविधा प्रदान की जाए इस पर चर्चा किया गया। सभा के अंत में कमिटी का पुनर्गठन किया गया जिसमे गोविंद सिंह को अध्यक्ष,विवेक गुप्ता को उपाध्यक्ष और संतोष राम को सचिव बनाया गया। कोषाध्यक्ष संतलाल चौधरी,रक्षा मंत्री मुकेश साव तथा पवन चौधरी को बनाया गया जबकि मुख्य सचेतक पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर को बनाया गया।

### विजय पांडेय बने विश्रामपुर सेवा भारती संस्था के अध्यक्ष



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित शिव घाट परिसर में स्थानीय लोगो की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरीय समाज सेवी विजय पांडेय व संचालन संतोष केशरी ने किया। बैठक में विचार विमर्श के बाद विश्रामपुर सेवा भारती सामाजिक संस्था का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विजय पांडेय को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। वही निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष,विजय कुमार रवि को सचिव,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय को मंत्री,अमित कुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष और पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह को कमेटी का संरक्षक बनाया गया है। मौके पर बिनोद कुमार विश्वकर्मा,करन केशरी,आकाश कुमार,अरुण सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

### भजन संध्या में कलाकार उमाशंकर के संगीत से सराबोर हुआ हाऊसिंग कॉलोनी



**मेदिनीनगर।** संगीत संध्या से हाउसिंग कॉलोनी संगीतमय हो गया है। मौका है। लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवद कथा के चल रहे हनुमंत पूजोत्सव का। बताते चलें कि 21 नवंबर से 28 नवंबर तक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का अमृतमयी भागवत कथा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। जिसके तहत 28 सितंबर को हनुमंत पूजा करते हुए यज्ञस्थल पर हनुमान जी का झंडा लगाया गया था। इसके बाद प्रतिदिन सुबह और संध्या आरती का आयोजन किया जा रहा है। शाम में छह बजे भव्य संध्या आरती का प्रतिदिन आयोजन किया जा रहा है।

## कांग्रेस कार्यालय में लक्ष्य 2024 को लेकर मनोनयन पत्र वितरित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लक्ष्य 2024 को लेकर कांग्रेस के जिला कार्यालय में मनोनयन पत्र वितरित किया गया। कांग्रेस ओबीसी मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो के मनोनित अध्यक्ष को मनोनयन पत्र दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस ओबीसी महानगर कमेटी के अध्यक्ष रवींद्र कुमार ने की। मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने मनोनयन पत्र वितरित किया। जिला अध्यक्ष पाठक ने उनके कार्य एवं दायित्व को समझाया। साथ ही सभी वार्ड अध्यक्षों को वार्ड कमेटी गठित कर पार्टी के सांगठनिक ढांचा को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया गया। कांग्रेस एवं सभी प्रकोष्ठ की कमेटी बूथ स्तर तक गठित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मनोनित वार्ड अध्यक्ष कविता देवी, अनु कुमारी, मनोहर, नगमा खातून, गुलनाज, गुड़िया, सुनीता, सविता देवी, उपेंद्र, विनोद, रामनिवास, निशा, कंचन, मोती प्रसाद सहित अन्य को पत्र दिया गया।

## सामाजिक अंकेक्षण के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड संसाधन केंद्र सतबरवा में सोमवार को सामाजिक अंकेक्षण के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई की गई। जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना तथा समग्र शिक्षा अभियान के तहत खर्च की गई राशि एवं विद्यालय में विधि व्यवस्था का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। मालूम हो कि बीते माह अगस्त तथा सितंबर 2023 में प्रखंड क्षेत्र के 40 विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण किया गया था जिसमें कई प्रकार के शिकायतें अंकेक्षण दल को मिली थी। जिसमें से कई विद्यालयों के द्वारा कमियों को दूर कर लिया गया था। शेष पांच विद्यालयों की समस्या का समाधान नहीं हो सका था जिसे प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई के माध्यम से ज्यूरी टीम के सदस्यों ने जिला जनसुनवाई हेतु अग्रसारित किया है। ज्यूरी टीम में प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र कुमार तिवारी, प्रतिमा, चंपा कुंवर, राम, सुशील एक्का, चंद्र विकास कुमार तथा राजू साव शामिल थे।

## चतरा लोकसभा के पूर्व सांसद धीरेन्द्र अग्रवाल पांकी पहुंचे



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** चतरा लोकसभा के पूर्व सांसद धीरेन्द्र अग्रवाल लेस्लीगंज होते हुए दोपहर पांकी पहुंचे जहां इनके पुराने कार्यकताओं ने भगत सिंह चौक पर माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद श्री अग्रवाल ने कार्यकताओं से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। उन्होंने कहा की चतरा लोकसभा क्षेत्र मेरी कर्म भूमि रही है और मैं यहां से इग्यारहवीं एवं बारहवीं लोकसभा में भाजपा से एवं चौदहवीं लोकसभा में राजद से सांसद रहा हूं। इस बार भी मैं चुनाव मैदान में हूं। भाजपा मुझे अगर इसबार टिकट देती है तो मैं चुनाव लड़ूंगा और जीत का परचम लहराऊंगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद भी जो मुझे दौरे के क्रम में जनता का प्यार मिल रहा है उसे मैं बयां नहीं कर सकता। इसके पूर्व उन्होंने लातेहार, महुआडांड, नेतरहाट, बारेसांढ, गारू, छिपादोहर, बरवाडीह का दौरा किया और अपने कार्यकताओं, शुभचिंतकों से मुलाकात की। मौके पर जिला पार्षद निधि सिंह,बिनोद यादव, रामकिशुन यादव, नर्वदेश्वर, अमलेश ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### संघर्ष से भरा रहा है मधु सिंह का राजनीतिक जीवन : धीरेन्द्र

चतरा के पूर्व सांसद धीरेन्द्र अग्रवाल क्षेत्र भ्रमण के दौरान झारखंड के पूर्व भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री स्वर्गीय मधु सिंह के जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव बांदूबार, कोनवाई पहुंचे । जहां उन्होंने स्वर्गीय मधु सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री अग्रवाल ने कहा की मधु सिंह का राजनीतिक जीवन उतार चढ़ाव और संघर्षो से भरा रहा।ये गरीबों के मसीहा थे। ये गरीबों,शोषितों,पीड़ितों की आवाज थे। इन्होंने बस के कंडक्टर ,विधायक से लेकर झारखंड सरकार में मंत्री तक के पदों को सुशोभित किया।

## सहायक अवर निरीक्षक अशोक सिंह और संजय कुमार को दी गई विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ थाना में कार्यरत सहायक अवर निरीक्षक अशोक सिंह और संजय कुमार को विदाई दी गई। इस सिलसिले में रामगढ़ थाना परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने किया। बता दें कि अशोक सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई, जबकि संजय कुमार का तबादला होने पर उन्हें विदाई देकर दूसरी जगह भेजा गया। कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, चोरहट के मुखिया मोतीलाल मुंडा, रामगढ़ के मुखिया उमाशंकर प्रसाद, बेडमा बभंडी के मुखिया पति फारूक अंसारी के अलावा संजय जयसवाल, इम्तियाज अंसारी, निकेत कुमार केसरी, अमरेश जायसवाल, धीरज जायसवाल, सहित अन्य गण्यमान्य लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि सरकारी नौकरी में ट्रांसफर पोस्टिंग और सेवानिवृत्ति सामान्य प्रक्रिया है। जो नौकरी में आते हैं उन्हें रिटायर होना पड़ता है और उनका तबादला भी होता है। लेकिन इस अवधि में जो लोग अपने कर्तव्य के प्रति निस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं। समारोह के दौरान दोनों पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर उपहार देकर विदाई दी गई। सेवानिवृत अशोक सिंह को जहां कुशल भविष्य की कामना की गई।

## स्पीड न्यूज

### ब्राह्मण समाज ने किया शशि प्रिया को समानित

**झरिया ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के धनबाद जिलाध्यक्ष पं.अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में सम्मान कार्यक्रम के तहत धनबाद जिला अंतर्गत झरिया निवासी श्री प्रशांत कुमार झा जी की पुत्री श्रीमती शशि प्रिया बीपीएससी परीक्षा में 144 वॉ रैंक ला कर समाज, प्रदेश और देश का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है जिसे आज उनके हौसलाफजाई के लिए अंगवस्त्र,पेन और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रीमती शशि प्रिया ने अपने संघर्षों को पीछे छोड़ते हुए अपने सपनों की मंजिल को हासिल की है जिससे हम सभी खुशी के साथ-साथ गर्व महसूस करते हैं। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश सचिव श्री सत्येन्द्र प्रकाश पाण्डेय, जिला प्रभारी श्री राजीव रंजन त्रिपाठी, सौरभ शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष श्री मदन कांत झा,महामंत्री श्री सरोज कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष श्री दीपक कुमार झा, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती रौशनी पाण्डेय, मुख्य प्रवक्ता पं.विनोद शास्त्री , श्री अनिल तिवारी उपस्थित रहे।

### नप क्षेत्र में टेंट हाउस को पेवर ब्लॉक ना उखारने का दिया निर्देश

**बेरमो /फुसरो।** नगर परिषद फुसरो में नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार ने का नप क्षेत्र के सभी डेकोरेटर टेंट हाउस के मालिकों को निर्देश दिया कि फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में जहा भी पेपर ब्लॉक बिछा है उसे टेंट लगाने के क्रम में ना उखाड़े। उन्होंने यह आदेश नप क्षेत्र के सभी टेंट हाउस मालिकों के साथ नप कार्यालय में बैठक आयोजित कर दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी डेकोरेटर टेंट हाउस के मालिकों से कहा कि अगर पेपर ब्लॉक उखाड़ कर कार्य करने की जरूरत परती है तो उसके लिए नगर परिषद से लिखित रूप से परमिशन लेना होगा। प्रशासक द्वारा जो टेंट हाउस वाले कार्य कर रहे है, जिनके यहां काम कर रहे है सारा विवरण मोबाइल नंबर के साथ उन्हें नगर परिषद से आदेश लेने हेतु निर्देशित किया गया।

### फुसरो नप कार्यालय में स्वनिधि से समृद्धि शिविर का आयोजन

**बेरमो /फुसरो।** नगर परिषद फुसरो के सभागार में स्वनिधि से समृद्धि शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 6 नवंबर से प्रारंभ होकर 11 नवम्बर तक आयोजित किया जायेगा। शिविर का उदघाटन नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार, सिटी मिशन मैनेजर सुजीत त्रिवेदी के द्वारा किया गया। सिटी मिशन मैनेजर सुजीत त्रिवेदी ने कहा कि फुसरो नगर परिषद के सभी स्ट्रीट वेंडर लाभुको का प्रोफाइलिंग किया जाएगा। स्वनिधि से समृद्धि योजना अन्तर्गत सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग किया जाएगा। शिविर के माध्यम से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, भवन और अन्य श्रमिक योजना में निबंधन, प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना, वन नेशन-वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदन योजना के साथ योग्य लाभुको को लिंक किया जाना हैं।

### अज्ञात हाइवा के टाटा नेक्सोन कार को मारी जोरदार टक्कर

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडारीदह-तांतरी मुख्य सड़क मार्ग के न्यु दामोदर पुल के समीप रविवार को बीती रात लगभग दो बजे किसी अज्ञात हाइवा ने टाटा नेक्सोन कार जेएच 09 ए जेड 5261 को सीधी टक्कर मार दी। इससे कार एसआरयू प्लांट के बाई पास रोड में जा गिरा। वहीं ड्राइव कर रहे कार मालिक के दोस्त सारदा कॉलोनी निवासी बिक्की दिगार बाल बाल बच गए।

### ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने में लगी है बेरमो पुलिस

बेरमो। फुसरो बाजार में ट्रैफिक व लोगों के आवागमन की समस्याओं को देखते हुए बेरमो पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया। रविवार को पुलिस ने जगह-जगह फुसरो बाजार में साइन बोर्ड लगवाया। ताकि फुसरो बाजार में ट्रैफिक के कारण जाम की स्थिति बना नहीं रहे। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से दुरूस्त हो जाये। बेरमो पुलिस का कहना है कि फुसरो बाजार में वाहन सवार लोग ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करते हुए इधर-उधर के रास्ते से आना जाना करते है। जिस कारण बाजार में अकसर जाम की स्थिति बनी रही है और राहगीरों को परेशानी होती है। जिसे देखते हुए साइन बोर्ड लगवाया जा रहा है।

# एनटी-एसटी जीनागोरा विभागीय परियोजना में विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**अलकडीहा( झरिया)।** लोदना प्रबंधन द्वारा एन टी एस टी जीनागोरा एकीकृत परियोजना को एमडीओ मोड में देने के विरोध में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कर्मियों ने जीनागोरा कार्यालय के समीप सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रबंधन विरोधी नारे लगाए गए। निजी मालिकों के हाथो मे परियोजना देना बंद करें आदि नारे भी लगाए गए। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन एकीकृत एनटीएसटी जीनागोरा विभागीय परियोजना को निजी मालिकों के हाथों में एमडीओ मोड़ के तहत देना चाह रही है। जिसकी प्लानिंग पूरी तरह से हो चुकी है। यूनियन नेताओं का कहना था कि यदि विभागीय परियोजना एमडीओ मोड में चली गई तो ठेकेदारों के द्वारा परियोजना से कोयला निकालने का काम किया जाएगा। कोयला बेचने का अधिकार भी उन्हीं को मिलेगा।

**1309 कर्मियों भविष्य पर खतरा:** जिससे यहां के काम करने वाले 1309 मजदूरों की स्थिति बद से बदतर हो जाएगी। मजदूरो की छटनी होगी तथा सरप्लस मजदूर दिखाकर दूसरे सब्सिडियरी में मजदूरों को भेजने का काम किया जाएगा नहीं तो जबरन वीआरएस दिलाकर नौकरी से छुट्टी कर दी जाएगी। प्रत्येक माह वेतन मिलना मुश्किल हो जाएगा। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि लोदना क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। संयुक्त मोर्चा के नेताओं का कहना है कि किसी भी कीमत पर परियोजना को एमडीओ मोड में जाने नहीं दिया जाएगा।

**कल एनटीएसटी गेट पर प्रदर्शन :** इसके लिए 7 नवंबर को एनटीएसटी कार्यालय के मुख्य द्वार पर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा जाएगा। संगठन को मजबूत बनाने तथा प्रबंधन पर दबाव डालने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मजदूरों को विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए आवाहन किया।

**ये रहे शामिल :** विरोध प्रदर्शन करने वालों में संयुक्त मोर्चा के संयोजक रितेश निषाद ,अनिल सिंह ,राय बाबू सिंह, धर्मेंद्र राय , विनोद पासवान, गणेश पासवान , सुजीत मंडल, उज्जवल दे, मनोज पासवान लक्ष्मीकांत निषाद, केल्विन तिर्की, फागु नापित, वीरेंद्र पासी, कन्हैया सिंह, संतोष मिश्रा, बंटी सिंह,आदि शामिल थे।

# धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता, सात मोटरसाइकिल समेत दो अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद पूलिस ने अन्तरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का उद्भेदन किया है। बताते चले की 5 नवंबर को वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेश अनुसार स.अ.नि. मनोज कुमार ओझा मैथन ओपी के द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान संदिग्ध व बिना नंबर के पंजीयन संख्या अंकित मोटरसाइकिल सवार को जांच हेतु रुकवाया गया, जो पुलिस बल को देखकर भागने लगा। जिसे पीछा कर पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में मोटरसाइकिल सवार के द्वारा अपना नाम प्रदीप नाग उर्फ सुदीप उम्र 21 वर्ष पिता अजीत नाथ साकीम गोपालपुर कॉलोनी थाना निरसा जिला धनबाद बताया गया साथ यह भी बताया कि उसके द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर धनबाद जिला के अन्य क्षेत्रों से मोटरसाइकिल की चोरी कर धनार्जन हेतु बिक्री किया जाता है। इसके बाद मैथन पुलिस पदाधिकारी के द्वारा गिरफ्तार प्रदीप नाग की निशान देही पर उसके अन्य सहयोगी शेख अफाजुद्दीन उर्फ हाफिज उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय शेख स्माइल साकिम खुलितडंगाल नियर पंचायत भवन मदनपुर थाना एमपीएल ओपी जिला धनबाद को पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में पकड़े गए अपराधी शेख अफजल उद्दीन के द्वारा स्वीकारूकती बयान में अपने अपराध को स्वीकार करते हुए बताया गया कि उसके द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर धनबाद जिला के अलग-अलग क्षेत्र से मोटरसाइकिल की चोरी कर उसे मोडिफाइड कर कोयला चोरी करने वाले अपराधियों को तथा अन्य व्यक्तियों को बिक्री किया जाता था। जिसके बाद गिरफ्तार दोनों अपराधियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थान से चोरी के कुल सात मोटरसाइकिल को बरामद कर जप्त किया गया है।

उक्त कांड में शेष अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी व सुसंगत साथ संकलन किया जा रहा है। गिरफ्तार अपराधी प्रदीप नाग का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। छापामारी दल में मुख्य रूप से अमर कुमार पांडे झारखंड पुलिस सेवा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन धनबाद पुलिस अवर निरीक्षक विकास यादव ओपी प्रभारी मैथन ओपी, मनोज कुमार ओझा मैथन ओपी मधुसूदन महतो मैथन ओपी अनुसंधान करता एवं थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे।

### पर्जन्य बी एड कॉलेज के छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान में निकाली रैली



**सिंदरी ।** बीबीएमकेयू से संबद्ध पर्जन्य बी एड कॉलेज पहाड़पुर बलियापुर के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत सोमवार को सिंदरी के नेहरू मैदान से रैली निकाला और शहरपुरा बाजार भ्रमण कर वापस नेहरू मैदान लौट गए। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशा करता है खराब, मिलकर करो इसका बहिष्कार रहा। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने रैली और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशा छोड़ने की अपील की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी सह कॉलेज कोषाध्यक्ष तारा देवी ने लोगों से नशा मुक्ति के लिए शपथ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त क्षेत्र में रहनेवाले लोगों का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। सभी लोगों को नशा मुक्ति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज प्राचार्य डॉ स्मृति नागी, प्रो कार्तिक दाँ, प्रो संदीप तिवारी, प्रो संतोष राम, भाजपा नेता दिनेश सिंह, शैलेश सिंह, मनोज मिश्रा, अरविंद खत्री, विजय सिंह, प्रकाश बाउरी, बृजेश सिंह, शैलेंद्र द्विवेदी, इंदुबाला, चंद्रावती देवी सहित कई सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-23-24-25, दिनांक 03.11.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है । **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** रामगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन के पास विकास नगर में 3.05 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान के कारण ओएचई का रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 5,56,063.63। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 11,100/-। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.11.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते है। (PR-775)

### डीपीएस में द्विवार्षिक हाउस फंक्शन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में आयोजित द्विवार्षिक उन्मेष - होगा कल सुनहरा नामक हाउस फंक्शन कार्यक्रम में गंगा व यमुना हाउस के विद्यार्थियों ने नृत्य व संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसपी प्रियदर्शी आलोक व विशिष्ट अतिथि सीईओ ईएसएल आशीष कुमार गुप्ता ने क्रमशः अपने एकेडमिक करियर के पलों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मूल मंत्र भी दिए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की सराहना की। यमुना हाउस की वार्डन प्रीतिलता सेठ द्वारा स्वागत भाषण के बाद गंगा हाउस के विद्यार्थियों ने वंदे मातरम गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। वार्डन कुमार अनुराग और प्रीतिलता सेठ ने अपने अपने हाउस की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यार्थियों ने कव्वाली और वाद्य यंत्रों से सुरमयी संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन डायरेक्टर नवीन शर्मा कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे डीन एकेडमिक जोस थॉमस डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल सैकड़ों अभिभावक सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा11 के अरिशा राजेश्वरी यायाह मसूद और कक्षा 9 के आयुष ने किया।

### जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम संपन्न



**बोकारो/ चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन व सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होकर विजयी हुए प्रतिभागियों को डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान के सम्मेलन कक्ष में वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर जीएम पीके मिश्रा और डीजीएम टीटी दास ने उपहार और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि सतर्कता जागरूकता का मतलब हमें खाना पूर्ति नहीं करना बल्कि संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सही तरीके से काम करना है। पीके मिश्रा ने प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम सभी मिलकर भारत के संविधान के अनुरूप कार्य करें । कार्यक्रम में डीजीएम टीटी दास केके सिंह केएम प्रियदर्शी को भी सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन सतर्कता पदाधिकारी राजकुमार चौधरी ने किया । समारोह में वरीय प्रबंधक दिलीप कुमार रंजीत चौबे आदि उपस्थित थे।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार**
**संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार- 829206**

**कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना का पुनः प्रकाशन**

कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना का प्रकाशन PR.No.306335 Agriculture (2023-24)_D के द्वारा किया गया था जिसकी अंतिम तिथि 20.09.2023 तक निर्धारित की गयी थी जिसे अंतिम रूप से बढ़ाते हुए दिनांक 25.11.2023 के अपहराह्न 05:00 बजे तक किया जाता है।

परियोजना निदेशक
आत्मा, लातेहार

PR 310693 Agriculture (23-24)_D

### कुंडौरी डाकघर में एक महीने से कामकाज ठप




**बोकारो।** तुपकाडीह के कुंडौरी शाखा डाकघर में विगत एक सप्ताह से कामकाज बंद है। कारण पोस्टमास्टर का इस्तीफा देना बताया जा रहा है। रोज विभिन्न काम से पोस्ट आफिस का चक्कर लगाने वाले ग्रामीणों ने बताया कि पहले के पोस्ट मास्टर रोहित कुमार का बिहार के नवादा जिला में शिक्षक की नौकरी लग जाने के कारण वे यहां से इस्तीफा देकर चले गए हैं। पोस्ट मास्टर नहीं रहने के कारण विद्यार्थियों के लिए नये पासबुक बनाने रुपये की जमा निकासी करने पत्रादि भेजने में काफी परेशानी हो रही है। कनारी पंचायत के उप मुखिया राजू महतो ने सहायक डाक अधीक्षक बोकारो से जल्द नया पोस्ट मास्टर देने की मांग की है।

# भवन में लगे खिड़की दरवाजे चोरों ने उड़ाये, बाकी को दीमक चाट रहे

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के ग्राम पंचायत दुगार्पुर में 34 लाख की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र बना है लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण चालू नहीं हो सका । ग्रामीणों के अनुसार 34 लाख की लागत से आधा अधूरा ही रांची के संवेदक बनाकर कसमार के चिकित्सा पदाधिकारी को हैंडओवर कर दिया गया था। आखिर भवन पूर्ण हुआ ही नहीं तो हैंडओवर किस स्थिति में किया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि दुगार्पुर उप स्वास्थ्य केन्द्र में डीप बोरिंग आधा अधूरा शौचालय पैन बिजली वायरिंग वहीं कई खिड़की दरवाजे भी आधा अधूरा ही छोड़कर कैसे स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द करके ठेकेदार चला गया यह उच्चस्तरीय जांच का विषय है। बाकि लगे कुछ सामान चोरों द्वारा चोरी करके ले जा रहे है। अनुपयोगी सामान को दीमक चाट रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री तथा बोकारो सिविल सर्जन के उदासीनता के कारण यह भवन बेकार पड़ा हुआ है। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ बीपी गुप्ता ने बताया कि ठेकेदार द्वारा भवन पूर्ण के बाद ही ठेकेदार से हैंडओवर हुआ है लेकिन सुनसान स्थान में होने के कारण भवन में लगे समान की चोरी हो रही है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मी तथा डॉक्टरों की कमी की बात बताई है।

**रॉंची समाहरणालय,रॉंची**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई)**

**गुमशुदा बालक की सूचना**
**(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)**

. नाम- अज्ञात
. लिंग- बालक
. पिता का नाम- अज्ञात
. माता का नाम- अज्ञात
. पता- अज्ञात
. उम्र - 16 वर्ष (लगभग)
. रंग - सांवला



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, रॉंची के आदेशानुसार सहयोग विलेज, खुंटी में एक बालक आवासित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, रॉंची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर-
1.बाल कल्याण समिति, रॉंची रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन-ब्लॉक बी,कमरा संख्या-110
2.जिला बाल संरक्षण इकाई, रॉंची।
रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन-ब्लॉक बी,कमरा संख्या-111
सम्पर्क नम्बर-6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रॉंची। | जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची।

PR310757 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

# बुजुर्गों की सेवा सम्मान के साथ मन स्थापना दिवस

## 17 वर्षों से बुजुर्गों की निरंतर सेवा लालमणि का एक प्रेरणादायक एवं प्रशासनीय कार्य : मथुरा प्रसाद महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद ।** लोहारबरवा टुंडी रोड कदैया ग्राम स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम का 17 वां स्थापना दिवस बहुत ही शानदार एवं बुजुर्गों के प्रति हार्दिक रूप से समर्पित नमन एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम के महिला एवं पुरुष बुजुर्गों का ध्यान रखने वाले मददगार बेटे बेटिया अपने पूरे परिवार के साथ आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा सम्मान कर उनका आत्मिक हार्दिक आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद महतो एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। आश्रम में बने मंच पर सभी अतिथियों आए हुए पत्रकारों का पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर उनके द्वारा आश्रम में सालों भर किए गए कार्यों,योगदान के लिए आश्रम प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। और मंच पर 17वां स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटकर बुजुर्गों की सेवा का शपथ लिया गया। स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह में आश्रम के सभी महिला एवं पुरुष बुजुर्गों के चेहरे पर लोगों का सेवा, सम्मान आदर देखकर एक संतोषजनक एवं सुकून दायक मुस्कान और अद्भुत खुशी झलक रही थी। मुख्य अतिथि टुंडी के मथुरा प्रसाद महतो ने कहा मैं नौशाद गद्दी एवं समस्त आश्रम प्रबंधन को बुजुर्गों की लगातार 17 साल से सेवा सम्मान का महान कार्य के लिए हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद देता हूं। यह लालमणि आश्रम प्रबंधन का बहुत ही प्रशंसा का विषय है।आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा 17 वर्ष पूर्व दो कमरों से हम तीन दोस्तों स्वर्गीय मनोरंजन सिंह स्वर्गीय रामजी यादव ने इस आश्रम की नींव रखी थी और आज हमारा सपना सफल होता दिख रहा है कि सारे धनबादवाशी जिसमें पुलिस प्रशासन, छात्र-छात्राएं, परिवार, स्कूल प्रबंधन, कॉलेज प्रबंधन, सामाजिक संस्थाएं यथासंभव इन बुजुर्गों की यहां पहुंचकर सेवा सम्मान कर रहे हैं उनका हाल-चाल पूछ रहे है।

**झारखण्ड सरकार**
**राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार झारखण्ड, रॉंची**

**आम सूचना**

राज्य सरकार के संकल्प सं०-1441, दिनांक-10.03.2016 द्वारा राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार का गठन किया गया है। राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार (राज्य समिति) के समक्ष पुलिस उपाधीक्षक से अन्यून कोटि के पुलिस पदाधिकारियों के संबंध में निम्नांकित प्रकृति के परिवादों/आरोपों से संबंधित मामलें लाये जा सकते है :-
(क) गंभीर प्रकृति के अवचार (Misconduct),
(ख) पुलिस कस्टडी में शारीरिक यंत्रणा, बलात्कार, घोर अपहित या मृत्यु,
(ग) किसी की संपत्ति/मकान को हड़पना/जबरन कब्जा करना या कराना,
(घ) अवैध वसूली एवं,
(ड.) पद का दुरूपयोग, अवैध निरोध अथवा कोई भी अन्य ऐसा अपराध जिसके लिए कानूनन दस वर्ष या अधिक की सजा विहित हो।

उक्त कोटि के शिकायतों से संबंधित परिवाद पत्र संबंधित पीड़ित व्यक्ति या उसकी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा प्राधिकार में दायर कराया जा सकता है। प्राधिकार का डाक पता, दूरभाश, Email id एवं Website निम्नवत है :-
1. डाक पता - अध्यक्ष, राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार,ई०-4/8, साकेत नगर (इंदिरा पैलेस के पीछे),हिनू, 834002, झारखण्ड, रॉंची।
2. दूरभाष -0651-3160984
3 .E-mail-jspca2016@gmail.com
4. Website-http://jspca.jharkhand.gov.in/

शिकायतकर्ता अपने पत्राचार का पता और मोबाईल नम्बर का उल्लेख करते हुए प्रतिशपथ पत्र के साथ शिकायत दर्ज करा सकता है।

अध्यक्ष के आदेश से,
(दयानन्द कुमार) सरकार के अवर सचिव,
राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार,झारखण्ड, रॉंची

PR 310764 (Police)23-24*D

## जीतता भारत

देश के खेलों के इतिहास में इस प्रकार की जीत पहली बार भारतीयों में गर्व की अनुभूति करा रही है। एक ओर जहां क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम की जीत का सिलसिला रिकार्ड तोड़ रहा है तो वही झारखंड में आयोजित एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी सभी मैचों में जीत दर्ज कर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। देश के खेलों के इतिहास में ऐसा प्रदर्शन पहली बार देखने को मिल रहा है। खेल में हमारी प्रतिभा जिस प्रकार निखर रही है उसे अब भारतीय गौरव से जोड़कर देखना होगा। खेल भावना निश्चित तौर पर एक विकसित होते देख का प्रतीक है। भारतीय खेल को लेकर विगत दशकों में एक अजीव निराशाजनक तस्वीर पेश की जाती थी जब खेल के राजनीतिकरण और खेलों के आयोजन में घपला- घोटाले की खबर सामने आती थी। लेकिन अब हर कोई महसूस कर रहा है कि हमारी खेल नीतियों का असर हमारे देश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर साफ दिख रहा है। वैसे 1983 के विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ी तो हॉकी में देश का प्रदर्शन लगातार बेहतर ही रहा। हॉकी में विशेषकर झारखंड की महिला खिलाड़ियों ने जिस प्रकार का प्रदर्शन किया उससे राज्य में खेल के विकास को एक गति मिलेगी इसमें कोई संशय नहीं है। केन्द्र और राज्य की सरकारें जिस प्रकार खेल को महत्व दे रही है उसे और अधिक बढ़ाने गांव, पंचायत और सभी स्कूल कॉलेजों में खेल की गतिविधियों को अधिक से अधिक महत्व देने के कारण ही आज खेलों में हमारी जीत सुनिश्चित हो रही है। विश्वास है कि हर खेल प्रतियोगिता में हमारा प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जाए यह आज की जरूरत है। अब देश में खेल भी युवाओं के लिये एक बड़ा उदेश्य बनता जा रहा है जहां नाम भी है और पैसा भी। यह जीतते भारत की स्वर्णिम अध्याय का आंरभ है।

## तेल की कीमत

दुनिया में तेल के तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में, भारत कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर एशिया में सबसे ज्यादा प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। तेल की कीमतों में 10 डॉलर की बढ़ोतरी से मुद्रास्फीति 50 बेसिस पॉइंट तक बढ़ जाती है और करंट अकाउंट बैलेंस में 30 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी होती है। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मॉर्गन स्टेनली ने चेतावनी दी है कि अगर तेल 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चला गया तो यह भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है। इससे घरेलू ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं और मुद्रास्फीति पर प्रभाव पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, करंट अकाउंट डेफिसिट के जीडीपी की 2.5% सीमा से ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। आरबीआई ने लगातार चार बार अपनी ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा है। आरबीआई को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मुद्रास्फीति उसके 4% के लक्ष्य से ऊपर रहेगी। आरबीआई कच्चे तेल की 85 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर अपना पूवानुर्मान लगा रहा है, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि तेल की कीमतें भारत में मुद्रास्फीति का प्रमुख चालक हैं। यदि तेल की कीमतें 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बढ़ती हैं, तो इससे मुद्रास्फीति बढ़ सकती है और आरबीआई को ब्याज दरें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।मॉर्गन स्टेनली का मानना है कि अगर तेल की कीमतें 95 डॉलर प्रति बैरल पर रहती हैं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था मैनेज में सक्षम होगी और आरबीआई के लिए ब्याज दरों को मौजूदा स्तर पर बनाए रखने की ज्यादा संभावना होगी। भारत में कच्चे तेल की कीमतें नवंबर में थोड़ी कम होकर औसतन 87.09 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं, जबकि अक्टूबर में यह 90.08 डॉलर प्रति बैरल पर थीं। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड सोमवार को 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कारोबार कर रहा था।

# खाद्यान्न निर्यात का उम्मीदों भरा परिदृश्य




यकीनन इस समय देश में प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन का सुकूनभरा परिदृश्य दिखाई दे रहा है। हाल ही में कृषि मंत्रालय द्वारा जारी खरीफ सत्र के प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक देश में इस बार खरीफ सत्र में करीब 15.05 करोड़ टन रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होने की संभावना है। पिछले वर्ष खरीफ सत्र में करीब 14.95 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ था। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2020-21 में कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 30.86 करोड़ टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है। इस वर्ष भी यह स्थिति कायम रहने की उम्मीद है।

देश में ऐसे प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के तीन बड़े फायदे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। एक, इससे खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। दो, अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन से देश की खाद्यान्न मांग की पूर्ति सरलता से हो रही है तथा देश के पास खाद्यान्न का सुरक्षित भंडार उपलब्ध है। तीन, अमेरिका तथा ब्राजील सहित दुनिया के कई कृषि निर्यातक देशों में खराब मौसम के चलते फसल को नुकसान पहुंचा है और खाद्यान्न के वैश्विक बाजार में कृषि जिंसों की कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में भारत से अधिक कृषि निर्यात बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने का मौका है।

इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि कोरोना महामारी की अकल्पनीय मानवीय और आर्थिक आपदाओं के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान देश से 41.25 अरब डॉलर मूल्य के कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का निर्यात किया गया। यह निर्यात मूल्य वर्ष 2019-20 के 35.15 अरब डॉलर मूल्य की तुलना में 17.34 फीसदी ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष 2021-22 में कृषि निर्यात और अधिक ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकता है।

दुनिया के कई खाद्य निर्यातक देश पिछले वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी के व्यवधान के कारण चावल, गेहूं, मक्का और अन्य कृषि पदार्थों का निर्यात करने में पिछड़ गए, ऐसे में भारत ने अनाज, गैर-बासमती चावल, गेहूं, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाजों के निर्यात में भारी वृद्धि का अध्याय लिखा है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं।

देश से कृषि पदार्थों के निर्यात इसलिए बढ़ रहे हैं, क्योंकि देश में कृषि विकास के रणनीतिक प्रयासों से आंतरिक खाद्य जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति के अलावा बड़े पैमाने पर अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है। विगत 28 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के समारोह में कहा कि बीते 6-7 सालों में साइंस और टेक्नॉलॉजी को खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया जा रहा है। किसानों की जमीन को सुरक्षा देने के लिए, उन्हें अलग-अलग चरणों में 11 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए हैं। ऐसे में कृषि निर्यात संबंधी विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने विशिष्ट वर्चुअल वैश्विक कृषि व्यापार मेलों और देश के कृषि पदार्थों के निर्यातकों के साथ वैश्विक खरीदारों की अलग-अलग इंटरैक्शन मीट आयोजित की। इतना ही नहीं, एपीडा ने कृषि निर्यात से विभिन्न विभागों के साथ निकट समन्वय स्थापित किया और निर्यात को बढ़ाने के लिए दिन-प्रतिदिन के आधार पर कृषि निर्यातकों के साथ सम्पर्क बनाए रखा। इसके साथ-साथ केला, अंगूर, प्याज, आम, अनार, पुष्प आदि के लिए निर्यात संवर्धन मंच (ईपीएफ) की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि कृषि पदार्थों के निर्यात बढ़ाने में भारत के कृषि मानकों की वैश्विक मान्यता ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत के पास खाद्यान्न, ताजे फल और सब्जियां, प्रसंस्कृत उत्पाद आदि से संबंधित करीब 130 भौगोलिक संकल्प (जीआइ) हैं। ज्ञातव्य है कि भौगोलिक संकेत उत्पाद की विशेषताओं को दशार्ता है। इससे उत्पाद का बाजार मूल्य बढ़ता है और उपभोक्ता उत्पाद की गुणवत्ता और विशेषता से खरीदी के लिए आकर्षित होते हैं।



-जयंतीलाल भंडारी

> अब कृषि निर्यात के डगर पर दिखाई दे रहे कई अवरोध भी दूर किए जाने होंगे। उदाहरण के लिए, पशुधन के मामले में, आयात करने वाले कई देश मांस और दूध से बने उत्पादों के लिए फूड एंड माउथ रोग मुक्त स्थिति की शर्त लगा रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ देशों की शर्त यह भी है कि निर्यात की जाने वाली उपज कीट मुक्त क्षेत्रों से होनी चाहिए।

इनके अलावा देश से कृषि निर्यात बढ़ने के कई अन्य कारण भी दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने नयी कृषि निर्यात नीति के तहत ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया है। निर्यात किए जाने वाले कृषि जिंसों के उत्पादन व घरेलू दाम में उतार-चढ़ाव पर लगाम लगाने के लिए रणनीतिक कदम उठाए गये हैं।

लेकिन हमें देश से कृषि निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक रणनीतिक कदम बढ़ाने होंगे। यद्यपि देश गेहूं, चावल और चीनी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और इनका निर्यात भी हो रहा है। लेकिन अब देश में दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता के साथ इनके निर्यात का दूरगामी लक्ष्य भी सामने रखे जाने होंगे। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में सरकार ने जिस तरह 11,040 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय खाद्य तेल पाम ऑयल मिशन (एनएमईओ-ओपी) लागू किया है, ऐसे और बड़े अभियानों की जरूरत है। सरकार द्वारा छोटे किसानों की फसलों को बाजार समर्थन दिलाने के अन्य विकल्पों में स्थानीय खपत को बढ़ाने और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) को दोबारा खड़ा करना लाभप्रद होगा।

अब कृषि निर्यात के डगर पर दिखाई दे रहे कई अवरोध भी दूर किए जाने होंगे। उदाहरण के लिए, पशुधन के मामले में, आयात करने वाले कई देश मांस और दूध से बने उत्पादों के लिए फूड एंड माउथ रोग मुक्त स्थिति की शर्त लगा रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ देशों की शर्त यह भी है कि निर्यात की जाने वाली उपज कीट मुक्त क्षेत्रों से होनी चाहिए। इन अवरोधों को दूर करने के लिए संबंधित देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों के माध्यम से वाताएं तेजी से आगे बढ़ाई जानी होंगी। उम्मीद है कि देश से चालू वित्त वर्ष 2022-23 में कृषि निर्यात और अधिक बढ़ेगा।

### खास बात

## प्रभाष जी की याद में

**गौरव अवस्थी**

प्रभाष जोशी जी आज होते तो 85 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे होते। 11 बरस हो गए, बात याद आती है, वर्ष 2007 में उनके रायबरेली आगमन की। हम सबने आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग प्रेरक सम्मान उन्हें समर्पित करने का संकल्प लिया। इस संकल्प को सिद्ध प्रभाष जी ने रायबरेली पधार कर किया था। लखनऊ एयरपोर्ट पर हम लोग उन्हें लेने गए। ₹मालवा के मान₹ माने जाने वाले प्रभाष जी इनसाइक्लोपीडिया तो थे ही। चलती-फिरती पाठशाला भी थे। प्रभाष जी के साथ वह यात्रा हमारे ज्ञान का वर्धन और नाम की नई व्याख्या करने वाली साबित हुई। प्रभाष जी ने सामान्य बातचीत में इतिहास के उस पक्ष को बताना शुरू किया, जिसे हम अपनी अल्पबुद्धि से कभी महसूस नहीं कर सकते थे। अवध के इस अंचल में अधिकांश गांवों के नाम के आगे गंज या खेड़ा लगा होता है। बातों-बातों में ही प्रभाष जी ने साफ किया कि गंज मुसलमान शासकों के बसाए हुए हैं और खेड़ा मराठा शासकों के राज्य विस्तार के प्रतीक हैं।

बहुत ही सहज तरीके से उन्होंने कहा कि अगर मालवा में होते तो आपके नाम का उच्चारण गौरव नहीं गऊ-रब होता। अपने नाम की नई व्याख्या सुनकर मन प्रफुल्लित हुआ। अभी तक तो गौरव नाम की व्याख्या गर्व से ही सुनता-पढ़ता आया था। कई विशिष्ट जनों की मंगलकामनाएं भी इस नाम के अनुरूप प्राप्त होती रही हैं।

गाजियाबाद के उनके वसुंधरा वाले आवास पर एक बार मिलने जाने का संयोग बना। उस यात्रा में अनुज विनय द्विवेदी भी साथ थे। पहुंचने पर प्रभाष जी ने अपने ही अंदाज में जिस तरह आदरणीय चाचीजी (श्रीमती ऊषा जोशी जी) को आवाज दी थी, वह शब्द आज भी मन में गूंजते रहते हैं-अरे देखो! तुम्हारे मायके वाले आए हैं। चाचीजी कानपुर की हैं और हम मूल रूप से उन्नाव के। कर्मभूमि रायबरेली। इसके पहले वह वर्ष 2005 में अपने गुरु डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करने भी हम लोगों के अनुरोध पर पधार चुके थे। उन्हें पता था उन्नाव और कानपुर एक है। उनकी वह आवाज और चाचीजी का अतिशय प्रेम आज भी भुलाए भूलता नहीं।

## एकाग्र मन

### धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**जीवन** में सफलता के लिए मानसिक एकाग्रता की नितांत आवश्यकता है। इससे मानसिक शक्तियों का जागरण तथा परिवर्धन होता है, किंतु इसकी सिद्धि संभव तभी है, जब मनुष्य की विचारधारा शुद्ध, प्रबुद्ध एवं उपयोगी हो । विचारों की यह विशेषता तभी प्राप्त होती है, जब मनुष्य सच्चाई के साथ जीवन का कोई लक्ष्य लेकर चलता है। इस प्रकार सबसे पहले अपने जीवन का एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित किया जाए। उसी के अनुरूप विचार, चिंतन और मनन करते रहा जाए। इससे हृदय में एक गंभीरता का समावेश होगा। बाहर की सारी चंचलताएँ और अंदर की सारी चंचलताएँ नष्ट होती चलेंगी और तब मन में एकाग्रता का भाव आने लगेगा।

मन की एकाग्रता की उपलब्धि होते ही मनुष्य के अंदर सोई सारी शक्तियाँ जाग उठेंगी, जिनके बल पर वह असंभव दीखने वाले कामों को भी संभव कर सकता है। बिखरे मन और विशृंखल शक्ति से संसार में कोई भी बड़ा काम नहीं किया जा सकता। अपनी शक्तियों का नियोजित उपयोग ही वह उपाय है, जिससे किसी भी कार्य की सिद्धि प्राप्त की जाती है, किंतु इस उपाय का प्रयोग एकमात्र एकाग्र मन पर ही निर्भर है। अस्तु मनुष्य को अभ्यास अथवा साधना द्वारा मानसिक एकाग्रता प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए।

**अंतःकरण**-पावित्रय, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं और अवसरों का अखंड स्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

### रोचक ट्वीट

**काफी** अकेला हूं ! या अकेला काफी हूं...! नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**– अनुपम खेर अभिनेता**





**गडगरी जी ने कहा**
**हमारे** देश में टैलेंटेड लोग बहुत हैं,लेकिन सिस्टम में घुसे बैठे लोगों को नई आविष्कारी सोच से परहेज है। इन्हें बदलाव के लिए तैयार होना होगा,मानसिकता बदलनी होगी।

**–महेश पोद्दार, सांसद**

# देश में सुगमतापूर्ण शिक्षा की दिशा में उठाने होंगे कदम

**वरुण गांधी**

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांछित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। संगीता कश्यप मध्य प्रदेश की 46 वर्षीय स्कूल शिक्षिका हैं, जो इंदौर और आसपास के इलाके के मशहूर सरकारी अहिल्या आश्रम स्कूल में पढ़ाती हैं। पीटीआई की अगस्त, 2014 की खबर के अनुसार, अपने 24 साल लंबे करियर में पिछले 23 वर्षों से वह ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली की ऐसी दुसाध्य बीमारियों को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुरुस्त करना चाहती है।

ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-

### शिक्षा

शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए। उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। और अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा।

कला संकाय (मानविकी) को लेकर हमारी लंबी उपेक्षा आखिरकार सुधर जाएगी। नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश के संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्डों को तीन भाषाओं (राज्य और क्षेत्र के हिसाब से) के विकल्प का अधिकार दिया जाएगा, जबकि संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक संस्थानों में बदल दिया जाएगा।

### कॉर्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

#### कार सेवा का आग्रह

**मुसलमानों** ने श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए कार-सेवा करने का प्रस्ताव रखा है। यह निश्चित रूप से एक स्वागतयोग्य कदम है। देश में भाईचारे को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यों को बढ़ावा देने का हरसंभव प्रयास होना चाहिए। वहां मस्जिद के साथ-साथ सर्व धर्म समभाव को बढ़ावा देने वाला एक केंद्र भी स्थापित किया जायेगा। धर्म सदैव जोड़ता है तोड़ता नहीं यह तय है। **– राजीव सिंह, कोडरमा**

#### मंदिर पर गतिरोध

**आजाद** भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की। इन कहानियों को सुनने के बाद आपको लिए सोमनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहेगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती। **– सुनीता उरांव, सिमडेगा**

# वैवाहिक संबंधों में बढ़ती कठिनाइयां और हम

**मृत्युंजय प्रसाद**

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने पत्नी के सिंदूर लगाने और चूड़ी पहनने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को पत्नी से तलाक लेने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि महिला रीति-रिवाजों को नहीं मान रही, इसका मतलब है कि वह शादी को स्वीकार नहीं कर रही है। पत्नी का भी यही कहना था कि वह उस आदमी को अपना पति नहीं मानती। फिर भी तलाक के लिए दोनों के बीच लंबा मुकदमा चला, बल्कि हाई कोर्ट से पहले फैमिली कोर्ट ने तलाक का फैसला देने से भी मना कर दिया था। इस मामले में मुकदमा लड़ने वाले पति-पत्नी की शादी 2012 में हुई थी और अगले ही साल पत्नी ने शादी को मानने से इन्कार करते हुए पति का घर छोड़ दिया था। इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की एप्लीकेशन लगाई थी, जो वहां से खारिज हो गई थी। फिर मामला हाई कोर्ट पहुंचा, जहां पत्नी ने बयान दिया था, मैं अभी सिंदूर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं इस आदमी को अपना पति नहीं मानती। हाई कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने उचित परिप्रेक्ष्य में साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं किया है। साथ यह भी कहा कि प्रतिवादी यानी कि पत्नी का ऐसा रुख उसके स्पष्ट इरादे की ओर इशारा करता है कि वह पति के साथ अपने वैवाहिक जीवन को जारी रखने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पति का पत्नी के साथ विवाह में बने रहना,

### समाज

अपीलकर्ता पति और उसके परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न माना जाएगा।

...हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में पेचीदगियां बढ़ी हैं। ऐसे में यह सिंदूर और शांखा न अपनाने का मामला नहीं, बल्कि एक घिसटते रिश्ते पर विराम लगाकर जिंदगी में आगे बढ़ने की बात कहने वाला फैसला है। इस मुकदमे में पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ तीन आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना प्रमुख थी। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के कानून पर कहा था कि इसका इस्तेमाल गलत तरीके से करना अब आम बात हो गई है।

हमारी अदालतें बार-बार ऐसे मामलों में दिशा-निर्देश देती रही हैं, इसके बावजूद तलाक के केसों में पेचीदगियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बजाय इसके कि शांति से तलाक लेकर अपना जीवन नए सिरे से सुनियोजित किया जाए, तलाक चाहने वाले अधिकतर लोग इन्हीं झगड़ों में फंसे रहे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 में धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत करीब 2 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई, जो 2011 के मुकाबले 9.4 फीसद ज्यादा थी। गिरफ्तार हुए लोगों में लगभग एक चौथाई महिलाएं थीं। झूठे मामलों के कारण ही हमारे यहां इस धारा में चार्जशीट की दर 93.6 फीसद है, जबकि सजा की दर महज 15 फीसद।भारतीय समाज में पिछले कुछ वर्षों में दहेज के प्रति काफी चेतना आई है और प्रेम विवाहों की भी संख्या बढ़ी है, फिर भी भारत की परिवार अदालतों में मियां-बीवी सालों साल लड़ते रहते हैं। हर जिले में थाने से लेकर कोर्ट तक मियां-बीवी के बीच रास्ता निकालने के लिए परिवार परामर्श केंद्र हैं, फास्ट ट्रैक अदालतें हैं, लेकिन झगड़े हैं कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे। कभी घरेलू हिंसा का बहाना, कभी क्रूरता तो कभी दहेज उत्पीड़न का बहाना। इन्हीं सबके चलते जो वाकई प्रताड़ित हैं, उन्हें भी संदेह की नजर से देखा जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### छः जुआरियों को गिरफ्तार कर गुमला पुलिस ने भेजा जेल

**गुमला।** गुमला पुलिस ने छः जुआरियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार जुआरियों में डुमरडीह निवासी बिरेंद्र प्रसाद, इस्लामपुर निवासी रेहान खान, डुमरडीह निवासी चंदन प्रसाद, शांति नगर निवासी लिसुय एक्का, अरमई निवासी कृष्णा कुमार व डीएसपी रोड निवासी शशि रंजन के नाम शामिल है। जुआरियों के पास से पुलिस ने चार हजार 470 रूपये नगद, छः मोबाईल, चटाई व एक ताश की गड्डी बरामद की। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक हरिवंद सिंह को गुप्त सूचना मिली कि रविवार की रात उर्मी संत जोसेफ हास्पिटल के पास कुछ लोग जुआ खेल रहें हैं और काफी शोर शराब मचा रहे हैं जो स्थानीय लोगों को नगावर लगी। पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने छापामारी कर 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जीवन रक्षा के लिए रक्तदान

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के तत्वाधान में राहुल मालानी ने ओ पॉजिटिव रक्तदान कर इलाजरत बच्ची की जान बचायी। उनका कहना है कि रक्तदान हर तीन महीने पर करना चाहिए। जिससे हीमोग्लोबिन और हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, मंजू किंडो, रोहित खंडेलवाल और अन्य लोग उपस्थित थे।

### हत्या के आरोपी को गुरदरी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेज जेल



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ थाना प्रभारी व अन्य

**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड के गुरदरी पुलिस ने हत्या के आरोपी अंकुरी डांडटोली निवासी 32 वर्षीय सरमा उरांव को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया कि जमीन विवाद में रविवार को सरमा उरांव ने बोलवा उरांव की लाठी से मारकर हत्या कर दी थी। घटना के वक्त बोलवा उरांव घर पर बकरी बांध रहे थे। इसी दौरान सरम उरांव ने लाठी से उनपर जानलेवा हमला कर दिया। जिसे वे घायल हो गये। जिन्हें इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुर लाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की और उसके निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी बरामद किया। छापामारी टीम में थाना प्रभारी सदानंद सिंह, पुअनि चंदा उरांव व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### केराझारिया नदी से घाघरा पुलिस ने एक व्यक्ति का शव किया बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के केराझरिया नदी स्थित इचा पुल से घाघरा पुलिस ने सोमवार की सुबह 8:00 बजे इचा बड़काटोली निवासी इंद्रदेव भगत का शव बरामद किया। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इस संबंध में मृतक के मामा पुरुषोत्तम भगत ने बताया कि उनका भांजा इंद्रदेव भगत इचा में लगे साप्ताहिक हार्ट में रविवार को गया था। वहीं देर शाम वह नशे में घर लौट रहा था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। रात में काफी खोजबीन की गई। जिसके बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। वही सोमवार सुबह आज 7:30 बजे ग्रामीणों द्वारा इचा पुल के समीप केरा झरिया नदी में एक शव देखा गया जिसकी सूचना ग्रामीण द्वारा दी गई। पास जाकर देखा तो इंद्रदेव भगत के रूप में उसकी पहचान की गई और इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

### पत्नी की गुमशुदगी को लेकर पति ने थाने मे कराया सन्हा दर्ज,पुलिस से मदद की गुहार

**भंडरा ।** थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव निवासी दीपक लोहरा पिता राधेश्याम लोहरा ने अपनी पत्नी अन्ना कच्छप 19 वर्ष की गुमशुदगी को लेकर रविवार को भंडरा थाने मे सन्हा दर्ज कराया है । दीपक ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अन्ना कश्यप 2 अक्टूबर कि रात1:00 बजे से घर से लापता है काफी कुछ खोजबीन करने के बावजूद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया है दीपक ने पुलिस को बताया कि 2 अक्टूबर की देर शाम बिजली आने पर वह अपने खेतों पर आलू पटवान के लिए गया था और वह 2:00 घर वापस आया । घर आने वह दीपक ने अपनी पत्नी की जानकारी परिजनों से ली परिजनों ने बताया कि उसकी पत्नी 1:00 बजे अपने पुत्र को दूध पिला रही थी उसके बाद उन्होंने उसे नहीं देखा । दीपक पिछले दो दिनों से अपनी पत्नी को सब रिश्तेदारों के यहां पता किया पर उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है दीपक ने भंडरा पुलिस से लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है ।

### बाल संप्रेषण गृह में डालसा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग

**गुमला।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के मार्गदर्शन में डालसा गुमला के द्वारा सोमवार को संप्रेषण गृह गुमला में आवासित बच्चो के बीच जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लीगल ऐड डिफेंस के अधिवक्ता श्री बुंदेश्वर गोप और विद्या निधि शर्मा, अधीक्षक, संप्रेषण गृह तथा पी एल बी तितरू उरांव ने भाग लिया। ज्ञात हो कि डालसा गुमला के द्वारा सौ दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन नेशनल लीगल सर्विस डे कैंपेन के तहत जागरूकता शिविर जिले के विभिन्न गांवों, कारा, स्कूल, ब्लॉक में आयोजित किया जा रहा है। बच्चो को जागरूक करते हुए डालसा के टीम के द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चे जो गरीबी के कारण अधिवक्ता नहीं रख सकते हैं।

# सरकार दलितों के उत्थान के लिए चला रही है कई कल्याणकारी योजनाएं : बंधु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक के बाद एकजुट कांग्रेसी

**गुमला।** जिला कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय परिसदन भवन गुमला में एससी प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक आहुत किया गया । बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी बंधु तिर्की उपस्थित हुए। कार्यक्रम में काफी संख्या में दलित सामदाय के लोग विभिन्न प्रखंडों से आए हुए थे। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि आप लोग सभी एकजुट हैं ये अच्छी बात है। एकता में ही बल है। अगर आप एकजुट होते हैं संगठन को मजबूत करते हैं और संगठित होते हैं तो आपकी हर समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने दलितों की समस्याओं को सुना और उन्हें निवारण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार दलितों के लिए विभिन्न प्रकार के कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जानकारी का आभाव में लोगों तक यह योजना नहीं पहुंच पाती है। उन्होंने उपस्थित जिला अध्यक्ष व प्रखंड अध्यक्षों को सभी के समस्याओं को सुनते हुए निवारण करने का निर्देश दिया। वहीं कहा कि आगामी जनवरी में गुमला जिला में दलित महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से किसी भी तरह अपने बच्चों को शिक्षा जरूर देने । क्योंकि पढ़ लिखकर ही आप समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। जिला कांग्रेस कमिटी जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आप अपने समाज के प्रति समर्पित होकर न्याय की लड़ाई लड़ें। आज समाज में कई तरह की कुरीतियों हैं उनके खिलाफ हम सबों को एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। हम राजनीतिक रूप से भी काफी पिछड़े हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आज हमें वोट बैंक के रूप में उपयोग करती है। परंतु जब हमें अपने सामाजिक न्याय एवं विकास के बारे में अपने अधिकारों की मांग करते हैं तो उसे दरकिनार कर दिया जाता है। कांग्रेस पार्टी के बैनर पर अपने आप को मजबूत करें और सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक रूप से मजबूत होते हुए हम दलित समाज को एक नई दिशा देने का काम करेंगे। कार्यक्रम मे एससी प्रकोष्ठ जिला महासचिव खालिद शाह, खुदी भगत दुखी, फिरोज आलम ,तरुण गोप, देव साहू ,आजाद अंसारी, बेलसाजर, कार्यक्रम प्रभारी विष्णु राम, अग्रणी संगठन जिला प्रभारी राजू रंजन महतो,प्रखंड अध्यक्ष रोहित नायक, अखिलेश नायक, सहदेव राम, दीपू माझी, उद्योपति माझी,लखन राम, विजय नायक, विजय राम, सुबोध तुरी, कृष्ण माझी, मोहरलाल तुरी, सतीश नायक, जगन्नाथ नायक राजेश, नायक ,संतोष नायक, संजय नागरची, संजय मांझी, जीतू माझी ,दिल मोहन माझी, भारत नायक, घूरन नायक, जगन्नाथ नायक मुकुल नायक राजेश नायक ,मुकेश दास, आशीष ,चूड़ामणि माझी और काफी संख्या में एससी प्रकोष्ठ के कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पैसे ठगने आये तीन सन्यासियों को पुलिसने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार ठग सन्यासियों के साथ थाना प्रभारी व अन्य

**गुमला।** सिसई प्रखंड के पुसो पुलिस ने तीन ठग सन्यासियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार सन्यासियों में अरूण योगी, मो. फारूक व मो. सफरूद्दीन के नाम शामिल है। सभी उतर प्रदेश के टिकिरया थाना क्षेत्र के गोंडा के रहने वाले हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी सत्यम कुमार ने बताया कि पुसो थाना क्षेत्र के कुलकुपी महुआटोली निवासी चौठी देवी ने तीन ठग सन्यासियों के खिलाफ पुसो थाना में शिकायत दर्ज करायी थी। दर्ज शिकायत में महिला ने कहा था कि तीन व्यक्ति उसके घर आये और उनमें से एक ने कहा कि उसके पति का भाई सुकरमान है जो 12 वर्ष पहले लापता हो गया था। उसने परिवार के सदस्यों का नाम भी बताया। जिसपर परिवार के लोगों को यह विश्वास हो गया कि वह उसके पति का भाई है। तब परिवार के सदस्यों ने उनसे घर पर रूकने की आग्रह किया तो उसने कहा कि वह सन्यासी जीवन धारण कर लिया है और सन्यासी जीवन से वापस आना होगा तो दस हजार साधुओं को भंडारा कराना होगा। जिसपर करीब तीन लाख रूपया खर्च होगा। पैसा का जुगाड़ कर देंगे तो भंडारा कराकर वह सन्सायी जीवन से वापस लौट जाएगा और परिवार के साथ रहेंगे। तीन दिनों के अंदर पैसे की जुगाड़ करने की बात उसने कही। जिसपर घर के सदस्य पैसा देने को राजी हो गये और तत्काल दस हजार रूपये भी दे दिये। जिसके बाद इस संबंध में गांव के वार्ड सदस्य व अन्य लोगों से चर्चा की तो लोगों ने बताया कि वे सन्यासी के रूप में ठग हैं जो परिवार के सदस्यों के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लोगों को बेवकुफ बनाकर पैसे ठगते हैं। 5 नवंबर को चौठी देवी ने पुसो थाना में सन्यासियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठग सन्यासियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने गिरफ्तार सन्यासियों के पास से पांच हज्या रूपये, चार मोबाई व दो सारंगी बरामद किया। छापामारी दल में पुअनि कविंद्र पोद्दार, सअनि कुमार सरंजय, सअनि श्रवण भगत व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को आर्थिक सामाजिक व राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है: चंद्रदेव

**रायडीह।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड रांची एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विशेष घटक योजना के तहत अनुसूचित जातियों के लाभुकों के पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास हेतु 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को रायडीह प्रखंड के जरजट्टा गाँव में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी एवं विशिष्ट रायडीह बीडीओ अमित मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सचिव चन्द्रदेव सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुसूचति जातियों के लाभुकों को पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास कर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना, आय सृजन करना एवं समुदाय को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि क्षेत्र से पलायन को रोका जा सके। इसके अलावा पारम्परिक वाद्ययंत्र के प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को आर्थिक सामाजिक व राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है।

## वार्ड सदस्य पंचायत की रीढ़ उनकी निगरानी से होगा विकास : बीडीओ

**खबर मंत्र संवाददाता**



प्रशिक्षण में मौजूद जनप्रतिनिधि

**भंडरा ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे सोमवार को वार्ड सदस्यों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के सभी वार्ड सदस्य शामिल हुए हैं। प्रशिक्षण में शामिल वार्ड सदस्यों को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा व आवास समनवायक नितेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण मे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि के वार्ड सदस्य ग्राम पंचायत की रीढ़ होते हैं। उनकी निगरानी में पंचायत का विकास होगा। वार्ड सदस्यों को अपने कार्य को इमानदारी पूर्वक निर्वाह करने का आह्वान किया। उन्होंने सदस्यों से पंचायत में हो रहे सभी कार्यों पर निगरानी रखने की बात कही। बीडीओ ने वार्ड सदस्यों को उनके कार्य, दायित्व व अधिकार की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि ग्राम पंचायत में संचालित सभी प्रकार की योजनाओं व कल्याणकारी कार्यो में इनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। बीडीओ ने अबुवा आवास एव प्रधानमंत्री आवास मे वार्ड सदस्यों को महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने की अपील की । बीडीओ ने अबुवा आवास के लिए ग्राम सभा मे उचित लाभुकों का चयन करने की बात कही । उन्होंने कहा की वार्ड सदस्य आवास लाभुकों को जागरूक करते हुए आवास निर्माण करने मे पहल करे । प्रशिक्षण में वार्ड सदस्य संतोष पंडित,रतनी उरांव,शनि उरांव,दयामुनी उरांव सहित अन्य शामिल थे।

### श्रेणी 04 के संवेदकों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, कहा

## निकाली गई निविदा संख्या ई-18 2023-24 को रद्द कर पुन: श्रेणी 04 के अनुसार निकाली जाए

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल के निविदा संख्या ई-18 2023-24 को रद्द कर श्रेणी 04 के निबंधन में निविदा निकालने के संबंध में संवेदकों ने उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया है। जिसमें कहा गया है कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल में छोटा कार्य को पैकेज कर अपने प्रखण्ड कर चयनित चहेते संवेदको को देने हेतू निविदा निकाला गया है इस निविदा के तहत 20 आगनबाड़ी कैरो एवं सेन्हा को मिलाकर रनिंग वाटर सिस्टम का कार्य कराना है। उसे स्वीकृति जिला द्वारा अलग अलग प्रदान किया गया है। परन्तु कार्यपालक अभियंता जब से आये हैं छोटे संवेदको के साथ सतौला व्यवहार कर रहे हैं। निविदा नियमावली में ऑडिट रिर्पोट सिमलर नेचर, अनुभव प्रमाण पत्र, ट्रम्न औभर डबल वीट किया जाता है। जबकि पीडब्लूडी में कोई प्रावधान नहीं है। कार्यपालक अभियंता इस रवैये पर पूर्व में भी इसकी सूचना दिया गया, परन्तु कोई भी सुधार नहीं हुआ और अड़ियल रवैया अपना रहे हैं। संवेदकों ने अनुरोध है कि निविदा सं0 ई-18, 2023-24 को रद कर पुनः श्रेणी 4 के निविदा निकाला जाय एवं कार्यपालक अभियंता के द्वारा जो नियम एवं शर्त लागू किया गया है, उसे रद्द किया जाय। साथ ही सरल तरिके से निविदा कराई जाय ताकि सभी संवेदक समान रूप से कार्य कर लाभ ले सकें। आवश्यक कार्रवाई हेतू संवेदकों ने ज्ञापन की प्रतिलिपि उपविकास आयुक्त लोहरदगा, प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल लोहरदगा, मुख्य सचिव झारखण्ड एवं मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार को भी दी गई है। हस्ताक्षर करने वाले श्रेणी 04 के संवेदकों में जियाउल अंलारी, कमरूज्जमां, इरफान अंसारी, मनोज साहु, मोजिबुल आलम, फिरोज खान आदि शामिल हैं।

### बदरी गांव में खेल मैदान मामले पर संवेदक ने ग्रामीणों के आरोप को बताया बेबुनियाद

**घाघरा।** बदरी गांव में खेल मैदान मामले पर संवेदक मनोज सिंह ने ग्रामीणों के आरोप को बेबुनियाद बताया। इस संबंध में सोमवार को दिन के 12 बजे संवेदक मनोज सिंह ने बताया कि बिगत 6 महीने पूर्व में काम शुरू किया गया था। जमीन रैयत का होने के कारण रैयत द्वारा काम बंद करा दिया गया था। 80 परसेंट काम हो चुका था कुछ काम बचा था। जिसके बाद काम की शुरूआत ग्रामीणों के सहयोग से मेरे द्वारा जेसीबी ट्रैक्टर के माध्यम से मिट्टी गिराकर थोड़े बचे काम को किया गया था। साथ ही मिट्टी पुराने हो चुके होने कारण तोड़ने में परेशानी हुई।

## एक नजर में

### शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

**सेन्हा-लोहारदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से प्रारम्भ हुआ। आयोजित प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ कराया गया। वही बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की जरूरत के आधार पर अपग्रेड होने के लिये सम्ह समय पर सभी को प्रशिक्षण देना या लेना चाहिये। जिसे अपडेट तरीके से समय के अनुरूप कार्यो में गुणवत्ता लाया जा सके शिक्षक शिक्षिकाएँ छात्र छात्राओं का शाररिक,मानसिक और बौद्धिक विकास में मुख्य भूमिका निभाते हैं। इस लिये समय के अनुसार सभी को प्रशिक्षण के माध्यम से अपडेट होना आवश्यक है। जिसे शिक्षण कार्य करने मे आसानी हो सके।वही मौके पर मौजूद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि साक्षरता एवं संख्याज्ञान कार्यक्रम पूरे देश मे केंद्रीय मानव संसाधन विभाग के निर्देश पर चल रहा है। जिसमें कक्षा 3 तक के बच्चों का स्तर के अनुरुप शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिसके लिये कक्षा एक से 3 तक के छात्र छात्राओं के साथ कार्य कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। साथ ही कहा कि यह प्रथम चरण का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण में आये सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। वही प्रशिक्षक अवधेश यादव,सूर्यकांत भगत व अशोक भेंगरा द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को साक्षरता और संख्याज्ञान के बारे में बारीकी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### 2 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पथ का मंत्री और राज्यसभा सांसद ने किया शिलान्यास

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत जुरिया तिगरा पथ ( लालपुर)से अरकोसा तक 3 .08 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया गया। इस सड़क की लागत 2 करोड़ 57 लाख रुपए होगी। जो लालपुर से सेंबर टोली, पोढहा टोली अरकोसा ग्राम को जोड़ेगी। इस मौके पर वित्त मंत्री श्री उरांव ने कहा कि यह सड़क पूर्व में काफी जर्जर थी जिससे आवागमन बाधित होती थी और स्थानीय ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब इस सड़क के निर्माण से आवागमन काफी सुगम हो जाएगा और व्यापार, आयात निर्यात को बढ़वा मिलेगा। मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि इस सड़क के बनने से स्थानीय ग्रामीणों में काफी हर्ष है। इस सड़क निर्माण का मुख्य उद्देश्य एक पंचायत से दूसरे पंचायत को जोड़ना है। जिससे सभी ग्रामों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके और आधारभूत संरचना का लाभ मिल सके।

### केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेता लेंगे भाग : अमर किन्डो

लोहरदगा। झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आगामी 08 नवंबर दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकूर ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की बैठक में केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, सलाहकार समिति सदस्य प्रो. विनोद भगत सहित कई गण्यमान्य भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं।

### सीआरपीएफ डीआईजी जट्या उच्च विद्यालय पहुंचकर बच्चो को किया मोटीवेट

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के जट्या उच्च विद्यालय बुरहु में सोमवार को सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत पहुंचे। जहां बच्चों को मोटिवेट कर पढ़ाई में बेहतर करने का टिप्स दिया। इस क्रम में रविंद्र भगत ने कहा कि बच्चे अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें। खेल के क्षेत्र में भी कई बच्चे परचम लहरा रहे हैं। आप पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बेहतर करें ताकि आप लोगों को अन्य जगहों पर बेहतर खेलने का मौका मिले । बच्चे तनाव में रहकर पढ़ाई न करे, हंसते खेलते और बिना टेंशन बिना सोचे करे। साथ ही सभी अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करे ताकि आप उसी क्षेत्र में आगे बढ़ सके और मुकाम तक पहुंच सके। नई चेतना नई सोच के साथ आप आगे बढ़े। गलत रास्ते पर आप न जाये अच्छा कार्य करे। ऐसा बुरा कोई काम ना करें जिससे आपकी बुराई हो। आप निरंतर मेहनत करें उसका फल आपको मिलेगा। जहां भी आप लोगों को मेरी जरूरत होगी चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र हो मैं हर संभव मदद के लिए तैयार हूं। वही विद्यालय के प्राचार्य ने सीआरपीएफ डीआईजी को शॉल ओढ़ाकर सम्ममनित किया। इसके पूर्व सीआरपीएफ डीआईजी का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए विद्यालय परिसर तक लाया गया।

# अहीर सेना के गठन का उद्देश्य समाज में फैले कुरीतियों को दूर करना है

## अहीर सेना की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल अहीर सेना के सदस्य

**गुमला।** अहीर सेना की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन गुमला सदर प्रखंड के टैसेरा स्कूल में किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात अहीर कुल के इष्ट देव भगवान कृष्ण के चित्र पर पुष्पांजलि कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अहीर सेना के संस्थापक सदस्यों ने गठन का उद्देश्य के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा की हम सभी लोगों के बीच ढेर सारी सामाजिक कुरीतियां हैं जिनको दूर करना ही अहीर सेना का मुख्य उद्देश्य है। समाज के सभी लोगों को मिलकर इन सभी कुरीतियों को दूर करना चाहिए। अहीरों का दिन प्रतिदिन पलायन होता जा रहा है, जिसको रोकने की बहुत जरूरत है। अहीर सेना के कार्यों की समीक्षा करते हुए विनय गोप ने कहा की अहीर सेना का गठन हुए सफलतापूर्वक 6 महीना हो गया। जिसमें जमीन से संबंधित दो समस्या आयी। जिसका समाधान अहीर सेना ने सफलता पूर्वक किया। उसके बाद सिसई में आरकेडी कम्पनी में कार्य के दौरान हादसे में अहीर समाज के बालक की मृत्यु हो गई थी। जिसमे अहीर सेना ने कम्पनी से मृतक के परिजनों को 31 लाख रुपए की मआवजा दिलाया गया। अहीर सेना के दिलमेश्वर महतो ने शिक्षा के महत्व एवं बेरोजगारी खत्म करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा शिक्षा की समाज के लिए बहुत अवश्यकता है। शिक्षा है तो ही हम सभी समाज के लोग आगे बढ़ सकते हैं।

दहेजप्रथा पर बोलते हुए उन्होंने कहा की दहेज प्रथा समाज की सबसे बड़ी कुरीति है। जिसको दूर रखने की अवश्यकता है। दहेज प्रथा एक ऐसी बीमारी है जो दीमक की तरह है समाज को खा रहा है। अशोक यादव ने कहा की अहीर सेना का कार्य काफी सराहनीय जो सभी यादवों को एकसूत्र में जोड़ कर रखने का कार्य कर रही है। युवाओं की इतनी बड़ी टीम हर समय जरूरतमंदों के लिए तत्पर रहते हैं। रामू गोप ने महिलाओं के समाज से जोड़ने एवं युवाओं के विकास पर चर्चा किया।

अहीर सेना के रविन्द्र गोप ने मंच का संचालन किया। उन्होंने अहीर सेना में लोगों को जोड़ने में तेजी लाने की बात कही। बैठक को भूषण महतो ,लोहरमैन गोप,देवनारायण यादव,अनिल यादव, चंदन गोप व सुरेश गोप सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया।

स्पीड न्यूज


## अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर फैलाया दहशत, एक को लगी गोली



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन शिवपुर–कठौतिया रेलवे लाईन के निर्माण कार्य में लगी मिलेनियम कंस्ट्रक्शन कंपनी के धनगड्डा–रक्शी गांव स्थित साईट पर अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने गोलीबारी कर दहशत फैलाया है। स्पलेंडर प्लस बाईक पर सवार होकर दो की संख्या में आए अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। गोलीबारी की इस घटना में कम्पनी के सर्वेयर अमित झा को गोली लगी है, जिन्हे नवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बेहतर इलाज के हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बाईक सवार अपराधी पहले से ओर से ही कम्पनी के गाड़ी का पीछा कर रहे थे इसी दौरान जैसे ही गाड़ी रक्सी गांव में निमार्णाधीन ब्रिज संख्या 99 पर पहुंची वैसे ही अपराधियों ने गाड़ी के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग करना शुरू कर दिया।
इस घटना में गाड़ी के भीतर बैठे कम्पनी के इंचार्ज, इंजिनियर और सर्वेयर सहित आधा दर्जन लोगों में से सर्वेयर अमित झा के हाथ में गोली लगी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर टंडवा थाना पुलिस की टीम पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए मौके के गोली के खोखे को बरामद कर लिया है। वहीं घटना के संबंध में थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि अपराधियों के धड़–पकड़ को लेकर पुलिस के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## भाजपा कार्यकताओं ने सांसद के प्रति जताई नाराजगी



स्ँङ्ग३ङ्ग ६0021


**चतरा।** सांसद मद के अनुशंसित योजना में जिले के गिद्धौर और पत्थलगड्डा प्रखंड को दरकिनार किए जाने पर स्थानीय कार्यकताओं व ग्रामीणों ने स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रति नाराजगी व्यक्त की है। कार्यकताओं ने अपनी नाराजगी जताते हुए बताया कि सांसद के चुनाव जीतने के बाद अब तक ग्रामीणों की समस्याएं नहीं सुनी। लोकसभा चुनाव होने के बाद से ही सांसद क्षेत्र में समस्याएं भी जानने के लिए नहीं आए। कार्यकताओं ने कहा कि गिद्धौर और पत्थलगड़ा क्षेत्रों से लोकसभा चुनाव में सुनील कुमार सिंह को सभी बुथ से अपार समर्थन मिला था। लेकिन सांसद आज तक इसे गंभीरता से नहीं लिया और कुछ चंद लोगों के बीच रहकर इनके द्वारा पोषित मौकापरस्त लोग हमारे प्रखंड का भी हिस्सा ले रहे हैं और पैसा उगाही करके अपना पैकेट भर रहें हैं,जो घोर निंदनीय है। इस सूची में अगर सुधार नहीं किया गया तो बहुत जल्द दोनों जगह के कार्यकर्ता और नेता विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## कंप्यूटर ऑपरेटर ने संवेदक पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर शिवम कुमार केसरी ने सदर थाना में आवेदन देकर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। आरोप सिमरिया थाना क्षेत्र के बगरा निवासी (वर्तमान पता – बुच्चीडाड़ी मुहल्ला) संवेदक उदय कुमार सिंह पर लगाया है। बताया कि शनिवार दोपहर 2:30 बजे कार्यालय में कंप्यूटर संबंधी कार्य निष्पादित कर रहे थे। साथ ही रोकडपाल कक्ष में कैशियर के साथ ट्रेजरी में संवेदक के विपत्र व विभागीय बैठक का प्रतिवेदन तैयार कर रहे थे। इस बीच उदय सिंह कार्यालय में घुसकर गाली गलौज व धक्का मुक्की करते हुए सरकारी कागजात के फाइल को फाड़कर फेंक दिए। साथ ही जान मारने का धमकी दिया। जिससे वह काफी परेशान हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर संवेदक उदय सिंह ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद व निराधार है।

## चतरा के वरिष्ठ पत्रकार राम प्रसाद तुलस्यान के निधन पर पत्रकारों ने दी श्रृद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के वरिष्ट पत्रकार रामप्रसाद तुलस्यान का निधन रविवार को हो गया। उनके निधन पर जिले के विभिन्न प्रखंडों के पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्हें सिमरिया प्रेस क्लब में भी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार सिंह ने कहा कि राम प्रसाद तुलस्यान एक युग पुरुष के जैसे थे। इनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में जिले के पत्रकारों ने पत्रकारिता की गुर सीखी है। उन्होंने आगे कहा कि वे बहुत की कॉपरेटिव इंसान थे। सबों की समस्याओं को सुनना और उसका समाधान करना उनकी विशेषता थी। इस दौरान सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में पत्रकार शिव कुमार सिंह, धर्मेंद्र पाठक, महेंद्र यादव, मोकिम अंसारी, विष्णु कुमार, शैलेश कुमार, सुबोध कुमार शर्मा, अशोक कुमार, राहुल कुमार, मो अरबाज सहित अन्य का नाम शामिल है। बताते चलें कि रामप्रसाद तुलस्यान लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

# विधायक भानु ने किया करोड़ों रुपये की कई योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



पूजा अर्चना करते विधायक

**धुरकी।** भवनाथपुर विाायक भानु प्रताप शाही ने धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कई योजनाओं का शिलान्यास वृद्ध ग्रामीणों के हाथों कराय। जिसमें खुटिया चौराहा से परासपानी खुर्द तक सड़क निर्माण जिसकी लंबाई 9.1 किलोमीटर प्राक्कलित राशि 5.46 करोड़ तथा खुटिया पंचायत में जल नल योजना जिसमें 1380 मकानों में कनेक्शन मिलेगी जिसकी लागत लगभग 5 करोड़ रुपए है। शिवरी से केतमा होते हुए भंडार तक सड़क निर्माण जिसकी लंबाई 6.1 किलोमीटर प्राक्कलित राशि 5.01 करोड़ तथा केतमा मुख्य बस्ती में नाला में पुल निर्माण जिसकी लंबाई 18.75 मीटर प्राक्कलित राशि 1.13 करोड़ और पनघटवा से मिरचैया तक सड़क योजना जिसका लंबाई 6.7 किलोमीटर प्राक्कलित राशि 3.99 करोड़ रूपये का निर्माण किया जायेगा। मौके पर विधायक ने कहा कि सड़क की स्थिति जर्जर हो गयी थी। यहां के लोगों को मांग पर हमने इस सड़क को बनवाने के लिए लगातार प्रयास किया और आज इस सड़क बनवाने के लिए शिलान्यास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि सड़क हमारा विकास का आइना है।

विकास का पहचान सड़क होता है। उन्होंने कहा कि इस इलाके के पूर्वजों ने बहुत कष्ट काटा है, हमसे पहले भी कई विधायक पूर्व में बने थे लेकिन धुरकी प्रखंड में सड़क नहीं था। जब मैं विधायक बना तो आज सड़क प्रत्येक गांव और टोला में बनवाने का काम किया हूं। मौके पर अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल, धुरकी विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, मंगल यादव, रामप्रवेश गुप्ता, सुदर्शन गुप्ता, शशि कमलापुरी, मनोज कुमार सिंह, रामविशुन राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सोना सोबरन योजना के तहत किया धोती साड़ी वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुन्दा चतरा।** झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता सोमवार को एकदिवसीय दौरे पर कुंदा प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। श्रम मंत्री को कुन्दा मेन चौक पहुंचते ही महागठबंधन के कार्यकताओं ने गर्म जोशी से फूल माला के साथ स्वागत किया। श्रम मंत्री ने कार्यकताओं से मिलकर हाल-चाल जाना इस दौरान प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री ने प्रखंड कार्यालय परिसर में गरीब जनों के बीच पेंशन पत्र आवास स्वीकृत पत्र, मनरेगा जॉब पत्र, विधवा पेंशन पत्र, साड़ी, धोती सहित जेएसएलपीएस के सात सखी मंडलों के बीच 15 लाख का चेक और साथ मे मृतक रामवतार यादव के बीमा योजना के तहत मृतक के पत्नी किस्मतिया देवी को 2 लाख के चेक सहित अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया। मंत्री ने क्षेत्र में चल रहे संचालित योजनाओं के तहत मेंदवाडीह गांव में पीसीसी पथ का विधिवत उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बेहद संवेदनशील है।

# 30 क्विंटल डोडा के साथ राजस्थान के तीन तस्कर चतरा में गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले में सक्रिय अंतर्राज्यीय अफीम तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। 30 क्विंटल प्रतिबंधित डोडा के खेप के साथ राजस्थान के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त 16 चक्का ट्रक, तस्करों का पांच स्मार्टफोन और दस हजार रुपया नगद भी बरामद हुआ है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में गठित वशिष्टनगर जोरी थाना पुलिस की टीम को यह महत्वपूर्ण कामयाबी हाथ लगी है। डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम ने बताया कि चतरा-डोभी मुख्य मार्ग पर स्थित घंघरी इलाके से तस्करों को डोडा के खेप के साथ पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि अवैध डोडा लदा राजस्थान नंबर के 16 चक्का ट्रक में जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के गेन्द्रा जंगल से डोडा लादकर तस्कर तस्करी के उद्देश्य से राजस्थान ले जा रहे थे।इसी दौरान एनएच 22 से तस्करों के ट्रक को जप्त किया गया है। ऊ्रढ ने बताया कि गिरफ्तार सभी तीनों तस्कर राजस्थान के फलोदी, जोधपुर और बाड़मेर जिले के रहने वाले हैं और लंबे समय से इस गैरकानूनी धंधे में संलिप्त हैं। बरामद डोडा का कीमत करीब 15 लाख रुपये आंका गया है। गिरफ्तार तस्करों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं गिरोह में शामिल अन्य तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अभियान चलाने में जुटी है। अभियान में थाना प्रभारी परमानंद मेहरा, अरक शशिकांत ठाकुर व आदित्य किशोर तिर्की समेत सैट-149 के जवान थे शामिल।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक

**चतरा।** जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह-निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में ऑनलाईन माध्यम से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बी0पी0ओ0, विद्यालय के वार्डेन, प्रधानाचार्य के साथ बैठक की गई। बैठक में जिले के अंदर सभी विद्यालयों में ई विद्यावाहिनी के आधार पर प्री फिल फार्म 6 से संबंधित बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि पूर्व में समीक्षा के क्रम में यह मामला सामने आया था कि बहुत सारे विद्यार्थी जिनका प्री फील फॉर्म 6 भरा जा चुका है वो पास आउट हो गये है और वह आगे की पढ़ाई करने के लिए दूसरे जगह चले गये है इस पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जो भी विद्यार्थी पास आउट हुए है उनसे सम्पर्क कर उनका फार्म भरवाएं और आगे कहा नए सत्र में शामिल विद्यार्थियों जिनका 01 जनवरी 2024, 01.04.2024, 01.07.2024 एवं 01.10.2024 तक उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो जायेगा उन विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम शामिल करने हेतु फार्म 6 भरे जिससे की मतदाता सूची में नाम दर्ज किया जा सके। विद्यार्थियों की आयु सत्यापित करने के लिए भी कई आवश्यक जानकारियां साझा की गई।

## छठ घाटों की साफ-सफाई, विधि व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आगामी दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर एसडीओ संदीप कुमार मीणा की अध्येक्षता में छठ घाटों की साफ-सफाई, विधि व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम एसडीओ ने नगर प्रशासक से शहरी क्षेत्रों में छठ घाटों की जानकारी ली एवं सभी बीडीओ से ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित छठ घाटों की जानकारी ली।

वहीं उन्होंने सभी नगर प्रशासक से कहा कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ घाटों की साफ-सफाई करें। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के छठ घाटों की साफ-सफाई को लेकर उन्होंने बीडीओ को आवश्यक दिशा निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी छठ घाटों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर पानी की साफ-सफाई करें। छठ व्रतियों के जाने वाले रास्ते की भी साफ-सफाई करें।

एसडीओ ने सभी नगर प्रशासक व बीडीओ को निर्देश दिये की छठ घाटों में अपने अपने स्तर से गोताखोर की प्रतिनियुक्ति करें। साथ ही छठ घाटों में महिला एवं पुरूष के लिए अलग अलग चेंजिंग रूम की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सबकी सुरक्षा करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी गोताखोर के पास लाइफ जैकेट रहे, सुनिश्चित करें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नीलगाय के बछड़े की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित तेतरिया नदी पुल के समीप रविवार की रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नीलगाय के बछड़े की मौत हो गयी। वहीं सोमवार की सुबह उक्त स्थल पर सड़क किनारे गुजर रहे रहगिरों की नजर पड़ी। जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दिया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग के वनरक्षी मनोज कुमार मरांडी अपने अन्य वन कर्मी के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर मृत नीलगाय के बछड़े के शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा बनाया और शव का अंत्यपरीक्षण के लिए डोमचांच स्थित जेरुआडीह पशु चिकित्सक केंद्र भेजा, जहां पशु चिकित्सकों की टीम ने नीलगाय बछड़े के मृत शव का पोस्टमार्टम किया। जिसके बाद वन विभाग के कर्मियों ने बरियारडीह वन परिसर में नीलगाय के बछड़े के शव को मिट्टी में दफन कर दिया गया।

## पीडीएस डीलरों व पंचायत के जनप्रतिनिायों की बैठक संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय सभागार में उपायुक्त के निर्देश पर केंद्र से आई टीम में अनुभाग अधिकारी बीरेंद्र कुमार, शुशांत शुक्ला, विनोद कुमार मीणा व सुनील कुमार ने पीडीएस डीलरों व पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक की। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने गोदाम से कम अनाज मिलने की शिकायत की। वहीं लोगों ने कम अनाज मिलने तथा दुकान का संचालन सही तरीके से नही करने की शिकायत की। वहीं बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत प्रखंड के उत्तरी पंचायत स्थिति धुब्बाडीह में संचालित जागृति महिला मंडल, सिमरिया पंचायत स्थित नरियाही में संचालित तुलसी महिला मंडल दुकान का निरीक्षण किया गया। जहां जगृति महिला मंडल के दुकान में अनाज वितरण पंजी का संधारण नही करने तथा सूचनापट पर राशन से सम्बनी व्योरा अंकित नही पाया गया। वहीं नरियाही में अनाज पाया गया, उसे अधिकारियों के द्वारा तौले जाने पर प्रति बोरा 4 से 5 किलो कम पाया गया।

कैपिटल विश्वविद्यालय कोडरमा के नये परिसर का हुआ भूमि पूजन व शिलान्यास

# शैक्षणिक संस्थानों का उद्देश्य सिर्फ डिग्री बांटना नहीं, बल्कि ज्ञान देना होना चाहिए : रविन्द्र नाथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने कहा है कि आज तक झारखंड प्रारंभिक शिक्षा देने की व्यवस्था से आगे नहीं बढ़ पाया है, यही कारण है कि यहां से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सामान्य कोर्स करने के लिए दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। झारखंड तभी अग्रणी होगा जब यहां की शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और इसके लिए सकारात्मक पहल करने की जरूरत है। श्री महतो सोमवार को चंदवारा प्रखंड के बेंदी पंचायत के बेलारो गांव में कैपिटल विश्वविद्यालय कोडरमा के नए परिसर के भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का उद्देश्य सिर्फ डिग्री बांटना नहीं, बल्कि ज्ञान देना होना चाहिए। विश्वविद्यालयों में पठन-पाठन का स्तर अच्छा करने की जरूरत है, राज्य में अच्छे शैक्षणिक संस्थानों का अभाव है, बच्चों को साधारण चीज पढ़ने के लिए बाहर जाना मजबूरी है, इस माहौल में बदलाव लाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई कदम उठाए हैं।

वन भूमि पर सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिला, पर

## पट्टा नहीं रहने के कारण आवास योजना से वहां के लोग हैं वंचित




दीपक सिंह

**कोडरमा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी पंचायत के वार्ड नंबर 7 के गांव ताराघाटी, खलकतम्बी एवं सुग्गी के लोग वन भूमि में ही अपनी झोपड़ी बना कर करीब 80 से 90 वर्षो से रहते आ रहे हैं। यहीं जंगलों में (अभ्रक) ढिबरा स्क्रैप चुनकर अपना जीवन यापन करते हैं। जहां इन गांवों में करीब 70 परिवार निवास करते हैं। यहां करीब 150 की संख्या में मतदाता हैं और यह सब अपने मताधिकार का प्रयोग भी करते हैं। वन भूमि में ही सरकारी शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, विधवा व वृद्धा पेंशन योजना का लाभ, बिजली विभाग के द्वारा बिजली की व्यवस्था एवं बच्चों के लिए सरकारी विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था जिला प्रशासन के द्वारा की गई है। मगर वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा नहीं दिए जाने से प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी परिवार वंचित हैं और आज तक सभी परिवार वन भूमि में ही झोपड़ी व कच्चा मकान बनाकर रहने को मजबूर हैं। हालांकि जिला प्रशासन के द्वारा मेघातरी में 16 परिवारों के लिए सरकारी भूमि में आवास बनाए गए हैं, जो आधा अधुरा बनकर तैयार भी है, मगर ये लोग अपना आशियाना छोड़ कर जाना नहीं चाहते हैं। वहीं लोगों का कहना है की रोजगार का साधन इन्हीं जंगलों में मौजूद है यहां से क्यूं जाएं। उक्त मामले के बारे में पंचायत की मुखिया शिला देवी ने कहा कि ताराघाटी, खलकतम्बी एवं सुग्गी के वन भूमि में निवास करने वाले लोग तीन पीढ़ियों से करीब 90 वर्षों से रहते चले आ रहे हैं, जिन्हें वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा नहीं दिए जाने से यहां के लोग प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हैं।

# भविष्य की चिंता करते हुए लोग करें नदी की पहरेदारी : सत्येन्द्रनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता



पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी

**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा है कि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के संरक्षण में अब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के छोटी-छोटी नदियों से भी बालू का उठाव कराया जा रहा है। मंत्री के द्वारा पोषित असमाजिक तत्व रात में जाकर गांव के छोटी-छोटी नदियां से भी बालू का उठाव करना शुरू कर दिए है। गांव के ग्रामीण जब बालू उठाव का विरो कर रहे हैं, तो उनपर झूठा केस दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि रविवार की रात इसी तरह की घटना रंका प्रखंड के ढेंगूरा गांव में हुई है। वहां के निर्दोश ग्रामीणों को जेल भेज दिया गया। वहां के ग्रामीण जब बालू उठाव का विरोध करने लगे तो विरोध करने वाले प्रमुख लोगों पर मारपीट सहित अन्य मामलों में झूठा केस रात में ही दर्ज कराकर अहले सुबह जेल भेज दिया गया।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील कर कहा है कि सभी लोग अपने आने वाले पीढ़ीयों की भविष्य की चिंता करते हुए वैसे गांव जहां नदी है, उसकी पहरेदारी करें, नहीं तो गांव का जल स्तर पूरी तरह से नीचे चला जाएगा। उन्होंने कहा कि बालू तस्करी का विरोध करने वाले ग्रामीणों को मंत्री के दबाव में जेल भेजा जा रहा है। क्षेत्र के पिछड़े, अति पिछड़े, दलितों और आदिवासियों को टारगेट कर मंत्री झूठे मुकदमें में फंसा कर खुलेआम बालू की तस्करी करा रहे हैं। भाजपा सरकार के दौरान सभी जगहों पर बालू घाट का टेंडर किया गया था, ताकि लोगों को उचित दर पर बालू उपलब्ध हो सके।

उस समय लोगों को आसानी से बालू उपलब्ध हो जा रहा था। वर्तमान सरकार अवैध रूप से बालू की कारोबार कराने के लिए ही पिछले चार साल में एक भी घाट का टेंडर नहीं कराया गया। स्थानीय को बालू नसीब नहीं हो रहा है जबकि यहां का बालू यूपी और दिल्ली तक तस्करी हो रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री के शासनकाल में क्षेत्र के गरीबों पर जुल्म किया जा रहा है। जनता अब मंत्री के करतूत को समझ चुकी है। आने वाला चुनाव में जनता इसका हिसाब लेगी।

## स्पीड न्यूज

### सरकारी आश्वासन समिति के सभापति की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**लातेहार।** झारखंड विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा की अध्यक्षता में सोमवार को लातेहार परिसदन के सभागार में लातेहार जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने विधानसभा में उठाये गये लातेहार जिला से सम्बंधित मामलों में कृत कार्यों की समीक्षा किया। बैठक के दौरान सभापति ने कहा कि विधानसभा में उठाये गये वैसे मामले जिसमें सरकार के द्वारा उसके निष्पादन का आश्वासन दिया गया वैसे मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान समिति के सदस्य सह विधायक, लातेहार श्री बैद्यनाथ राम ने जिले में विभिन्न विकास कार्यों के बारे पदाधिकारियों से जानकारी लिया एवं उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड स्थित गार्डन गर्व पब्लिक स्कूल सभागार परिसर में जसलोक अस्पताल रांची के सौजन्य से स्वास्थ्य जागरुकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जसलोक अस्पताल सह ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिन्हा व सचीव डॉ. आर एन प्रसाद की गरिमापुर्ण उपस्थिति रही। वहीं आमंत्रित ग्रामीण चिकित्सक, फामेर्सी कर्मी, लैब टेकनीसीयन व चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ उपस्थित गणमान्य लोगों से परिचय लेकर किया गया। कार्यशाला मे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ जितेंद्र सिन्हा ने जसलोक अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल मे अब विश्व स्तर का वेन्टीलायजर व आइसीयू की व्यवस्था की गई है। एडवांस टेक्नोलॉजी से आपरेशन किया जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि आज जसलोक अस्पताल अनेक उपलब्धि प्राप्त कर चुकी है। अब अस्पताल का अपना नर्सिंग कॉलेज भी खुल चुका हैं जहा पर बहुत ही कम खर्च पर जीएन एम, बीएससी नर्सिंग, डी फार्मा व पेरामेडिकल का कोर्स कराया जा रहा है, हमारा प्रयास हैं कि लोगों को कम खर्च पर अच्छा स्वास्थ्य सुविधा मिले। डॉ आर एन प्रसाद ने भी लोगों को संबोधित किया। वहीं उपस्थित गणमान्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### रेल जीएम ने टोरी जंक्शन व टोरी-शिवपुर रेलखंड का लिया जायजा

**चंदवा।** हाजीपुर जोन के जीएम अनिल कुमार खंडेलवाल, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने सोमवार को अधिकारियों की टीम के साथ विशेष सैलून यान से बरकाकाना–बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पहुंचे, जहां उन्होंने टोरी–शिवपुर रेलखंड के साथ साथ टोरी व महुआमिलान जंक्शन का जायजा लिया। इस क्रम में जीएम श्री खंडेलवाल ने टोरी जंक्शन में रनिंग रूम, रेलवे क्वार्टर, अस्पताल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टोरी रेलवे के अधिकारियों से टोरी रेल अस्पताल में चिकित्सकों की व्यवस्था, खेल मैदान व कम्युनिटी हॉल की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जीएम ने गति शक्ति के तहत एफओबी का निर्माण करने, रेल अस्पताल की सुविधा को दुरुस्त करने की बात कही। निरीक्षण के उपरांत वे विशेष सैलून से गढ़वा की ओर रवाना हो गए। मौके पर सीनियर डीओएम अजय तिवारी, स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार टीआई संजय कुमार, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार समेत टोरी रेलवे के अधिकारी, आरपीएफ के अधिकारी व जवान मौजूद थे।

## लातेहार आंगनबाड़ी केंद्रों में बिना किसी आदेश के की गयी घटिया सामग्री की आपूर्ति

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को डरा-धमका पैसा उगाही का आरोप

▸▸ बाल विकास परियोजना कार्यालय, लातेहार के किरानी है संलिप्त : सेविका

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय, लातेहार के क्षेत्र अंतर्गत लगभग 185 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन होता है। जिसमे से 75% प्रतिशत केन्द्रो में बाल विकास परियोजना के किरानी अखिलेश्वर शुक्ला कार्यालय के द्वारा बिना कोई विभागीय आदेश के निम्न गुणवत्ता की कुर्सी, टेबल इत्यादि सामानों की आपूर्ति कर दी गई है। विभाग के द्वारा सभी सेविकाओं के खाते में 5800 रुपया अतएव आवश्यक कार्यों हेतु उपलब्ध कराया गया था बताते चले कि उपरोक्त कुछ आवश्यक कार्यों के लिए सभी परियोजनाओं को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु प्रति केन्द्र 5800रू0 के अनुसार राशि का उपावंटन आंगनबाड़ी केन्द्र सुदृढ़ीकरण मद से किया गया था। इसके साथ ही अतएव आवश्यक कार्यों को जल्दी पूर्ण करने का आदेश दिया गया था। परंतु सेविकाओं के खाते में राशि आते ही पैसों का बंदरबाट करने का व्यवस्था बाल विकास परियोजना कार्यालय के किरानी के द्वारा लगा दिया गया। इसकी जानकारी सेविकाओं ने विभागीय डर के कारण अपना नाम नहीं छापने के शर्त पर जानकारी दी है। जिन सेविकाओं के केन्द्र में सामग्री नहीं दी गई है उनसे 400 रुपए की मांग किरानी के द्वारा किया जा रहा है। वही सेविकाओं ने बताया कि द्वितीय बार जिले के द्वारा प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु राशी प्रखंड कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है, परंतु किरानी के द्वारा कहा जाता है कि जब तक सभी सेविकाएं पुराना पैसा दे नहीं देते हैं तब तक किन्हीं सेविका के खाते में पैसा नहीं डाला जाएगा।

सामग्री आपूर्तिकर्ता का नाम जब सेविकाओं ने पूछा

जिन सेविकाओं ने केन्द्र के आवश्यकता के अनुसार पैसा खर्च कर चुके हैं उन्होंने अपनी समस्या बताया। सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के खाते में केन्द्र में आवश्यकता अनुसार खर्च करने हेतु 5800 रुपया विभाग के द्वारा दिया गया था जिसे देखते हुवे हम सभी सेविका केन्द्र में खर्च कर चुके है। अब टेबल कुर्सी का पैसा कहां से दे।

### पूरे मामले की जानकारी दी सेविकाएं

आंगनाबाडी के सेविकाओं ने यह जानकारी दिया की केन्द्रों में कुर्सी, टेबल इत्यादि सामान लाकर दिया गया और कहा गया की यह सामाग्री बाल विकास परियोजना कार्यालय, लातेहार के द्वारा दिया जा रहा है जिसे सुन कई सेविकाओं के द्वारा सामग्री केन्द्र में रखवा दिया गया। जिसका बाजार में कीमत लगभग 1500 से 2000 तक होगा। परंतु बाद में पता चला कि ये सामग्री बाल विकास परियोजना लातेहार के किरानी अखिलेश्वर शुक्ला के द्वारा दी गई है। जिनके एवज में किरानी अखिलेश्वर शुक्ला के द्वारा प्रत्येक आंगनाबाड़ी केन्द्र के सेविका से 4600/- रुपया का मांग किया गया। वही जो सेविका पैसा नही देने के पक्ष में थे या सामग्री के अनुरूप सामाग्री का उचित मूल्य देना चाहते थे उन्हे डराया-धमकाया गया की आप का मानदेय की राशि एवं पोषाहार राशि में कटौती कर दी जाएगी। जिसे सुन लगभग 50% सेविकाओं ने किरानी को पैसा दे दिया है। जिन सेविकाओं के द्वारा अभी तक पैसा नही दिया गया उन्हे लगातार कार्यालय के द्वारा पैसा देने को लेकर डराया-धमकाया जा रहा है।

## निकासी फार्म लेने आयी थी स्कूली छात्र, रूम ले जाकर इंसानियत को शर्मसार करने का किया प्रयास

# मैनेजर ने नाबालिक आदिवासी छात्र से दुष्कर्म का किया प्रयास

▸▸ आरोपी पुलिस के गिरफ्त में, पुलिस की कार्रवाई पर ग्रामीणों की टिकी है निगाहें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित भारतीय स्टेट बैंक के फिल्ड मैनेजर के द्वारा इंसानियत को शर्मसार करने वाला घटना सामने आया है। जहां भारतीय स्टेट बैंक शाखा मनिका में फील्ड मैनेजर के पद पर कार्यरत रौनक शुक्ला के द्वारा एक 16 वर्षीय आदिवासी स्कूली छात्र के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया है आरोपी फिलहाल पुलिस के गिरफ्त में है। बता दें कि मनिका के निवासी हाई स्कूल का छात्र भारतीय स्टेट बैंक में निकासी फार्म लेने आया हुआ था। पीड़ित युवक ने मीडिया को बताया कि फार्म लेने के बाद वह अपने घर जा रहा था इसी दौरान फील्ड मैनेजर रौनक शुक्ला कुछ काम है बोलकर उसे अपने साथ अपने रूम ले गया और रूम का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया पीड़ित ने बताया कि मैनेजर खुद निर्वस्त्र होकर युवक को भी अर्धनग्न कर दिया और उसके साथ घिनौना हरकत करने लगा युवक इसका विरोध करते हुए जैसे तैसे कर रूम का दरवाजा खोल बाहर निकल गया। जिसके बाद मैनेजर किसी को कुछ नहीं बोलने को बोलकर उसे अपनी चिकनी चौकड़ी बातों में फंसाने का प्रयास किया। युवक ने जब इस घटना को अपने दोस्तों को बताया तो उसके साथी आक्रोशित हो गए और बैंक के सामने ही हंगामा शुरू कर दिया। लोगों के गुस्सा को देखते हुए रौनक शुक्ला दौड़कर शाखा प्रबंधक के कार्यालय में छुप गया। इधर हंगामा होते देख स्थानीय लोगों ने मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को इसकी जानकारी दिया जिसके बाद एसआई मिथिलेश कुमार अपने दलबल के साथ बैंक पहुंचे और शाखा प्रबंधक के कार्यालय पहुंचकर प्रबंधक से पूरा मामले की जानकारी लिया और आरोपी फील्ड मैनेजर को गिरफ्तार कर मनिका थाना ले गए। वहीं पुलिस के द्वारा पीड़ित युवक और आरोपी मैनेजर से पूछताछ की जा रही थी।

### आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत पुलिस करे कार्रवाई: ग्रामीण

इधर ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को आरोपी मैनेजर रौनक शुक्ला के ऊपर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए इस तरह के घटना को अंजाम देने वाले मामला को किसी भी सूरत में ढकने का काम नहीं होना चाहिए। मामला नाबालिक स्कूली छात्र युवक का है इसलिए पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी के ऊपर कार्रवाई हो अगर पुलिस के द्वारा ऐसे आरोपियों को बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया जाता है,तो यह लोग आगे चलकर इससे भी घिनौना घटना को अंजाम दे सकते हैं। वही ग्रामीणों की निगाहें मनिका पुलिस की ओर टिकी हुई है कि आखिर इस घटना के बाद पुलिस आरोपी के ऊपर क्या कार्रवाई करती है।

### खाताधारियों में बैंक कर्मियों के प्रति आक्रोश

वहीं भारतीय स्टेट बैंक मनिका में अपने खाता से संबंधित कार्य के लिए आने वाले खाताधारियों में इस घटना के बाद बैंक कर्मियों के प्रति काफी आक्रोश देखा गया, लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि जब इन जैसे बैंक कर्मियों से युवक सुरक्षित नहीं है तो यहां आने वाले युवतियां कैसे सुरक्षित रह पाएंगे। आज मामला सबके सामने आ गया लेकिन हो सकता है कि यह मैनेजर पहले से भी कितनों के साथ इस तरह का घिनौना कार्य कर चुका होगा।

### उच्च अधिकारियों को किया गया है सूचित: शाखा प्रबंधक

वही इस मामले के विषय पर पूछे जाने पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा मनिका के प्रबंधक अमित केरकेट्टा ने कहा कि मामले के विषय में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि रौनक शुक्ला फील्ड मैनेजर के पद पर कॉन्ट्रैक्ट पर एसबीआई का काम कर रहा था।

## विधायक बैद्यनाथ राम ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास


शिलान्यास करते विधायक बैद्यनाथ राम।

▸▸ क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ी भूमिका सड़कों की होती है : बैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधायक बैद्यनाथ राम ने सोमवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालू ग्राम स्तिथ बालू पक्की से तुरका टांड गांव तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली पक्की सड़क का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। लगभग चार किलोमीटर तक बनने वाले इस सड़क से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। इससे पूर्व ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य-गीत के साथ विधायक बैद्यनाथ राम का स्वागत किया। मौके पर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि इस सड़क का निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को सुविधा होगी। क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ी भूमिका सड़कों की होती है। अच्छी सड़क विकास की मानक है। उन्होंने कहा गांव के लोगों को सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना चलाई जा रही है। ग्रामीणों की यह जिम्मेवारी है कि वह सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर नजर रखें। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, झामुमो नेता परमेश्वर गंझु, युवा नेता अंकित पांडेय, मुखिया संध्या देवी, माधो सिंह, राकेश सिंह, केदार सिंह, मो.हफीज, मो.शाहनवाज, मो.एहसान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बिकी जमीन का फिर बेच का प्रयास रहे रैयत के खिलाफ खरीददारों ने उपायुक्त में सौंपा आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** बारियातू (बालूमाथ) प्रखंड के चेडरा ग्राम निवासी राजेश कुमार साव, साहेब उरांव, राजेश प्रसाद ने उपायुक्त व जिला निबंधन कार्यालय के नाम 16 अक्टुबर को आवेदन सौंपा है। उन्होंने दिये आवेदन में कहा है कि ग्राम चेडरा थाना बारियातू स्थित जिसका सीएस खाना नम्बर 54, प्लॉट नम्बर 02, आरएस खाता नम्बर 111, प्लॉट नम्बर 157, रकबा एक एकड़ जमीन मेरे मां यशोदा देवी के नाम से खरीदगी है। वहीं सीएस खाता नम्बर 54, प्लॉट नम्बर 02, रकबा 0.50 डिसमील, आरएस खाता नम्बर 111, प्लॉट 157, रकबा 0.50 डिसमील जमीन तेतरी देवी पति मुन्दर साव के नाम से खरीदगी है। वहीं खाता नम्बर 54, प्लॉट नम्बर 02, रकबा 0.50 डिसमील, आरएस खाता नम्बर 111, प्लॉट 157, रकबा 0.50 डिसमील मुन्द्रिका प्रसाद पिता शिवदेव साव के नाम से निबंधित केवाला के माध्यम से खरीदगी है। वहीं सीएस खाता नम्बर 54, प्लॉट नम्बर 02, आरएस खाता नम्बर 111, प्लॉट 155, रकबा 0.50 डिसमील जमीन फागु उरांव पिता चैता उरांव के नाम से निबंधित केवाला के माध्यम से खरीदगी है। वहीं सीएस खाता नम्बर 54, प्लॉट नम्बर 02, आरएस खाता 111, प्लॉट 155 रकबा 0.50 डिसमील जमीन निबंधित केवाला के माध्यम से रामदेव उरांव व सिता राम उरांव पिता श्यामलाल उरांव के नाम से खरीदगी है। इस खरीद तिथि से हम सभी रैयतों का शांति पूर्ण कब्जा दखल चला आ रहा है एवं सीएस खाता प्लॉट के अनुसार मालगुजारी रसीद निर्गत है इसका सत्यापन ग्राम एवं पंचायत अमरवाडीह के मुखिया पंचायत, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, चेडरा एवं ग्रामीणों के द्वारा किया गया है। भूलवश गलत तरीके से महावीर सिंह पिता नेमु सिंह के नाम पर हाल सर्वे खतियान उक्त वर्णित जमीन बन जाने से महावीर सिंह के उतराधिकारी नाजायज रूप से हमलोगों के उक्त वर्णित जमीन का खरीद बिक्री करने हेतू अमादा है। औने-पौने दर पर जमीन का बिक्री कर रूपया प्राप्त करना चाह रहे है। खरीदारों ने अवैध बिक्री केवाला का निष्पादन रोकने की मांग की है।

## बड़े खतरे को आमंत्रण दे रही है इंदिरा चौक पर स्थित यात्री शेड


जर्जर यात्री शेड।

**चंदवा।** एनएच-99 रांची-मेदिनीनगर व एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के केन्द्र बिन्दु पर स्थित इंदिरा गांधी चौक पर स्थित पुराना यात्री शेड बड़े खतरे को आमंत्रण दे रहा है। यात्री शेड की स्थिति इतनी जर्जर हो गयी है कि कभी भी भरभरा कर धरासाई हो सकती है। शेड का सीलिंग का प्लास्टर टूट कर लगातार गिर रहा है, जिस कारण सीलिंग का सरिया साफ दिखाई देने लगा है। स्थानीय लोगो ने बताया कि प्रतिदिन काफी संख्या में लोग ऑटो व बस से सफर करने के लिए इंडिया चौक आते है व जान जोखिम में डालकर यहां पर खड़ा होकर बस व ऑटो का इन्तेजार करते है। प्रखण्ड प्रशासन इसे गम्भीरता से लेकर तत्काल ध्यान नही देती है तो बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है।

## एक नजर में

### चंदवा शहर में एनएच किनारे स्ट्रीट लाइट नही लगाने से शाम होते ही एनएच पर छा जाता है अंधेरा

**चंदवा।** इंदिरा गांधी चौक से गोनिया बरियातू तक एनएच 99 का मरमती कार्य कुछ दिनों पूर्व ही पूर्ण किया गया है। सड़क बनने के बाद कई स्थानों पर नालियों का निर्माण भी कराया गया है। बिजली के नए खंभे भी लगाए गए हैं। इन कार्यों के बीच सड़क किनारे बिजली के खंभे में लगाए गए स्ट्रीट लाइट या तो खराब हो गए और कुछ ध्वस्त हो गए। फिलहाल आलम यह है कि बिजली चली जाने के बाद सड़क पर अंधेरा छा जाता है। इससे दुर्घटनाएं की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने चंदवा प्रखंड में खनन का कार्य कर रही कंपनियों से सड़क किनारे पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की अपील की थी। चकला में कोल परियोजना का काम करने आई हिंडालको कंपनी ने इसके लिए पहल भी की थी। उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा के पहल पर उक्त कंपनी ने सड़क के किनारे स्ट्रीट लाइट लगाने की प्रक्रिया शुरू की है पर मामला एनएच विभाग के एनओसी को लेकर अटक गया है। दो दिन पूर्व उपप्रमुख ने पुनः महापर्व छठ के मद्देनजर हिंडालको कंपनी के सीएसआर हेड से स्थानीय कार्यालय में जाकर मुलाकात कर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की। श्री कुमार ने इस मामले पर बताया कि किसी भी सूरत पर महापर्व छठ तक यह कार्य पूरा नहीं हो सकता। स्ट्रीट लाइट लगाने वाली कंपनी ने इसके लिए ढाई महीने का समय मांगा है। ऐसे में महापर्व तक यह संभव नहीं लगता है। कंपनी द्वारा इस जानकारी के बाद चंदवा वासियो को ही महापर्व के दौरान सड़क पर विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी उठानी होगी ताकि वृत्तियो व श्रद्धालुओं को रात में परेशानी ना हो। छठ पूजा के निमित्त कार्य कर रही संस्था को भी इस निमित्त कार्य करने की जरूरत दिखाई दे रही है।

### छठ को ले प्रमुख घाट की साफ सफाई शुरू


नदी की सफाई में लगे लोग।

**बरवाडीह।** बरवाडीह के प्रमुख आदर्श नगर छठ घाट पर पवित्र पर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। पर्व को लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता द्वारा छट घाट और नदी की साफ-सफाई कराने के साथ-साथ साज -सज्जा का कार्य शुरू कर दिया गया है। पंकज गुप्ता ने बताया कि छठ पूजा से पहले पूरी तरह से घाट की साफ-सफाई करा दिया जाएगा। वहीं डेंगू, टाइफाइड तथा अन्य बीमारियों को देखते हुए छठ नदी और घाट के आसपास कीटनाशक का छिड़काव कराया जाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए तमाम तरह के इंतजाम समिति के द्वारा कराए जा रहे है। वहीं पूजा समिति के उपाध्यक्ष सह पत्रकार दीपक राज ने बताया कि छठ घाट और यहां तक आने वाले मार्ग को आकर्षक लाइटिंग से सजाया जाएगा। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंडाल तथा चेंजिंग रूम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां वर्षों से आपसी सद्भाव के साथ छठ पूजा का आयोजन होते आ रहा है। अल्पसंख्यक समुदाय के युवा भी छठ महापर्व में बढ़-चढ़कर सहयोग करते रहे हैं, और इस वर्ष भी वह छठ महापर्व की तैयारी में जुटे हुए है। बता दें कि चार दिवसीय छठ पर्व 17 नवंबर से आरंभ हो रहा है। 20 नवंबर को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सूर्य उपासना के महापर्व का समापन होगा। 17 नवंबर को नहान खान के साथ छठ पर्व की शुरूआत होगी। 18 नवंबर को खीर भोजन, 19 नवंबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

## पीएम आवास पर जबरन कब्जा करने का आरोप, बीडीओ से लगायी गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। प्रखण्ड के चेटर पंचायत अंतर्गत रुद गांव निवासी सुरेश गंझू पिता लखन गंझू ने गांव के मार्शल कंडुलना व पिंकी देवी पर पीएम आवास पर जबरन कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने सोमवार को प्रखण्ड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ को पूरे मामले से अगवत कराया व आवेदन सौप कर न्याय की गुहार लगायी। आवेदन में सुरेश गंझू ने बताया है कि उसे कुछ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था। लेकिन लगभग एक सप्ताह पूर्व आरोपित लोगों के द्वारा घर में ताला जड़ दिया गया है। जिस कारण पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने व ठंड में रात गुजारने को विवश है। इधर घर व जमीन से बेदखल कर गांव से भगाने की धमकी भी दी जा रही है। भुक्तभोगी ने मामले की जांच कर आवास को वापस दिलाने की गुहार लगाई है।


गुहार लगाते परिजन।

## परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक एवं अभिभावकों की गोष्ठी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में अभिभावक, शिक्षक गोष्ठी का आयोजन विद्यालय अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद ने कहा कि छात्र छात्राओं का पहला गुरु माता, पिता व अभिभावक होतें है। इसलिए आप सभी को अपने-अपने बच्चों को घर पर निगरानी रखने की आवश्यकता है। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों से हर घंटी छात्र छात्राओं को पढ़ाने का आग्रह किया। वहीं माधव प्रसाद, दयानंद सोनी, राजीव कुमार, मो. खौबैब आलम, बिनोद राम, प्रदीप राम सहित कई अभिभावकों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी विद्यार्थी ससमय विद्यालय आएं व विद्यालय के पूर्ण गणवेश पहनकर आने पर विचार किया गया समेत कई बातें सामने रखी गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार सिंह, विश्वरूप सिंघा, दिनेश प्रसाद दुबे, रुपेश कुमार, आल्का तिग्गा, पंकज कुमार, रीना कुमारी, सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# लंबित आवास योजना कार्य का किया गया निरीक्षण

▸▸ कई लाभुकों को दिया गया अंतिम नोटिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** चलो करें आवास पूरा अभियान के तहत फुलसु पंचायत अंतर्गत करमा टोला ले में लंबित आवास योजना को 10 नवंबर तक पूर्ण करने को लेकर पीएम आवास कोऑर्डिनेटर शशि कुजूर ने निरीक्षण कर कई आवास लाभुकों को अंतिम नोटिस दिया। उपरोक्त संबंध में प्रखंड समन्वयक शशि कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कई ऐसे लाभुक जिनको प्रथम व द्वितीय किस्त का भुगतान हो गया है भुगतान मिलने के बावजूद भी अभी तक लाभुक आवास कार्य को पूर्ण नहीं किया है वैसे लाभुकों को अंतिम नोटिस दिया जा रहा है साथ ही बताया कि जो व्यक्ति नोटिस लेने में आनाकानी कर रहे हैं और लेने से इनकार कर रहे हैं वैसे लोगों को घर में नोटिस चिपका दिया जा रहा है। नौ लोगों को अंतिम नोटिस देकर 10 नवंबर तक कार्य पूर्ण करने की बात कही गई। इसके बावजूद कार्य पूर्ण करने नहीं होता है तो करवाई किया जाएगा। आपको बताते चलें कि बारियातू प्रखंड में 257 आवास योजना लंबित है लंबित आवास योजना को लगातार प्रखंड कोऑर्डिनेटर कुजूर समन्वय बनाते हुए कार्य पूर्ण करने का हर संभव प्रयास में लगे हुए हैं। मौके पर मुखिया तेतरी देवी, आवास मित्र मनोज राम सहित कई आवास लागू भी मौजूद रहे।


नोटिस चिपकाते प्रखंड कर्मी।

स्पीड न्यूज

### हीरालाल सामरिया ने ली मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में हीरालाल सामरिया को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) में मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में पद की शपथ दिलायी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### गुजरात : सड़क हादसों में बचे राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्री

**अहमदाबाद।** गुजरात में सोमवार को प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री अलग-अलग हादसे में बाल-बाल बच गये। पहले हादसे में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की कार को पायलट कर रही पुलिस गाड़ी एक बाइक से टकरा गयी, जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। दूसरे हादसे में पूर्व मुख्यमंत्री सुरेश मेहता की कार एक ट्रक से जा टकरायी। हालांकि दोनों पूर्व मुख्यमंत्री सकुशल बताये गये हैं।

### पीएफआइ पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) पर केंद्र सरकार के प्रतिबंध लगाने के आदेश के खिलाफ पीएफआइ की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पीएफआइ को हाइकोर्ट जाने को कहा। पीएफआइ को केंद्र सरकार ने गैरकानूनी संगठन अधिनियम की धारा 3(1) में दिये गये अधिकार का इस्तेमाल करते हुए प्रतिबंधित करार दिया था।

### 'जैविक उत्पाद को बढ़ावा' विषय पर दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को नयी दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) की ओर से जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने विषय पर आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

### बंगाल में फिर सिर उठा रहा केएलओ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विद्रोही समूह कामतापुर लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (केएलओ) एक बार फिर चिंता बढ़ा रहा है। संगठन की ओर से धमकी के बाद केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

# भारत बना रहा रॉकेट फोर्स, मध्यम दूरी की मारक क्षमता होगी और मजबूत

## फोर्स में शामिल होंगी 1500 किलोमीटर दूरी तक की बैलिस्टिक मिसाइलें



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** चीन को सटीक जवाब देने के लिए भारत भी अपनी रॉकेट फोर्स बना रहा है। भारत अपनी रॉकेट फोर्स में 1,500 किलोमीटर तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को शामिल करने पर विचार कर रहा है। सेनाएं पारंपरिक उपयोग के लिए सामरिक बल कमान में बैलिस्टिक मिसाइलों के मौजूदा बेड़े से चयन कर सकती हैं। रॉकेट फोर्स बनाने का उद्देश्य भारत की मध्यम दूरी की मारक क्षमता को मजबूत करना है, जो पहले से ही पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के पास है।

पूर्वी लद्दाख सीमा पर तनाव कम करने के लिए चल रहे सैन्य और कूटनीतिक प्रयासों के बीच चीन ने एलएसी के पास बड़ी संख्या में रॉकेट फोर्स तैनात की है। चीन को पहले से ही अपनी रॉकेट फोर्स पर सबसे ज्यादा भरोसा रहा है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने यह रॉकेट फोर्स 2016 में अलग से बनायी थी, क्योंकि चीन के पास दुनिया में सबसे बड़ा रॉकेट का भंडार है। चीन की रॉकेट फोर्स को जवाब देने के लिए भारत ने बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक में अहम भूमिका निभाने वाली स्पेशल फोर्सेज को लद्दाख सीमा पर तैनात कर रखा है। देश के अलग-अलग स्थानों से पैरा स्पेशल फोर्स की यूनिट को लद्दाख में ले जाया गया है।

इसके साथ ही, चीन को सटीक जवाब देने के लिए भारत ने भी अलग से रॉकेट फोर्स बनाने का फैसला लिया है, क्योंकि भारत के पास भी दुनिया की बेहतरीन मिसाइलों का भंडार है। रॉकेट फोर्स बनाने की योजना से स्पष्ट संकेत है कि भारत सीमित युद्ध के दौरान बड़े पैमाने पर सतह से सतह मिसाइल का उपयोग करेगा। इसीलिए भारत ने अपने मिसाइल विकास और उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र की बदौलत रॉकेट फोर्स गठित करने की परिकल्पना की है। भारतीय रक्षा बल इस रॉकेट फोर्स में लगभग 1,500 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को शामिल करने पर विचार कर रहे हैं। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों के अधिग्रहण की मंजूरी दी है।

रॉकेट फोर्स बनाने का उद्देश्य भारत की मध्यम दूरी की मारक क्षमता को मजबूत करना है, जो पहले से ही पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के पास है। अधिकारियों के अनुसार प्रलय मिसाइलें वर्तमान में बड़े पैमाने पर उत्पादित की जा रही हैं, जल्द ही परिचालन सेवा के लिए तैयार होने की उम्मीद है। मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली में अत्याधुनिक नेविगेशन और एकीकृत एवियोनिक्स शामिल हैं। प्रलय एक अर्ध-बैलिस्टिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है। इस उन्नत मिसाइल को इंटरसेप्टर मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए विकसित किया गया है। इसमें हवा में एक निश्चित दूरी तय करने के बाद अपना रास्ता बदलने की क्षमता है।

### चीनी मिसाइलों के निकलेंगे दम

**नयी दिल्ली।** भारत प्रोजेक्ट 'कुश' के तहत अपनी वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए लांग रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (एसएएम) सिस्टम विकसित कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत के तहत इसे विकसित किया जा रहा है। इसे वर्ष 2028-29 तक तैनात किये जाने की उम्मीद है। इसे भारत का 'आयरन डोम' कहा जा सकता है। लांग रेंज एसएएम सिस्टम रूस के एस-400 जैसा होगा। एस-400 हवा में किसी भी दिशा से होने मिसाइल आक्रमण को विफल कर सकने में सक्षम है। लांग रेंज एसएएम सिस्टम को विकसित करने के लिए पिछले वर्ष मई में कदम उठाया गया था। अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने भी इस प्रोजेक्ट को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस मिसाइल सिस्टम को संक्षेप में इसे एलआर-एसएएम भी कहा जाता है। इसमें तीन लॉग रेंज इंटरसेप्टर मिसाइल लगे होंगे।

### गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'सूरत' के शिखर का हुआ अनावरण

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक सूरत के शिखर का अनावरण सोमवार को नौसेना की पश्चिमी कमान के तत्वावधान में सूरत शहर में आयोजित किया गया। युद्धपोत का अनावरण गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार भी शामिल हुए।

# पीयूष गोयल ने 'भारत आटा' का किया शुभारंभ




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कर्तव्य पथ से 'भारत आटा' का शुभारंभ किया। उपभोक्ताओं को यह आटा केंद्र सरकार 27.50 रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध करायेगी।

गोयल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज से करीब 800 वैन देश के कोने-कोने में चलायी जायेंगी और लोगों को आटा उपलब्ध करायेंगी। सरकार ने देशभर में आटा उपलब्ध कराने का जिम्मा केंद्रीय भंडार, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) को सौंपा है। ये एजेंसियां शुरुआती दौर में लगभग दो हजार आउटलेट पर रियायती भारत आटा और भारत दाल उपलब्ध करायेंगी।

कार्यक्रम के दौरान गोयल ने भारत आटा की बिक्री की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता हमेशा से गरीब कल्याण रही है। हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जब भारी बारिश के कारण टमाटर की फसल तबाह हुई, तो सरकार ने आम लोगों को रियायती दरों पर टमाटर और प्याज उपलब्ध कराया था। अब मोदी सरकार देश की जनता को रियायती दर पर आटा भी उपलब्ध कराने जा रही है।

# मिजोरम की सभी 40 और छत्तीसगढ़ की 20 विस सीटों पर मतदान आज



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** मिजोरम विधानसभा की सभी 40 सीटों और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले चरण की 20 सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधान में सुबह 8:00 बजे से 5:00 बजे तक मतदान होगा। विधानसभा क्षेत्र - मोहला मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह 7:00 से शाम 3:00 बजे तक मतदान होगा। बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों पर दो स्लॉट में वोट डाले जायेंगे और ये सभी 12 सीटें नक्सल प्रभावित इलाके में आती हैं। चुनाव से कई दिन पहले ही नक्सली बस्तर संभाग के अलग-अलग इलाकों में चुनाव के बहिष्कार के पर्चे लगा चुके हैं। छत्तीसगढ़ की 20 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले मतदान में 223 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिनमें से 23 महिलाएं हैं। इनके भाग्य का फैसला राज्य के 40 लाख 78 हजार मतदाता करेंगे। 2018 में प्रथम चरण में 18 विधानसभा क्षेत्र में 76.47 प्रतिशत मतदान हुआ था।

चुनाव आयोग ने पहले चरण के लिए 5304 मतदान केंद्र बनाए हैं। इनमें से 20 दिव्यांगजन और 20 युवाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्र हैं। सुचारू चुनाव के लिए 21,206 मतदान कर्मी और 4204 अतिरिक्त कर्मी तैनात किये गये हैं।

उधर, मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा। यहां सुबह 7 बजे से शाम 4.00 बजे तक वोट डाले जायेंगे। इसके लिए 1276 पोलिंग मतदान केंद्र बनाये गये हैं। राज्य में 8.50 लाख मतदाता हैं। यहां 1531 कंट्रोल यूनिट 1531 बैलट यूनिट और 1659 वीवीपैट मशीन लगायी गयी हैं। मिजोरम विधानसभा क्षेत्र में 174 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। यहां के मुख्य राजनीतिक दल मिजो नेशनल फ्रंट, जोरम पीपुल्स मूवमेंट और कांग्रेस हैं। मिजो नेशनल फ्रंट भाजपा नेतृत्व वाले नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस का हिस्सा है।

### इजराइल-हमास युद्ध और भीषण होने की आशंका

**नयी दिल्ली।** इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध के एक महीने हो गये हैं। हमास ने अचानक ही इजराइल पर हमला कर दिया था। इस हमले में 1400 इजराइली मारे गये। हमास ने 240 लोगों को बंधक भी बना लिया। इसके बाद इजराइल ने जवाबी कार्रवाई शुरू की। दोनों ओर से हो रहे हमले और जवाबी हमले में अब तक साढ़े नौ हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं। इधर, इजराइल-हमास युद्ध और भीषण होने की आशंका है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सीजफायर से साफ इनकार कर दिया है।

# बिजली क्षेत्र में बदलाव से भारत तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना : सिंह

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि बिजली क्षेत्र में बदलाव की वजह से भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का देश बन गया। अगर हमने बिजली क्षेत्र में बदलाव नहीं लाया होता, तो ऐसा संभव नहीं हो पाता। वह सोमवार को भारत मंडपम में आयोजित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बिजली और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।



आरके सिंह ने कहा कि हम बिजली में राजनीति नहीं करते हैं। यह पूरी तरह से एकीकृत प्रणाली है। बिजली का उत्पादन किसी राज्य में होता है और खपत 3-4 अलग-अलग राज्यों में होती है। कहीं कोयला पैदा होता है, कहीं पवन और कहीं सौर ऊर्जा। हम कोई पक्षपात नहीं करने जा रहे हैं। सभी को कमी को साझा करना होगा और सभी को पूरा करना होगा। इन्होंने इसे चुनौतीपूर्ण कार्य बताया और राज्यों से कृषि भार को नवीकरणीय ऊर्जा में बदलने और रात के लिए कोयला आधारित उत्पादन को संरक्षित करने के लिए पीएम-कुसुम का लाभ उठाने को कहा।

केंद्रीय उर्जा मंत्री ने कहा कि

### क्षमता से कम बिजली उत्पादन करने वाले राज्य केंद्र से सहयोग की उम्मीद न रखें : आरके

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सोमवार को कहा कि जो राज्य कम बिजली का उत्पादन करेगा और केंद्र से बिजली की मांग पूरा करने के लिए अपेक्षा रखेगा, उसे ऐसे हालत में सहयोग करना संभव नहीं होगा। इस तरह की उम्मीद ऐसे राज्यों को नहीं रखनी चाहिए। वह दिल्ली एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत मंडपम में आयोजित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ऊर्जा मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के एजेंडे में देश की बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से योजनाओं और मुद्दों पर विचार विमर्श होगा।

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- स्कूली छात्राओं को नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए ड्राफ्ट नीति तैयार



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** स्कूल में छात्राओं को नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए ड्राफ्ट नीति तैयार कर ली गयी है और उसे सभी पक्षों को सकुर्लेट कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने ये सूचना सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वे इस नीति से कोर्ट को अवगत करायें।

कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वे देशभर के सरकारी स्कूलों की छात्राओं के लिए टॉयलेट बनाने के लिए राष्ट्रीय मॉडल बनाना सुनिश्चित करें। इसके पहले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि उसने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गुणवत्ता पूर्ण कम कीमत के सैनिटरी पैड स्कूलों के वेंडिंग मशीन में उपलब्ध कराने के लिए उचित प्रावधान करें। जया ठाकुर ने दायर याचिका में कहा है कि 11 से लेकर 18 वर्ष की गरीब और अनपढ़ महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इन गरीब महिलाओं में माहवारी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता नहीं होती। याचिका में माहवारी को लेकर महिलाओं में जागरूकता पैदा करने के लिए सरकारों और विभागों को अभियान चलाने का निर्देश देने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति रईसी से बात की

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इस्लामिक गणराज्य ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैय्यद इब्राहिम रईसी से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया क्षेत्र की कठिन स्थिति और इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवादी घटनाओं, हिंसा और नागरिक जीवन की हानि पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति को दोहराया। राष्ट्रपति रईसी ने स्थिति का अपना आकलन साझा किया। दोनों नेताओं ने तनाव को रोकने, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करने और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की भी समीक्षा की और सकारात्मक मूल्यांकन किया।

## प्रदीप सिंह की फिल्म 'देवरानी-जेठानी-2' का फर्स्ट लुक हुआ आउट



भोजपुरी के मशहूर निर्देशक प्रदीप सिंह की अपकमिंग फिल्म 'देवरानी-जेठानी-2' का फर्स्टलुक आउट हो गया है। इसमें फिल्म की लीड अभिनेत्री अंजना सिंह और संचिता बनर्जी एक-दूसरे के साथ उलझती नजर आ रही हैं। दूसरी ओर, उनके पति की भूमिका में अभिनेता गौरव झा और देव सिंह एक-दूसरे को झगड़े से अलग करते दिखायी दे रहे हैं। यह इस ओर इशारा करता है कि यह फिल्म भी पहले पार्ट की तरह और भी रोचक होने वाला है। इस फिल्म को मशहूर निर्देशक अजय कुमार झा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के निमार्ता प्रदीप सिंह के साथ अपूर्व मेड़तिया, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। आपको बता दे कि इससे पहले फिल्म देवरानी जेठानी ने भोजपुरी दर्शकों के बीच अपनी जगह बखूबी बना ली थी। फिल्म को मिली सफलता के बाद निमार्ता प्रदीप सिंह ने फिल्म के दूसरे भाग के निर्माण की भी बात कही थी, जो अब पूरी हो रही है। फिल्म 'देवरानी-जेठानी-2' को लेकर प्रदीप सिंह ने कहा कि देवरानी-जेठानी की तरह ही यह फिल्म मजेदार होने वाली है। इसकी कहानी एसके चौहान ने लिखी है, जो बेहद खूबसूरत है। यह फिल्म के पहले भाग से काफी अलग अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है। फिल्म के पोस्टर में दिख रहे तेवर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म मनोरंजन से भरपूर होने वाली है। देवरानी-जेठानी का रिश्ता अक्सर तकरार के रूप में देखा गया है, लेकिन हम अपनी फिल्म में इसके माध्यम से एक सार्थक संदेश और स्वस्थ मनोरंजन दर्शकों को देने वाले हैं। फिल्म में कॉमेडी का तड़का भी खूब नजर आयेगा, तो इमोशंस की भी कमी नहीं दिखेगी। इस फिल्म को हमने बड़े पैमाने पर बनाया है। फिल्म में सभी कलाकारों ने बेहतरीन काम किया है और उम्मीद करता हूं कि यह जब भी रिलीज होगी, तब दर्शकों को भी हमारी फिल्म पसंद आयेगी और वह इसे अपने परिवार के साथ मिलकर देखेंगे।

### रूस ने किया परमाणु पनडुब्बी से आइसीबीएम का सफल परीक्षण

**मास्को।** रूसी सेना ने रविवार को यूक्रेन में जारी युद्ध के साथ रूस और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच नयी परमाणु पनडुब्बी इंपीरेटर अलेक्जेंडर-3 से न्यूक्लर वारहेड ले जाने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) का सफल परीक्षण किया। पिछले हफ्ते ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैश्विक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध के रूस के अनुसमर्थन को रद्द करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर किया था। मास्को ने कहा कि अमेरिका के साथ समानता स्थापित करने की आवश्यकता थी।

# लगातार तीसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में तेजी

### निवेशकों को एक दिन में साढ़े तीन लाख करोड़ का मुनाफा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सप्ताह का पहला कारोबारी दिन ही घरेलू शेयर बाजार के लिए काफी शुभ हुआ। सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार करीब 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में कुछ देर मुनाफावसूली के दबाव की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट दिखायी दी। दिन के दूसरे सत्र में लगातार हुई खरीदारी के कारण बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा।

पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.92 प्रतिशत और निफ्टी 0.94 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। दिन भर हुई खरीद-बिक्री के बाद बीएसइ सेंसेक्स 594.91 अंक की तेजी के साथ 64,958.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में दिन भर हुई खरीद-बिक्री के बाद निफ्टी 181.15 अंक की मजबूती के साथ 19,411.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गयी। आज के कारोबार में कंज्यूमर ड्युरेबल्स और पीएसयू बैंक को छोड़ कर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर हुई खरीद बिक्री के दौरान फार्मास्यूटिकल, एनर्जी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल और इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज जमकर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसइ का मिडकैप इंडेक्स 0.90 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।

# फिच ने भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.2 फीसदी किया




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** देश की अर्थव्यवस्था के लिए दिवाली से पहले अच्छी खबर है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.2 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने अपने अनुमान में 0.70 फीसदी का इजाफा किया है। इससे पहले फिच रेटिंग्स ने भारत के विकास दर का अनुमान 5.5 फीसदी रखा था।

रेटिंग एजेंसी फिच ने सोमवार को जारी अपने ताजा अनुमान में कहा कि हमने भारत और मेक्सिको में बड़े पैमाने पर अपग्रेड किया है। एजेंसी के मुताबिक भारत की विकास दर का अनुमान 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.2 फीसदी और मेक्सिको का ग्रोथ अनुमान 1.4 फीसदी से बढ़ाकर 2 फीसदी कर दिया गया है। फिच ने कहा कि भारत में 2020 में तेज गिरावट के बाद श्रम बल भागीदारी दर में तेजी से सुधार होने के कारण विकास दर का अनुमान बढ़ाया गया है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि, फिच ने चीन के लिए विकास दर का अनुमान 5.3 फीसदी से कम करके 4.6 फीसदी, रूस के लिए 1.6 फीसदी से कम करके 0.8 फीसदी, कोरिया के लिए 2.3 फीसदी से घटाकर 2.1 फीसदी और दक्षिण अफ्रीका के लिए ग्रोथ का अनुमान 1.2 फीसदी से 1.0 फीसदी कर दिया है।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# दीपोत्सव को दीप्तमान करती हमारी तेज विकास करती आर्थिक व्यवस्था

नागेन्द्र सिंह

**बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की क्रांति**

अधिकाधिक सरकारी निवेश और विकास से जुड़ी पहलों की सहायता से भारत अपने बुनियादी ढांचे का जबरदस्त उन्नयन कर रहा है। सड़क, रेलवे, विमानन और जलमार्ग सहित भारत के परिवहन नेटवर्क में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और इसका देश के आर्थिक विकास पर व्यापक प्रभाव हो रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास के इन प्रयासों का उद्देश्य कनेक्टिविटी को बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स संबंधी लागत को कम करना और भारत को एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है। मल्टी-मॉडल बुनियादी ढांचे के विकास हेतु महत्वाकांक्षी पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान से प्रेरित, नई सड़कें व रेलवे भारत को वर्तमान में 3.74 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था (आईएमएफ, 2023) से आगे बढ़कर 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा को साकार करने में मदद करेंगे।

## सड़कों के नेटवर्क में सुधार

कुल 6.37 मिलियन किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली सड़कों के साथ भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। हाल के वर्षों में, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की गति में काफी तेजी आई है और यह 2014-15 में औसतन 12 किलोमीटर प्रति दिन से बढ़कर 2021-22 में लगभग 29 किलोमीटर प्रति दिन हो गई है। राजमार्गों की कुल लंबाई 2014 में 97,830 किलोमीटर से बढ़कर आज 145,155 किलोमीटर हो गई है। यही नहीं, पिछले नौ वर्षों के दौरान, भारत के विभिन्न गांवों को हर मौसम में आवागमन लायक सड़कों से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। सड़कों से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का बजटीय समर्थन तेजी से बढ़ा है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अटल सुरंग, ढोला-सदिया पुल और चिनाब नदी पुल जैसी रणनीतिक परियोजनाओं, जिनमें से कुछ कई वर्षों से लंबित थीं, को युद्धस्तर पर पूरा करना सरकार के समावेशी शासन और देश के सबसे दूर-दराज व दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के प्रति उसकी वचनबद्धता का प्रमाण है।




## रेलवे में क्रांतिकारी बदलाव

भारतीय रेलवे का पर्याप्त आधुनिकीकरण और विस्तार हुआ है। पिछले चार वर्षों के दौरान रेलवे के बुनियादी ढांचे पर होने वाले पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2.5 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। रेलवे की पटरियों के विद्युतीकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो पिछले नौ वर्षों में 37,011 रूट किलोमीटर तक पहुंच गई है। इसके अलावा, 4 मार्च 2022 को, भारतीय रेलवे को शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली कवच ??का सफल परीक्षण किया गया। स्वदेशी तरीके से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत, जो अभी 25 मार्गों पर चल रही हैं, और इसके क्रमिक विस्तार से उच्च गति वाली रेल यात्रा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है। जापान के सहयोग से मुंबई और अहमदाबाद के बीच चल रहे हाई-स्पीड लाइन के निर्माण और माल ढुलाई हेतु नए गलियारों के विकास से कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, यात्रा में लगने वाला समय कम होगा और कुशलता के साथ माल व यात्रियों की आवाजाही की सुविधा हासिल होगी।

## विमानन क्षेत्र की उड़ान

भारतीय विमानन क्षेत्र में पर्याप्त विकास हुआ है और इसने देश को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े बाजार के रूप में स्थापित किया है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और विमानन सेवा से वंचित रहे या अपेक्षाकृत कम सेवा वाले हवाई अड्डों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से, सरकार ने ह्यउड़े देश का आम नागरिकह्ल (उड़ान) योजना के तहत 4,500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। पिछले नौ वर्षों में नागरिक उड़ानों वाले हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गई है और यह 2014 में 74 से बढ़कर 2023 में 148 हो गई है। यही नहीं, सरकार ने देश भर में 21 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी भी दे दी है। इसके अलावा, जल्द ही बनकर तैयार होने वाला ग्रीनफील्ड नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश में विमानों के रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) का सबसे बड़ा केंद्र होगा, जिससे विमानन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे।

## जलमार्गों का दोहन

भारत एक स्थायी लॉजिस्टिक क्षेत्र की स्थापना में अपने जलमार्गों की अपार क्षमता से अवगत है। अंतर्देशीय जल परिवहन पर सरकार के ध्यान के कारण 111 राष्ट्रीय जलमार्गों की घोषणा हुई है। वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान इन जलमार्गों के रास्ते सामानों (कार्गो) की आवाजाही 108.8 मिलियन टन की रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 30.1 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ती है। अंतर्देशीय पोत विधेयक, 2021 अंतर्देशीय जल परिवहन के विकास को और अधिक सुविधाजनक बनाता है, एक मजबूत मल्टी-मॉडल परिवहन इकोसिस्टम का निर्माण करता है और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, सागरमाला परियोजना का लक्ष्य बंदरगाहों को विकसित करना, अनुपालनों को सुव्यवस्थित करना और जहाज के लौटने (टर्नअराउंड) में लगने वाले समय को कम करना है।

## आर्थिक निहितार्थ और भविष्य

परिवहन से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास से परिवहन की लागत कम हो जाती है, व्यापार से होने वाले लाभ में वृद्धि होती है तथा मजदूरी बढ़ती है और इन सबसे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। बुनियादी ढांचे के विकास ने श्रमिकों को कृषि से हटाकर अधिक उत्पादक नौकरियों की ओर ले जाने में मदद की है। इस बदलाव को संभव और व्यावहारिक बनाने से गांवों में शिक्षा के विकास को भी गति मिली है।

भारत को ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, विद्युतीकृत रेलवे, पुनर्निर्मित हवाई अड्डों और एक ईवी इकोसिस्टम द्वारा संचालित एक उच्च गुणवत्ता वाले परिवहन नेटवर्क में एकीकृत किया जाएगा। भारत जिस उच्च स्तर के विकास को हासिल करना चाहता है, उसके लिए नए बुनियादी ढांचे की परिवर्तनकारी शक्ति एक पूर्व शर्त है। यह एक ऐसा उभरता हुआ ज्वार है जो देश के सभी वर्गों के जीवन-स्तर को ऊपर उठाएगा।

अमेरिकी निवेश बैंक मॉर्गन स्टेनली की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने आपूर्ति-पक्ष से संबंधित सुधार, अर्थव्यवस्था के औपचारिककरण, रियल एस्टेट क्षेत्र के विनियमन, सामाजिक हस्तांतरण के डिजिटलीकरण, दिवाला एवं दिवालियापन से संबंधित सुधार, मुद्रास्फीति के लचीले लक्ष्यीकरण, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर ध्यान, इक्विटी बाजारों में सुधार और कॉरपोरेट मुनाफे के प्रति सरकारी समर्थन जैसे प्रमुख नीतिगत विकल्पों की सहायता से एक दशक से भी कम समय में खुद को बदल लिया है।

इस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आने वाले दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के कई वृहद आर्थिक संकेतकों में लगातार बढ़ोतरी होने वाली है। भारत की मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता 2022 में 447 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2032 में 1500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। निर्यात बाजार में हिस्सेदारी 2031 तक दोगुनी से अधिक होकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी, जबकि 2021 में यह हिस्सेदारी 2.2 प्रतिशत थी। भारत की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान में 2,200 अमेरिकी डॉलर से दोगुनी होकर 2032 तक लगभग 5,200 अमेरिकी डॉलर हो जाने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट का यह निष्कर्ष है कि भारत वैश्विक विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में उभरेगा और नया भारत इस दशक के अंत तक वैश्विक विकास के पांचवां हिस्से को संचालित करेगा।

# दिपावली खूब धूम धाम से मनाये लेकिन प्रदूषण के खतरों से देश को बचायें

डॉ. रमेश ठाकुर

**अब** प्रदूषण के चलते भी कैंसर काफी संख्या में होने लगा है। वायु प्रदूषण से सिर्फ अस्थमा, हृदय संबंधी रोग, स्किन एलर्जी या आंखों की बीमारियां ही नहीं होती, बल्कि जानलेवा कैंसर भी होने लगा है। इसलिए जरूरी है कि वायु प्रदूषण से फैलने वाले कैंसर के प्रति ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को जागरूक किया जाए। इस काम में सरकारों के साथ-साथ आमजन को भी भागीदारी निभानी होगी। धुंध, प्रदूषित काले बादल व प्रदूषण की मोटी चादर इस वक्त कई शहरों में है जिसमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र अव्वल है। दिल्ली के अलावा देश के बाकी महानगरों का भी हाल ज्यादा अच्छा नहीं है, वहां भी लोगों को सांस लेना दूभर हो रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।



बहरहाल, कैंसर नए-नए रूप में उभर रहा है जिसमें दूषित वायु प्रदूषण अहम भूमिका में है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो विषाक्त और दमघोंटू प्रदूषण कई तरीके से कैंसर को जन्म दे रहा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्रदूषण शरीर में सबसे पहले अंदरूनी कोशिकाओं यानी डीएनए पर प्रहार कर उन्हें डैमेज करता है जो आगे चलकर कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। इसके अलावा प्रदूषण से शरीर में इंफ्लेमेशन भी बढ़ता है और इम्यून सिस्टम को भी बिगाड़ता है। प्रदूषण को लेकर जो स्थिति इस वक्त पूरे देश में बनी है, हल्के-फुल्के मरीजों के लिए ये वक्त बहुत ही खतरनाक है। ऐसे मरीजों का वायु प्रदूषण के संपर्क में आने का मतलब है कैंसर, स्ट्रोक, श्वसन, हृदय संबंधी रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं को दावत देना। डब्ल्यूएचओ की पिछले साल की एक रिपोर्ट इसी माह नवंबर में आई थी जिसमें बताया गया था कि वायु प्रदूषण से पूरे संसार में प्रतिवर्ष लगभग सात मिलियन मौतें होती हैं जिसमें भारत को दूसरे स्थान पर रखा था। स्थिति इस वर्ष भी भयंकर है।

भारत में पिछले तीन वर्षों में कैंसर से अपनी जान गंवाने वालों की संख्याओं पर नजर डालें तो, सन 2020 में 7,70,230 मौतें थी। जो 2021 में बढ़ कर 7,89,202 हुई। वहीं, 2022 में यानी पिछले साल भारत में कैंसर से मरने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ, संख्या बढ़ कर 8,08,558 पर पहुंच गई। इस साल का आंकड़ा दो महीने बाद आएगा, निश्चित रूप से वो भी डरावना ही होगा। कैंसर को लेकर जागरूकता की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार से लेकर सभी राज्य सरकारें भी जन जागरूकता में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। लेकिन कैंसर है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। चिकित्सकों की मानें तो कार्सिनोजेन यानी कैंसरजनक जो कैंसर फैलाने वाला पदार्थ है जो तंबाकू, धुआं, पर्यावरण, वायरस किसी से भी हो सकता है। मौजूदा कैंसर ज्यादातर दूषित वातावरण से ही होने लगा है।

विभिन्न किस्म के कैंसर की गंभीरता, उनके लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी और प्रत्येक वर्ष नवंबर की 7 तारीख को ह्यराष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाएगा। तभी से इस खास दिवस की शुरूआत हुई। वैसे इस दिवस की प्रासंगिकता अब और बढ़ गई है। क्योंकि प्रदूषण, कैंसर का कारण बन रहा है। वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसर से पहला बचाव तो यही है, कि धुंध-धुआं वाले स्थानों पर मास्क लगाकर रखें और वहां से हटने के बाद अपने हाथों और मुंह को साबुन से धोएं।

भारत में कैंसर रोगियों के आंकड़ों में बीते कुछ वर्षों में तेजी से उछाल आया है।

# बिजली की जगमगाहट से रौशन होता देश



सुधांशु कुमार

**भारत** के बिजली क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को विश्वसनीय, किफायती और सतत ऊर्जा प्रदान करना है। पिछले 9 वर्षों में, बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने, बिजली तक पहुंच का विस्तार करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और अभिनव नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यहां हम उन प्रेरणादायक उपलब्धियों और बदलाव लाने वाली पहलों पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने भारत के बिजली क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

हरित भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा को वैश्विक मान्यता मिली है। पिछले नौ वर्षों में उत्पादन क्षमता में 175 जीडब्ल्यू से अधिक की वृद्धि के साथ, भारत बिजली की कमी वाले देश से एक बिजली अधिशेष राष्ट्र में परिवर्तित हो गया है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए देश की प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सौर और पवन ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि ने नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में विश्व के अग्रणी देश के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। आज, भारत नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के सन्दर्भ में पूरी दुनिया में चौथे स्थान पर है, इसकी कुल स्थापित बिजली क्षमता का 43% गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित है।

बिजली उत्पादन और सार्वभौमिक विद्युतीकरण के लिए भारत की प्रतिबद्धता इस परिवर्तन की प्रेरणा-शक्ति रही है। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) पहल को सफलता के प्रतीक के रूप में मान्यता मिली है, जिसके तहत सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण हासिल करने के लिए देश के हर गांव और जिले को कवर किया गया है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत, 25 सितंबर, 2017 से ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की सुविधा से वंचित 2.86 करोड़ परिवारों को बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने इसे बिजली सुविधा तक पहुँच के सन्दर्भ में, बिजली के इतिहास में दुनिया का सबसे तेज विस्तार कहा है। ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। बिजली की उपलब्धता, ग्रामीण क्षेत्रों में 2014 के प्रति दिन लगभग 12 घंटे से बढ़कर वर्तमान में 22.5 घंटे प्रति दिन और शहरी क्षेत्रों में लगभग 24 घंटे तक हो गयी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए, 2014 में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) शुरू की गई थी। डीडीयूजीजेवाई कार्यक्रम ने 28 अप्रैल, 2018 को 18,374 गैर-विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण करके 100% ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल किया। इसके लिए वितरण नेटवर्क को मजबूत किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि बिजली ग्रामीण भारत के हर कोने तक पहुँचे।

सरकार द्वारा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के प्रयासों के भी उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। किफायती एलईडी द्वारा सभी के लिए उन्नत ज्योति (उजाला) योजना के तहत, 2014 और 2019 के बीच एलईडी बल्बों की खरीद कीमत में लगभग 90% की कमी आई है। एक एलईडी बल्ब की कीमत 310 रुपये से घटकर 39.90 रुपये रह गयी है। इस योजना के तहत अब तक 36.86 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब वितरित किए जा चुके हैं। इस पहल से न केवल घरों में बिजली की लागत कम हुई है, बल्कि एलईडी बल्बों के घरेलू निर्माण को भी बढ़ावा मिला है और ₹मेक इन इंडिया₹ अभियान को समर्थन मिला है। परिणामस्वरूप, भारत ने ऊर्जा-कुशल प्रकाश समाधानों को व्यापक रूप से अपनाया है, जिसने ऊर्जा की खपत को कम करने के साथ हरित पर्यावरण में भी योगदान दिया है।

बिजली वितरण की दक्षता बढ़ाने के लिए, सरकार ने पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) जैसी पहलों को लागू किया है। आरडीएसएस से बिजली वितरण कंपनियों का वितरण घाटा वित्त वर्ष 2020-21 के 21.5% से कम होकर वित्त वर्ष 2021-22 में 16.5% रह गया है। ये पहलें; तकनीकी और वाणिज्यिक घाटे को कम करने, मीटर और बिल प्रणाली में सुधार करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। स्मार्ट ग्रिड, उन्नत मीटर अवसंरचना और मांग प्रतिक्रिया व्यवस्था के एकीकरण से ग्रिड स्थिरता में वृद्धि हुई है और उपभोक्ताओं को अपनी ऊर्जा खपत को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने की सुविधा मिली है।

2014 से भारत के बिजली क्षेत्र में हुए बदलाव, प्रगति और सहनीयता की एक उल्लेखनीय गाथा है। सार्वभौमिक विद्युतीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा का तेज विस्तार, बेहतर वितरण प्रणाली और बढ़ी हुई ऊर्जा दक्षता जैसी उपलब्धियों के साथ भारत ने दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया है। हितधारकों की भागीदारी के साथ भारत सरकार की प्रतिबद्धता से देश स्थायी, किफायती और विश्वसनीय ऊर्जा संचालित भविष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा के दौरान, भारत के बिजली क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए निरंतर निवेश, नवाचार और सहयोग महत्वपूर्ण होगा, ताकि देश के सभी नागरिकों के लिए एक उज्ज्वल व समृद्ध कल सुनिश्चित किया जा सके।

# भगवान बुद्ध ने कहा है, अप्प दीपो भव- स्वयं के लिए प्रकाश बनो

श्री श्रीरवि शंकर

**हमारी** प्राचीन प्रथाओं व अनुष्ठानों में गहरा ज्ञान और अंतर्दृष्टि छिपी है। दिवाली हम कार्तिक माह में मनाते हैं। इस पूरे महीने लोग अपने घरों के सामने दीपक जलाते हैं; इसका एक कारण यह है कि पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में कार्तिक मास, वर्ष के सबसे अंधेरे महीनों में से एक है। यह दक्षिणायन के अंत का प्रतीक है अर्थात जब सूर्य दक्षिण की ओर बढ़ता है तो रोशनी कम होती जाती है।



दीपक जलाने के पीछे एक और प्रतीक है। भगवान बुद्ध ने कहा है, अप्प दीपो भव- स्वयं के लिए प्रकाश बनो। अंधकार को दूर करने के लिए एक दीपक पर्याप्त नहीं है। हर किसी को चमकना चाहिए। भगवान बुद्ध ने संघ क्यों बनाया? उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे जानते थे कि कई व्यक्तियों में ज्ञान जगाने की आवश्यकता है। जब अधिक लोग जागृत होंगे तो इससे एक खुशहाल समाज का निर्माण होगा। जब वे कहते हैं, अपने लिए प्रकाश बनो, अपने आस-पास के सभी लोगों के लिए प्रकाश बनो, तो उसका अर्थ है कि ज्ञान में रहो, तथा सजगता और ज्ञान को अपने आस-पास के लोगों तक फैलाओ।

## काली चतुर्दशी की महिमा

देश के कई हिस्सों में दिवाली को काली चौदस के रूप में भी मनाया जाता है। देवी काली की पूजा को समर्पित यह त्योहार रात्रि की भव्यता की सुंदर स्मृति दिलाता है। यदि रात न होती, अंधकार न होता, तो हम कभी भी अपने ब्रह्मांड की विशालता को नहीं जान पाते। हम कभी नहीं जान पाते कि अन्य ग्रह भी हैं। ऐसा प्रतीत हो सकता है कि हम दिन में अधिक देखते हैं, और रात में कम। लेकिन रात में जो हम देखते हैं वह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड है । जब हम अल्प वस्तुओं के लिए अपनी आँखें बंद कर लेते हैं, तो हम उन्हें किसी बड़ी वस्तु के लिए खोल देते हैं। यदि आप ध्यान दें, तो आपकी आंखों की पुतलियां कृष्ण रंग की हैं, इन्हें काली भी कहा जाता है। अगर हमारी आंखों में काली पुतली न हो तो हम कुछ भी नहीं देख पाएंगे, ठीक है?

माँ काली ज्ञान की प्रतीक हैं। वे ज्ञान की जननी हैं। वे कोई ऐसी देवी नहीं है जो अपनी जिह्वा बाहर निकालकर आपको डराने का प्रयत्न कर रही हो। यह सब मात्र चित्रण है। वे एक ऐसी ऊर्जा हैं जिसका वर्णन हम अपनी बुद्धि से नहीं कर सकते या समझ नहीं सकते। इसे केवल अनुभव किया जा सकता है।

काली भगवान शिव के ऊपर भी खड़ी हैं। इसका क्या अर्थ है? शिव का अर्थ है अनंत मौन । जब हम शिव के अद्वैत गहन मौन का अनुभव करते हैं, तो हम समझते हैं कि यह हमारा अपना स्वरूप है। जहां हम स्वयं को उच्च ज्ञान के लिए खोलते है, वहां हम काली की ऊर्जा का अनुभव करते हैं।

## दिवाली और धन की देवी

हम दिवाली पर धन की देवी, देवी लक्ष्मी का आह्वान करते हैं और उनका आशीर्वाद मांगते हैं। वे अपने साथ साहस व रोमांच की भावना लेकर आती हैं। आप जानते हैं, धन प्राप्त करने का विचार कई लोगों में रोमांच पैदा करता है। इसलिए धन की देवी का दूसरा संकेत रोमांच की भावना है। तीसरा लक्षण है सौन्दर्य और प्रकाश।

वे एकांगी भक्ति पसंद करती हैं। इसे दशार्ती हुई एक सुंदर कहानी है। कहते हैं कि जब आदि शंकराचार्य केवल 8 वर्ष के थे, तब उन्होंने कनकधारा स्तोत्र की रचना की थी, जो एक बहुत ही लयबद्ध, शक्तिशाली और अर्थपूर्ण छंद है।

कहानी यह है कि एक दिन आदि शंकराचार्य भिक्षा मांगने के लिए एक घर के बाहर खड़े थे। घर की महिला इतनी गरीब थी कि उसके पास चढ़ाने के लिए केवल एक करौंदा था। उसने उसे उनके कटोरे में रख दिया। ऐसा कहा जाता है कि उसकी भक्ति से प्रभावित होकर आदि शंकराचार्य ने लक्ष्मी देवी की स्तुति में कनकधारा स्तोत्र गाया और देवी ने घर में सुनहरे आंवलों की वर्षा की।